You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-174 ❒ शनिवार, 26 जुलाई 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर लिखा कि भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था को ख़त्म करने के साजिशकर्ताओं में एक अमरीकी अरबपति जार्ज सोरोस भी है। भारत से उसकी चिढ़ जगज़ाहिर है।
केशव प्रसाद मौर्य

दूसरे सबसे लंबे समय तक पद पर रहने का कीर्तिमान मोदी ने जनता के जनादेश से किया हासिल : भाजपा 11

पीएम विकसित भारत रोजगार योजना एक अगस्त से होगी लागू 12

### बिजली विभाग को मुख्यमंत्री का साफ संदेश, ट्रिपिंग, ओवरबिलिंग और अनावश्यक कटौती नहीं चलेगी

# व्यवस्था सुधारें अन्यथा कार्रवाई तय : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को ऊर्जा विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रदेश में बिजली व्यवस्था अब केवल तकनीकी या प्रशासनिक विषय नहीं, बल्कि जनता के भरोसे और शासन की संवेदनशीलता का पैमाना बन चुकी है। उन्होंने अफसरों को दो टूक कहा कि ट्रिपिंग, ओवरबिलिंग और अनावश्यक कटौती अब किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। सुधार करना ही होगा।

बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि जून 2025 में उत्तर प्रदेश ने रिकॉर्ड 31,486 मेगावाट की अधिकतम बिजली मांग सफलतापूर्वक पूरी की। इस अवधि में 16,930 मिलियन यूनिट बिजली की आपूर्ति की गई। लगातार बढ़ रही उमस (ह्यूमिडिटी) और तापमान ने खपत को अप्रत्याशित रूप से बढ़ाया। इसके बावजूद शहरी क्षेत्रों में औसतन 24 घंटे, तहसील स्तर पर 21.5 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे तक बिजली उपलब्ध कराई गई।मुख्यमंत्री ने ट्रिपिंग की लगातार आ रही शिकायतों पर नाराजगी जताई और निर्देश दिया कि प्रत्येक फीडर की तकनीकी जांच हो। कमजोर स्थानों की पहचान कर तुरंत



व्यवस्था

❒ बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि जून 2025 में उत्तर प्रदेश ने रिकॉर्ड 31,486 मेगावाट की अधिकतम बिजली मांग सफलतापूर्वक पूरी की

सुधार कराया जाए। उन्होंने कहा कि जहाँ ज़रूरत हो, वहां ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता तुरंत बढ़ाई जाए ताकि ओवरलोडिंग की स्थिति न बने। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि फील्ड से प्राप्त वास्तविक शिकायतों का समाधान समयबद्ध ढंग से हो, ताकि जनता को राहत मिले।मुख्यमंत्री ने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों से कहा कि संसाधनों की कोई कमी नहीं है, सरकार ने बिजली उत्पादन, पारेषण और वितरण को मजबूत करने के लिए रिकॉर्ड बजट उपलब्ध कराया है। ऐसे में किसी स्तर पर लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों से उनके क्षेत्रों की आपूर्ति की स्थिति जानने के बाद मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि हर स्तर पर जवाबदेही तय की जाए।बिलिंग व्यवस्था पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ● शेष पेज 11 पर

### जनता की हर समस्या का कराएंगे समाधान : मुख्यमंत्री

गोरखपुर । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने गोरखपुर प्रवास के दौरान शुक्रवार को सुबह जनता दर्शन में आए लोगों से मुलाकात की और आश्वस्त किया कि सरकार जनता की हर समस्या का प्रभावी समाधान कराएगी। मुख्यमंत्री ने ध्यान से सबकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का निस्तारण संवेदनशीलता और तत्परता से किया जाए। इसमें तनिक भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है।गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। ● शेष पेज 11 पर

### योगी सरकार जिलों में ही उपलब्ध करा रही आईसीयू की सुविधा

लखनऊ। योगी सरकार ने पिछले आठ वर्षों में प्रदेश के स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में उल्लेखनीय प्रगति की है, विशेष रूप से गहन चिकित्सा के क्षेत्र में। योगी सरकार ने एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में प्रदेश भर के 40 जिला अस्पतालों में गहन चिकित्सा इकाइयों (आईसीयू) को सक्रिय किया गया है। इससे लोगों के लिए विशेष चिकित्सा उपचार तक पहुंच में बड़ा सुधार हुआ है। सवा साल पहले शुरू हुई यह परिवर्तनकारी पहल 2,100 से अधिक गंभीर रूप से बीमार रोगियों को उनके अपने जिलों में समय पर और उचित उपचार प्राप्त करने में उपयोगी साबित हुई है। इससे इन रोगियों व उनके परिवारीजनों को लखनऊ या दिल्ली दौड़ने में होने वाली आर्थिक व मानसिक पीड़ा से काफी राहत मिली है। डॉक्टर्स ● शेष पेज 11 पर

# प्रधानमंत्री आज तमिलनाडु में 4800 करोड़ की विकास परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ब्रिटेन और मालदीव की राजकीय यात्रा से स्वदेश लौटने के बाद 26 जुलाई को तमिलनाडु के तूतीकोरिन में 4800 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री के दो दिवसीय तमिलनाडु दौरे का कार्यक्रम साझा करते हुए यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि 27 जुलाई को प्रधानमंत्री तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली स्थित गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर में दोपहर करीब 12 बजे आदि तिरुवथिरई महोत्सव के साथ महान चोल सम्राट राजेंद्र चोल प्रथम की जयंती के उत्सव में भाग लेंगे। इस अवसर पर वह महान चोल सम्राट राजेंद्र चोल प्रथम की जयंती पर एक विशेष स्मृति सिक्का भी जारी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ● शेष पेज 11 पर



### धर्मेंद्र प्रधान ने दी नरेन्द्र मोदी को बधाई: बने देश के दूसरे सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले प्रधानमंत्री

भुवनेश्वर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए लगातार 4,078 दिन तक प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए देश के दूसरे सबसे लंबे कार्यकाल तक सेवा देने वाले प्रधानमंत्री बन गए हैं। इस महत्वपूर्ण अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह ● शेष पेज 11 पर

## पुंछ में नियंत्रण रेखा के पास बारूदी सुरंग में विस्फोट

एजेंसी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के पुंछ में शुक्रवार को नियंत्रण रेखा के पास बड़ा हादसा हो गया। बारूदी सुरंग में विस्फोट से एक सैन्यकर्मी बलिदान हो गए। दो जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि कृष्णा घाटी के सामान्य क्षेत्र में गश्त के दौरान बारूदी सुरंग में विस्फोट हो गया। जिसमें अग्निवीर का एक जवान शहीद हो गया और दो अन्य घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें कि इससे पहले भी पुंछ में बारूदी सुरंग में विस्फोट हो चुके हैं। सेना के कई जवान घायल भी हुए हैं। इससे पहले मेंढर के बालाकोट सेक्टर में अग्रिम क्षेत्र में गश्त कर रहे सैनिकों के एक ● शेष पेज 11 पर



राहत

❒ एक जवान बलिदान, दो गंभीर रूप से घायल

❒ पहले भी हो चुके हैं विस्फोट, कृष्णाघाटी में हुआ था ब्लास्ट

### सावरकर विवादास्पद बयान मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी की अंतरिम राहत अवधि बढ़ायी

नयी दिल्ली । उच्चतम न्यायालय ने वीर सावरकर पर विवादास्पद बयान देने के मामले में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को दी गई राहत जारी रखते हुए निचली अदालत के समन पर शुक्रवार को अंतरिम रोक की अवधि अगली सुनवाई तक बढ़ा दी। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने कांग्रेस नेता गांधी की विशेष अनुमति याचिका पर यह आदेश पारित करते हुए कहा कि वह इससे मामले में चार सप्ताह बाद अगली सुनवाई करेगी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने निचली अदालत के समन पर रोक लगाने से इनकार करने वाले इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को विशेष अनुमति याचिका के जरिए चुनौती दी है। अपनी याचिका ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### यूपी में दो आईएएस अधिकारियों का प्रमोशन

लखनऊ। राज्य सरकार ने शुक्रवार को दो आईएएस अधिकारियों का प्रमोशन कर दिया है। शासन की ओर से जारी की गई सूची के मुताबिक उत्तर प्रदेश सरकार ने 1993 बैच के दो आईएएस अधिकारियों आलोक कुमार (द्वितीय) और वीना कुमारी मीना को अपर मुख्य सचिव (एसीएस) के पद पर पदोन्नति दी है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गुरुवार को विभागीय प्रोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक में निर्णय के बाद शुक्रवार को औपचारिक आदेश जारी कर दिए गए। आलोक कुमार ने कई विभागों में अपनी सेवाएं दी हैं। वीना कुमारी मीना वर्तमान में प्रमुख सचिव, चीनी उद्योग, गन्ना विकास और आबकारी विभाग के रूप में कार्यरत हैं। इस पदोन्नति के बाद दोनों अधिकारियों को अब अपर मुख्य सचिव का पदनाम दिया गया है। अब उन्हें 2,25,000 रुपये का वेतनमान प्राप्त होगा।

### लोकसभा में गतिरोध खत्म हुआ सोमवार से सदन में होगा कामकाज

नयी दिल्ली । लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में एक सप्ताह से जारी गतिरोध को खत्म करने के लिए सभी दलों के प्रमुख नेताओं की बैठक बुलायी जिसमें गतिरोध को खत्म कर सोमवार से सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने पर सहमति बन गयी है। लोकसभा सचिवालय की ओर से मिली जानकारी के अनुसार श्री बिरला ने सदन में गतिरोध समाप्त करने के लिए शुक्रवार को सभी दलों के प्रमुख नेताओं की बैठक बुलायी। इस बैठक संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजूए अर्जुन राम मेघवाल के अलावा विभिन दलों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।
उन्होंने कहा कि बैठक में सोमवार से कामकाज सुचारू रूप से चलाने पर सभी विपक्षी दलों के साथ सहमति बन गयी है। इससे पहले आज लोकसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही शुरू होते ही हंगामा कर रहे सदस्यो से आग्रह करते हुए कहा था कि वह सरकार की प्रतिनिधि को बुलाकर विपक्ष के सदस्यों के साथ वार्ता कर समस्या का समाधान निकाल सकते हैंए लेकिन इसके लिए सदस्यों को चर्चा के लिए आना होगा और जानबूझकर सदन में बाधा डालने की प्रवृत्ति छोड़नी होगी। उन्होंने कहा कि गतिरोध दूर करने के लिए सभी को आपस में बात करनी होगी और सदन चलना चाहिए क्योंकि देश की 20.20 लाख की आबादी एक.एक सदस्य से अपने भविष्य की योजनाओं के लिए आस लगाई है और उन्हें उम्मीद रहती है कि संसद में उनके प्रतिनिधि उनके हित के लिए काम करेंगे।

## नरेन्द्र मोदी ने इंदिरा गांधी को पीछे छोड़ते हुए रचा इतिहास: मौर्य

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ । भाजपा के वरिष्ठ नेता व उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने लगातार 4078 दिन तक भारत के प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए इंदिरा गांधी को पीछे छोड़ते हुए नया रिकार्ड कायम किया है। मोदी अब स्वतंत्र भारत के दूसरे सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले प्रधानमंत्री बन गए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने दो कार्यकालों में मिलाकर 4077 दिन तक देश का नेतृत्व किया था। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि बाबा सोमनाथ की धरती से बाबा विश्वनाथ तक की यात्रा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिना किसी राजनीतिक विरासत और न किसी परिवार की बैसाखी के एक ऐसा इतिहास रचा, जो युगों-युगों में कभी विरला ही घटित होता है। अब तक गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में 4,610 दिन और भारत के प्रधानमंत्री के रूप में 4,078 दिन (अभी जारी) कुल 8,688 दिन तक लगातार संवैधानिक पदों पर सेवा देने का गौरव! उपमुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर शुक्रवार को लिखा कि यह केवल एक संख्या नहीं है, यह देश की 140 करोड़ जनता के अटूट विश्वास और प्रेम की उन पर अमिट मुहर है। भारत जैसे विविधतापूर्ण लोकतंत्र में यह उदाहरण 'अद्वितीय' है। महिला सशक्तिकरण और ग़रीबों के लिए कल्याणकारी योजनाओं के कारण उनमें देशवासियों के अटूट भरोसे के साथ वे दुनिया के ● शेष पेज 11 पर



❒ नरेन्द्र मोदी ने तोड़ा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का रिकार्ड

### राज्यसभा में कमल हासन सहित चार सदस्यों ने ली शपथ

नई दिल्ली । अभिनेता से नेता बने मक्कल निधि मय्यम के प्रमुख कमल हासन सहित तमिलनाडु के चार नवनिर्वाचित सदस्यों ने राज्यसभा सदस्यता की शपथ ली। तीन अन्य सदस्यों में पी.विल्सन, एसआर शिवलिंगम और रजति सलमा शामिल हैं। कमल हासन ने तमिल भाषा में शपथ ली। 70 वर्षीय हासन 12 जून को डीएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन के समर्थन से राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुने गए थे।। हासन ने 2017 में भ्रष्टाचार से लड़ने, ग्रामीण विकास और पर्यावरणीय स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपनी पार्टी की स्थापना की थी। 2019 के लोकसभा चुनावों में उनकी पार्टी को लगभग 4 प्रतिशत वोट मिले थे। इसके बाद उन्होंने 2021 का तमिलनाडु विधानसभा चुनाव लड़ा, जहां हासन कोयंबटूर दक्षिण सीट से भाजपा की वनाथी श्रीनिवासन से मामूली अंतर से हार गए थे। कमल हासन के नेतृत्व वाली पार्टी ने 2024 का लोकसभा चुनाव नहीं लड़ा था, बल्कि सत्तारूढ़ डीएमक को अपना समर्थन दिया था। शपथ ग्रहण के बाद बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)● शेष पेज 11 पर

## राजस्थान के झालावाड़ में स्कूल भवन का एक हिस्सा ढहने से सात बच्चों की मौत

### प्रधानमंत्री समेत तमाम नेताओं ने हादसे पर शोक जताया, मुख्यमंत्री ने दिए उच्च स्तरीय जांच के आदेश

एजेंसी

झालावाड़ । राजस्थान के झालावाड़ जिले के मनोहरथाना ब्लॉक के दांगीपुरा थाना क्षेत्र में पीपलोदी गांव में शुक्रवार सुबह एक सरकारी स्कूल की जर्जर इमारत का एक हिस्सा ढह गया। हादसे में सात बच्चों की मौत हो गई, जबकि 25 से अधिक बच्चे घायल हैं। मलबे में दबे बच्चों को शिक्षकों और ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया। सभी घायलों को मनोहरथाना अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से गंभीर रूप से घायल बच्चों को झालावाड़ जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि फिलहाल घायल बच्चो को सही समय पर इलाज दिलाना ही प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सभी घायलों का सरकारी खर्च पर इलाज कराया ● शेष पेज 11 पर



### हिमाचल में 26-31 जुलाई तक भारी बारिश का येलो अलर्ट, 153 मौतों के साथ 1,436 करोड़ का नुकसान

शिमला। हिमाचल प्रदेश में मौसम विभाग ने एक बार फिर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। 26 जुलाई से 31 जुलाई तक लगातार छह दिन कई जिलों में येलो अलर्ट लागू किया गया है। 26 जुलाई को मंडी, शिमला और सिरमौर, 27 जुलाई को ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी, 28 जुलाई को कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर, 29 जुलाई को हमीरपुर, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला, जबकि 30 और 31 जुलाई को भी भारी वर्षा की संभावना जताई गई है। प्रदेश में मानसून के चलते इस सीजन में अब तक भारी तबाही हुई है। 20 जून से अब तक हुई बारिश और आपदाओं में 153 लोगों की मौत हो चुकी है, 252 लोग घायल हुए हैं और 34 लोग अभी भी लापता हैं। मंडी जिले में सबसे ज्यादा 31 लोगों की मौत और 27 लोग लापता हुए हैं। कांगड़ा में ● शेष पेज 11 पर

### सशस्त्र बलों की सैन्य तैयारियां पूरे साल 24 घंटे उच्च स्तर पर बनी रहनी चाहिए

# ऑपरेशन सिंदूर जारी, सेनाएं किसी भी दुस्साहस का जवाब देने के लिए 24 घंटे तैयार : सीडीएस

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली । चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने शुक्रवार को फिर दोहराया कि पाकिस्तान और पीओके में आतंकी संगठनों के खिलाफ भारत का सैन्य अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' जारी है और सेनाएं दूसरी तरफ से किसी भी दुस्साहस का जवाब देने के लिए चौबीसों घंटे तैयार हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सेना के लिए 'शस्त्र' (युद्ध) और 'शास्त्र' (ज्ञान) दोनों सीखना जरूरी है और सशस्त्र बलों की तैयारी का स्तर पूरे साल 24 घंटे बहुत ऊंचा होना चाहिए। सीडीएस चौहान ने कहा कि आज हम उस मोड़ पर खड़े हैं, जिसे 'सैन्य युद्ध में तीसरी क्रांति' कहा जा सकता है। सीडीएस चौहान आज नई दिल्ली में 'नंबर 4 युद्ध और एयरोस्पेस रणनीति कार्यक्रम' के तत्वावधान में 'एयरोस्पेस पावरः भारत की संप्रभुता का संरक्षण और राष्ट्रीय हितों को आगे बढ़ाना' विषय पर सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दोहराया कि हम प्रौद्योगिकी के निरंतर ● शेष पेज 11 पर



❒ चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने शुक्रवार को फिर दोहराया कि पाकिस्तान और पीओके में आतंकी संगठनों के खिलाफ भारत का सैन्य अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' जारी है

### भारत ने आंध्र प्रदेश में यूएवी लॉन्च्ड प्रिसिजन गाइडेड मिसाइल का किया सफल उड़ान परीक्षण

नई दिल्ली । रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले में राष्ट्रीय ओपन एरिया रेंज (एनओएआर) में यूएवी-लॉन्च्ड प्रिसिजन गाइडेड मिसाइल (यूएलपीजीएम)-वी3 का सफल उड़ान परीक्षण किया। इसे डीआरडीओ ने विकसित किया है, जिसे मानवरहित हवाई प्लेटफार्मों के माध्यम से तैनाती के लिए डिजाइन किया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ और उद्योग भागीदारों को बधाई देते हुए कहा कि इससे ● शेष पेज 11 पर

### सेना के लिए खरीदे जाएंगे एयर डिफेंस फायर कंट्रोल रडार, बीईएल से समझौता

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को भारतीय सेना के लिए ?एयर डिफेंस फायर कंट्रोल रडार खरीदने के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ लगभग 2,000 करोड़ रुपये के एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। यह ?रडार स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित? होंगे। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में रक्षा मंत्रालय और बीईएल के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक 70 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री से युक्त ये रडार विमान, हेलीकॉप्टर और ड्रोन सहित हवाई खतरों का पता लगाने में सक्षम होंगे, जिससे वायु रक्षा रेजिमेंटों की परिचालन तत्परता ● शेष पेज 11 पर

## एसआईआर का मकसद सिर्फ वोटों का अधिकार छीनना: खरगे

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को चुनाव आयोग की मतदाता सूची को अपडेट करने से जुड़ी प्रक्रिया विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर सवाल खड़े किए और कहा कि भारतीय जनता पार्टी इसके माध्यम से वोटर लिस्ट को बदलकर लोगों के वोटों का अधिकार छीनना चाहती है। खरगे ने यहां के ताल कटोरा स्टेडियम में कांग्रेस के ओबीसी मोर्चा की ओर से आयोजित भागीदारी न्याय सम्मेलन में आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी की सरकार ने दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों तथा महिलाओं के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। उनकी पार्टी की मांग है कि देश में जातिगत जनगणना होनी चाहिए और आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा ख़त्म होनी चाहिए। सम्मेलन में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी भाग लिया। जातिगत जनगणना को लेकर खरगे ने राहुल के पक्ष की सराहना की और कहा कि हमें उनका साथ देना चाहिए। राहुल पिछड़ों और वंचितों का साथ देते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी के ओबीसी होने पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि वह 'अपर कास्ट' थे और मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने अपने समुदाय को पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल करा दिया। इसके बाद से वे स्वयं को पिछड़े वर्ग से और सताया हुआ बताते हैं लेकिन वे सब को सता रहे हैं।



कांग्रेस अध्यक्ष ने इस बात का उल्लेख किया कि चुनाव आयोग मतदाता सूची को अपडेट करने से जुड़ी प्रक्रिया विशेष गहन पुनरीक्षण को बिहार के बाद पूरे देश में लागू करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह गरीबों को खत्म करने का एक तरीका है। सरकार ● शेष पेज 11 पर

# प्रयागराज में 'रबड़' बन गई जमीन, आराजी संख्या 344 से जुड़ा बड़ा भूमि घोटाला उजागर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज । सदर तहसील अंतर्गत पोंगहट बमरौली क्षेत्र में जमीन से जुड़ा एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां आराजी संख्या 344 में मात्र 8.5 बीघा भूमि खतौनी में दर्ज है, लेकिन अब तक 25 बीघा से अधिक रजिस्ट्री की जा चुकी है। स्थानीय निवासियों ने इस भूमि को ''रबड़ जैसी'' बताते हुए प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल खड़े किए हैं। सूत्रों के मुताबिक, भू-माफिया ''जूझ भाग'' लिखवाकर बार-बार एक ही भूमि के टुकड़े अलग-अलग लोगों को बेचते रहे, और संबंधित लेखपाल ने ?25,000 की दर से दाखिल-खारिज की स्वीकृति देकर इस घोटाले को वैधानिक रूप देने में भूमिका निभाई।अरजीत संख्या 344 की खतौनी में अब तक 80 से अधिक लोगों के नाम दर्ज हो चुके हैं। इसी तरह, मुंडेरा, काशीपुर, मरियाडीह, रसूलपुर, नीवा, सिलना, भीटी और विशनापुरी कॉलोनी जैसे क्षेत्रों में भी सरकारी जमीन पर कब्जा कर अवैध प्लाटिंग और निर्माण का सिलसिला जारी है।कानूनों की खुली धज्जियांः सरकारी जमीन पर कब्जा, अवैध निर्माण और बिना नक्शा मंजूरी के मकानजांच में सामने आया है कि भू-माफिया ने गौशाला, बंजर और ऊसर जैसी सरकारी जमीनों पर फर्जी आराजी नंबर दिखाकर प्लॉट बेचे, जबकि कब्जा किसी और ज़मीन पर दिलवाया गया। उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973, तथा ऋ्रए की धारा 420, 467, 468, 120उ, और लोक संपत्ति क्षति अधिनियम, 1984 जैसे सख्त कानूनों के बावजूद न तो ठोस जांच हो रही है, न ही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई।राजस्व संहिता 2006 (उत्तर प्रदेश) की धारा 28 और 34 स्पष्ट करती हैं कि खतौनी में दर्ज भूमि का नामांतरण सीमांकन और सत्यापन के बाद ही हो सकता है, लेकिन इस मामले में राजस्व विभाग और लेखपालों की मिलीभगत से लगातार फर्जी रजिस्ट्री हो रही है। प्रशासनिक उदासीनता का आलम यह है कि हजारों मकान बिना पीडीए से नक्शा पास कराए ही बन चुके हैं।एफआईआर दर्ज लेकिन कार्रवाई अधूरी, भू-माफिया और नेताओं की संलिप्तता उजागर28 जून 2025 को ईवीएम गोदाम के लिए आरक्षित सरकारी भूमि पर हुए अवैध कब्जे को पीडीए सचिव अजीत सिंह, तहसील प्रशासन और पुलिस ने मिलकर खाली कराया, जिसके बाद थाना पूरामुफ्ती में एफआईआर दर्ज हुई। इस मामले में जैद, जसीम, प्रमोद और हरिश्चंद्र केसरवानी के नाम सामने आए। वहीं चार मह पहले 21 मार्च को थाना धूमनगंज में 10 भू-माफियाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया, जिसमें जैद, जसीम, फहीम, प्रमोद केसरवानी, अबरार, बुद्धा वासिक, धीरेन्द्र, ओसैद, उदय यादव,जफर ,आबिद और विधायक वाचस्पति, जैसे प्रभावशाली लोगों के नाम भी शामिल हैं। जैद और कई लोगों के खिलाफ जमीन से जुड़े मामलों में कई मुकदमे लिखे गए थे। अ0स0 212 थाना कर्नलगंज में दिनांक 31 मई 2024 को विजय पुत्र रामदीन निवासी नया पुरवा तथा एक मुकदमा थाना पुरामुफ्ती अ0स0 06 दिनांक 13 जनवरी 2025 लिखाया है । इसी तरह लाडे पुत्र मुनीर निवासी धूमनगंज ने दिनांकों 30 जनवरी 2016 को अ0स0 57 लिखाया है । इसी तरह इमरान आदि पर अ0स0 440 दिनांक 2018 में 15 अगस्त 2018 में जे0ई पीएन पांडे जोन 2 बी,ने करेली में मुकदमा लिखाया है ।प्रश्न यह है कि जब खतौनी में केवल 8.5 बीघा जमीन दर्ज है, तो उससे तीन गुना अधिक रजिस्ट्री किस आधार पर की गई? क्या जिलाधिकारी प्रयागराज और सदर तहसील प्रशासन इस घोटाले की गहन जांच कर दोषियों पर कानूनी कार्रवाई करेंगे या फिर यह मामला भी काग़ज़ों की धूल तले दब जाएगा? यह रिपोर्ट प्रयागराज क्षेत्र में भूमाफिया, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक उदासीनता से जुड़े बड़े घोटाले का खुलासा करती है, जो भूमि प्रबंधन और शहरी नियोजन के नियमों के खिलाफ खुलेआम चुनौती है।

**खतौनी में 8.5 बीघा, रजिस्ट्री 25 बीघा से अधिक , प्रशासनिक लापरवाही या सुनियोजित साजिश**

## कीडगंज पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 880 ग्राम अवैध गांजा और नकदी के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



प्रयागराज। थाना कीडगंज पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान के तहत एक अहम सफलता हासिल की है। पुलिस ने दो अभियुक्तों को अवैध गांजा रखने के आरोप में गिरफ्तार कर उनके पास से 880 ग्राम गांजा और 905 रुपये नकद बरामद किए हैं। दोनों आरोपी किराए के मकान में रहकर गांजा तस्करी का काम कर रहे थे।गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सत्यदेव त्रिपाठी पुत्र राजेश त्रिपाठी, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम जुगराजपुर, थाना सराय अकिल, जनपद कौशांबी और देवकुमार दुबे पुत्र कृष्णा प्रसाद दुबे, उम्र 34 वर्ष, निवासी ग्राम जुगराजपुर, थाना सराय अकिल, जनपद कौशांबी के रूप में हुई है।दोनों को सतीश जायसवाल के मकान (608/770 खलासी लाइन) में किराए पर लिए गए कमरे से गिरफ्तार किया गया, जहां वे भांग की दुकान की आड़ में अवैध गांजे की तस्करी कर रहे थे। गिरफ्तारी 24 जुलाई 2025 को मुखबिर की सूचना पर की गई।इस संबंध में थाना कीडगंज में मु0अ0सं0 142/2025, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।पुलिस अधीक्षक ने टीम को इस सफलता के लिए सराहा है और आगे भी नशा व तस्करी के खिलाफ अभियान जारी रखने का निर्देश दिया है।

## उपरिगामी पुल निर्माण के कारण छात्र व किसान परेशान

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। इन दिनों गोसाईगंज में मोहनलालगंज मार्ग पर रेलवे क्रासिंग के ऊपर आम जनता के आवागमन के लिए पुल के निर्माण का कार्य चल रहा है।इस रोड निर्माण के कारण स्थानीय लोगों के साथ ही विद्यार्थियों को को भी स्कूल तक पहुंचने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।इस मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के तहसील अध्यक्ष हौसलेंद्र पटेल की ओर से उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निर्माण निगम के प्रबंध निदेशक को पत्र भेजकर समस्या के निस्तारण की की बात कही गई थी। भाकियू नेता की ओर से पत्र में लिखा गया है कि इस पुल के निर्माण से लगभग 5000 विद्यार्थियों का भविष्य अधर में लटक जायगा क्योंकि छात्रों के विद्यालय पहुंचने के लिए इसके अतिरिक्त दूसरा कोई अन्य रास्ता नहीं है। इस मामले को लेकर उपजिलाधिकारी को 4 जून को पत्र देकर कार्यवाही करते हुए छात्र/किसान समस्या के निस्तारण की मांग की गई थी साथ ही निदान नहीं होने की दशा में पुल निर्माण का कार्य रोकवाने के लिए किसानों द्वारा आंदोलन किए जाने की बात कही गई है।

## डीके फाइट क्लब का बेल्ट टेस्ट हुआ संपन्न

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। कैनविज टाइम्स संवाददाता। डी के फाइट के खिलाड़ियों का बेल्ट टेस्ट संपन्न हुआ। जिसमें इस मौके पर चीफ गेस्ट हरक्यूलिस कंपनी के ऑनर मो0 सैय्यद मुसब्बिर अली रहे। जिन्होंने सभी खिलाड़ियों को मेडल और सर्टिफिकेट दिए। डीके फाइट के डायरेक्टर दीपेन्द्र मौर्या ने बताया कि इस कलर बेल्ट टेस्ट प्रतियोगिता में तीन ब्रांच के पचास से ज्यादा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। पूर्वांस जायसवाल को बेस्ट फाइटर का अवॉर्ड मिला। तो वहीं रितेश गुप्ता को बेस्ट स्टूडेंट्स ऑफ ईयर का अवॉर्ड मिला।



## रंगारंग पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से वीर शहीदों को श्रद्धांजलि

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज में कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर वीर शहीदों की शौर्यगाथा को नमन करते हुए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स ने रंगीन पोस्टर्स के माध्यम से कारगिल युद्ध में भारतीय वीरों के अद्भुत साहस, बलिदान और राष्ट्रभक्ति को सजीव रूप में प्रस्तुत किया। यह कार्यक्रम लेफ्टिनेंट डॉ. सरिता सिंह के मार्गदर्शन तथा कॉलेज की प्राचार्या डॉ. बीना राय के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रूप में प्रो. उपमा चतुर्वेदी, डॉ. मानसी शुक्ला एवं डॉ. दिव्या कपूर उपस्थित रहीं, जिन्होंने छात्राओं की रचनात्मक प्रस्तुतियों का मूल्यांकन करते हुए विजेताओं की घोषणा की। वहीं पोस्टर प्रतियोगिता में कैडेट दीक्षा सिंह ने प्रथम स्थान, वैसे निशिता साहनी ने द्वितीय स्थान तथा कैडेट मंच गौतम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## शंकर कनौजिया बने भाजपा पश्चिम मंडल-4 के मंडल महामंत्री

लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी, उत्तर प्रदेश के लखनऊ महानगर के पश्चिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मंडल संख्या-4 की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। इस कार्यकारिणी में शंकर कनौजिया को मंडल महामंत्री के पद की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी द्वारा जारी सूची के अनुसार, मंडल अध्यक्ष का दायित्व संदीप तिवारी को सौंपा गया है, जबकि मंडल उपाध्यक्ष, मंत्री और अन्य प्रमुख पदों पर भी नई नियुक्तियाँ की गई हैं। कुल 18 शक्ति केंद्रों और 92 बूथों के लिए गठित इस मंडल समिति में सभी वर्गों और अनुभवी कार्यकर्ताओं को स्थान दिया गया है। शंकर कनौजिया इससे पहले भी संगठन में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं और संगठनात्मक अनुभव रखते हैं। यह कार्यकारिणी भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक मजबूती और आगामी चुनावों की तैयारी को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है। पार्टी पदाधिकारियों का कहना है कि नये नियुक्त सदस्यों से अपेक्षा है कि वे बूथ स्तर तक पार्टी की नीतियों और जनहित कार्यों को पहुँचाएँगे। शंकर कनौजिया की नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों ने उन्हे शुभकामनायें दी।

## पंखे के कुंडे से लटकता मिला युवक का शव

बीकेटी,लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। सैरपुर थाना अंतर्गत शुक्रवार सुबह एक युवक का शव बंद मकान में छत में लगे पंखे के हुक से गमछे के सहारे लटका हुआ पाया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार सैरपुर बाज़ार के निकट रैथा रोड़ के किनारे एक मकान में निर्माण कार्य चल रहा था और उसी के बगल में बंद मकान से काफ़ी दुर्गंध आ रही थी जिसके बाद वहा पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी और जिसके बाद सूचना पर पुलिस उस मकान के अंदर पहुंची जहा मकान में छत में लगे पंखे के हुक से गमछे के सहारे एक युवक का कई दिनों पुराना शव लटक रहा था पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलवाकर साक्ष्य एकत्रित करवाकर शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।वही मृतक युवक लल्लन तिवारी(45) निवासी मछरेहटा सीतापुर के रूप में हुई जो इस अर्धनिर्मित मकान में टीनशेड डालकर रहता था तथा उसके एक बेटा भी है जो शहर से बाहर नौकरी करता है।वही थाना प्रभारी सैरपुर मनोज कोरी ने बताया कि रैथा रोड़ सैरपुर बाज़ार के निकट एक अर्धनिर्मित मकान में एक युवक का शव लटकता हुआ पाया गया है,पुलिस ने साक्ष्यौं को एकत्रित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया,जांच जारी है मौत का असली कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चल सकेगी।

## एकेटीयू में ऑनलाइन इंटर्नशिप के प्रतिभागी छात्रों को वितरित किया गया प्रमाणपत्र

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में शुक्रवार को ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग और आइबीएम की ओर से आयोजित ऑनलाइन इंटर्नशिप के प्रतिभागी छात्रों को प्रमाणपत्र वितरित किया गया। छात्रों को 60 घंटे का प्रोजेक्ट बेस्ड एक्सपेरिमेंटल लर्निंग वर्चुअल इंटर्नशिप 2025 कराया गया। इंटर्नशिप को 900 छात्रों ने पूरा किया है। इस दौरान छात्रों को नई तकनीकी जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, पाइथन, गिट हब आदि का प्रशिक्षण इंडस्ट्री के विशेषज्ञों ने दिया। इंटर्नशिप में छात्रों से विभिन्न विषयों पर प्रोजेक्ट वर्क भी बनवाये गये। जिसका विशेषज्ञों ने मूल्यांकन किया। इंटर्नशिप के बाद सभी छात्रों को कुलपति प्रो0 जेपी पाण्डेय ने प्रमाण पत्र वितरित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वर्तमान में बिना नई तकनीकी को जाने आगे बढ़ना संभव नहीं है। आज हर क्षेत्र में तकनीकी का दौर है। खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने सभी क्षेत्रों को प्रभावित किया है।

## आलू उत्पादक किसानों की समस्याओं को लेकर रालोद ने उठाई आवाज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व विधायक शिवकरण सिंह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आलू उत्पादक किसानों की बदहाल स्थिति पर चिंता जताते हुए शीघ्र ही हस्तक्षेप की मांग की है। पूर्व विधायक ने अपने पत्र में बताया कि इस समय प्रदेश के किसानों के सामने बड़ी समस्या कोल्ड स्टोरेज में रखे आलुओं का सड़ना है। जिससे उचित मूल्य न मिलने के कारण किसान आलू निकाल भी नहीं पा रहे हैं। शिव करण सिंह ने कहा कि पहले जहां किसानों को आलू का मूल्य 1700 से 1800 रुपये प्रति कुंतल मिल रहा था, वहीं अब यह घटकर औसतन 1000 रुपये तक आ गया है जिसके कारण किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान हालत यह है कि किसानों को अपनी आलू का मूल्य 700 रुपए से भी कम मिल रहा है जबकि 240 रुपए भाड़ा भी देना पड़ रहा है। हजार रुपए का औसत भी नहीं निकल पा रहा है।रालोद महासचिव शिवकरण सिंह ने सरकार से मांग की है कि आलू के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाए और कोल्ड स्टोरेज से आलू निकालने पर प्रति कुंतल 100 रुपये का अनुदान भी दिया जाए। इसके अलावा उन्होंने कहा कि सरकार को किसानों से सीधा क्रय कर उनके भंडारित आलू को मिड-डे मील, राशन और अन्य योजनाओं में उपयोग करना चाहिए ताकि किसानों को राहत मिल सके।

## पूर्व सांसद स्वर्गीय फूलन देवी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखनऊ। मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गोसाईं गंज ब्लॉक की ग्राम सभा लक्ष्मणपुर मजरा अनैया खरगापुर में शुक्रवार को साधन सहकारी समिति लिमिटेड के प्रांगण में वीरांगना पूर्व सांसद स्वर्गीय फूलन देवी की पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राम कुमार निषाद ने की। आयोजन की कमान जोन प्रभारी दिनेश यादव, राम लाल रावत, मो. कयूम एवं ब्रजेशलाला रावत ने संभाली।सभा में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर शामिल हुए। उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में एक साथ मनाए जा रहे शहादत दिवस के अंतर्गत इस सभा को संबोधित किया।श्री पुष्कर ने फूलन देवी के जीवन संघर्ष, उनके साथ हुए अमानवीय व्यवहार तथा उनके द्वारा समाज के वंचित वर्गों के लिए किए गए संघर्षों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि किस प्रकार जेल में रहते हुए भी भाजपा सरकार ने उनके साथ नीच कृत्य किए।इतना सब होते हुए भी उन्होंने महिलाओं और पिछड़े वर्गों की आवाज बनने का कार्य किया।उन्होंने कहा कि नेता जी स्व. मुलायम सिंह यादव ने ऐसे कठिन हालात में फूलन देवी को संसद तक पहुंचाकर उन्हें देश की सबसे बड़ी पंचायत में सम्मान दिलाया।श्री पुष्कर ने जनता से अपील की, कि आने वाले समय में समाजवादी पार्टी को भारी मतों से विजयी बनाएं, जिससे सामाजिक न्याय की आवाज और मजबूत हो।समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव महताब सिंह यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि फूलन देवी के साथ हुआ अन्याय उस समय की व्यवस्था का शर्मनाक चेहरा था, जिसे उन्होंने अपनी संघर्षशीलता से चुनौती दी। समाजवादी पार्टी ने हमेशा से महिलाओं और वंचित वर्गों को सम्मान देने का कार्य किया है।इस श्रद्धांजलि सभा में कई प्रमुख नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया जिनमें विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव, भरत यादव, मया राम वर्मा, संतोष रावत, राम किशोर रावत, मनोज पासवान, सूरज प्रधान, गजराज रावत, अशर्फी लाल धीमान, राम समुझ रावत, सुशील कुमार वर्मा, मो. हनीफ, प्रमोद कश्यप समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## किसान पंचायत में सर्किट रेट बढ़ाने पर हुई चर्चा

**जिला अधिकारी की बातों पर व्यक्त की गई असहमति**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। मोहनलालगंज क्षेत्र में खुझौली निलमथा मार्ग पर पूरनपुर गांव में जमीन की सर्किल रेट को लेकर किसान मजदूर संगठन की प्रदेश जिला और ब्लॉक इकाइयों की मासिक पंचायत बुलाई गई ।पंचायत में प्रदेश अध्यक्ष प्रताप बहादुर ने कल सर्किल रेट के संबंध में जिला अधिकारी की बातों से असहमति जताई।उन्होंने किसानों को गांव-गांव में बैठकर बुलाकर आंदोलन करने के लिए तैयारी करने के लिए कहा। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बताया कि 2014 से लखनऊ जनपद का सर्किल रेट नहीं बढ़ाया गया। उन्होंने कहा कि 2025 में मात्र 15% सर्किल रेट बढ़ाया गया उससे किसान संतुष्ट नहीं हैं।पंचायत में जिला महामंत्री राम सिंह कहा कि 3 जनवरी 2025 को सर्वोच्च न्यायालय न्यायालय द्वारा कर्नाटक राज्य के किसानों को मार्केट रेट की दर से किसानों को मुआवजा देने के लिए निर्देशित किया गया। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश अनुसार उत्तर प्रदेश के लखनऊ जनपद के किसानों को बाजार मूल्य से कम मूल्य स्वीकार नहीं होगा ।

## गोसाईंगंज में गरजा एलडीए का बुलडोजर, तीन अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। एलडीए द्वारा शहर में अवैध निर्माणों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को गोसाईंगंज क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-1 और जोन-2 की संयुक्त टीम ने तीन अवैध प्लाटिंग्स को ध्वस्त कर दिया। इस अभियान के तहत गोसाईंगंज के मोहारी कला और ग्राम-सेमनापुर में कुल मिलाकर लगभग 26 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही अवैध प्लाटिंग को बुलडोजर चलाकर पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान निजी विकासकर्ताओं द्वारा तैयार की गई सड़कें, नालियां, बाउंड्रीवॉल और साइट ऑफिस को भी तोड़ दिया गया। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि बृजेन्द्र वर्मा उर्फ कल्लू नेता और अन्य लोगों द्वारा मोहारी कला स्थित न्यू जेल रोड पर नवीन मंडी स्थल के पास लगभग 16 बीघा भूमि पर बिना अनुमति के अवैध कॉलोनी बसाई जा रही थी। इस प्लाटिंग का कोई ले-आउट एलडीए से स्वीकृत नहीं कराया गया था। मामले में एलडीए ने विहित न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया, जिसके बाद न्यायालय द्वारा ध्वस्तीकरण आदेश पारित किया गया। जिसके चलते प्रवर्तन टीम ने मौके पर पहुंचकर पूरी प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। इसी क्रम में प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी प्रभाकर सिंह ने बताया कि भारत कुमार, वरदानी और दिनेश द्वारा ग्राम सेमनापुर में लगभग 2 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। इसके अलावा रमेश कुमार शुक्ला व अन्य द्वारा भी सेमनापुर में 8 बीघा भूमि पर अनाधिकृत प्लाटिंग की जा रही थी। दोनों मामलों में न तो ले-आउट की स्वीकृति ली गई थी, और न ही किसी तरह की वैधानिक अनुमति प्राप्त की गई थी। एलडीए प्रवर्तन टीम ने मौके पर पहुंचकर इन दोनों स्थानों की अवैध प्लाटिंग को भी ध्वस्त कर दिया। एलडीए अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि प्राधिकरण की ओर से बिना स्वीकृति कॉलोनी विकसित करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। मानक जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी सत्र 2024-25 का आयोजन शुक्रवार को राजकीय जुबली इंटर कॉलेज, लखनऊ में आयोजित किया गया। जिसमें रामाधीन सिंह इंटर कॉलेज, बाबूगंज लखनऊ के तीन विद्यार्थियों सौम्या पटेल ( मॉडल - सोलर स्ट्रीट लैम्प विथ अम्ब्रेला कैनोपी), देवाशीष रंजन ( मॉडल - इलेक्ट्रिसिटी जनरेशन फ्रॉम विंड एंड इट्स यूज) व हरीश कश्यप ( मॉडल - रिवर वेस्ट क्लीनिंग मशीन) ने विज्ञान शिक्षक डॉ. आलोक कुमार सचान व गणित शिक्षक विकास सिंह के मार्गदर्शन मे प्रतिभाग किया। रामाधीन सिंह इंटर कॉलेज की प्रतिभागी सौम्या पटेल द्वारा प्रस्तुत मॉडल का प्रस्तुतीकरण बहुत ही सराहनीय रहा और इनके मॉडल (सोलर स्ट्रीट लैम्प विथ अम्ब्रेला कैनोपी) को राज्य स्तरीय प्रदर्शनी हेतु चयनित किया गया। समापन समारोह में प्रधानाचार्य रामाधीन सिंह इंटर कॉलेज डॉ शिव कुमार यादव की उपस्थिति में सभी प्रतिभागियों को जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## लेजर एंजियोप्लास्टी तकनीक लाकर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान ने चिकित्सा क्षेत्र में हासिल नयी उपलब्धि

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। लखनऊ के डॉ राममनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के कार्डियोलॉजी विभाग में चार मरीजों की लेजर तकनीक से कोरोनरी एंजियोप्लास्टी की गई। इस सफलता के साथ ही लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान उत्तर प्रदेश का पहला व उत्तर भारत का पहला सरकारी संस्थान बन गया जहां लेज़र से एंजियोप्लास्टी की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक लेजर एंजियोप्लास्टी से उन मरीजों के लम्बे समय से ब्लॉक नसों को खोला गया। वहीं, यह भी बताया जाता है कि दो मरीज ऐसे भी थे जिनके पुराने लगे हुए स्टंट सिकुड़ गए थे और उनमें कैल्सियम जम गया था।इन मरीजों में लेजर से पुराने स्टंट को साफ किया गय, फिर दोबारा एंजियोप्लास्टी की गई। ख़ास बात यह है कि लेजर से एंजियोप्लास्टी की सुविधा भारत के कुछ चुनिंदा संस्थानों में ही उपलब्ध है। लेजर तकनीक उन मरीजों के लिए वरदान की तरह है जहां अन्य एंजियोप्लास्टी तकनीक विफल हो जाती है एवं मरीज को बाईपास सर्जरी के लिए भेज दिया जाता है। बताया जाता है कि लेजर, नसों में जमें हुए कोलेस्ट्रॉल को, हृदय रोग के मरीजों के नसों में बने खून के थक्कों को गला देती है व खून का प्रवाह ठीक करती है। पर, लेजर से एंजियोप्लास्टी एक जटिल एंजियोप्लास्टी है। वहीं, बजट के हिसाब से देखें तो लेजर एंजियोप्लास्टी में एक सामान्य एंजियोप्लास्टी की अपेक्षा अतिरिक्त खर्चा आता है।सूत्रों के मुताबिक लेजर एंजियोप्लास्टी करने वाली टीम में प्रोफ़ेसर सुदर्शन कुमार विजय, प्रोफ़ेसर अमरेश सिंह, डॉक्टर अभिजीत, डॉक्टर शिखर, डॉक्टर सैयद अकरम, व पैरामेडिकल स्टाफ में प्रियरंजन,करुणिका व नर्सिंग स्टाफ शैलजा एवं अजय शामिल रहे। यह लेजर एंजियोप्लास्टी चेन्नई से मंगाई गई। हालांकि, अभी संस्थान में एंजियोप्लास्टी की सुविधा पोर्टेबल लेजर मशीन से उपलब्ध है।-: क्या होता है एंजियोप्लास्टी एंजियोप्लास्टी एक ऐसी प्रक्रिया है जो प्लाक जमा होने वाली धमनियों को खोलकर ब्लड के प्रवाह का आसान बनाती है। एंजियोप्लास्टी में एक छोटा मेडिकल बैलून शामिल होता है जो अवरूद्ध हो चुके स्थानों से प्लाक को बाहर निकालता है। आमतौर पर एंजियोप्लास्टी को सुरक्षित प्रक्रिया या तकनीक समझा जाता है। यह हार्ट रोग से सम्बन्धित बाइपास सर्जरी आदि प्रक्रिया की तुलना में थोड़ी आसान मानी जाती है।-: लेजर एंजियोप्लास्टी तकनीक कोरोनरी लेजर एंजियोप्लास्टी तकनीक को चिकित्सा प्रक्रिया में एक अत्याधुनिक विधि माना जाता है। यह प्लाक के कारण होने वाली धमनियों के रूकावटों के इलाज हेतु सीएबीजी (कोरोनरी धमनी बाइपास ग्राफ्ट) सर्जरी की आवश्यकता को समाप्त कर देती है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल–वाणिज्य / उ०रे० |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 12237-SLR-F1-BSB-JAT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 24.07.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.08.2025 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 08.08.2025 at 10:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 14260-SLR-R1-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 24.07.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.08.2025 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 08.08.2025 at 10:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 20401-SLR-F1-BSB-LKO-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 24.07.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.08.2025 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 08.08.2025 at 10:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 20402-SLR-R1-LKO-BSB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 24.07.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.08.2025 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 08.08.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 20401-SLR-F2- BSB-LKO-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 24.07.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.08.2025 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 08.08.2025 at 11:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 22178-22177-VP-1-BSB-CSMT-25-5 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 24.07.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.08.2025 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 08.08.2025 at 11:20 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

No.: C/SLR Leasing contract-2019/KS/SJK Date: 25.07.2025 2271/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# वीरांगना फूलन देवी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। गोसाईं गंज ब्लॉक स्थित ग्राम सभा लक्ष्मणपुर मजरा अनैया खरगापुर में शुक्रवार को साधन सहकारी समिति लिमिटेड के प्रांगण में वीरांगना पूर्व सांसद श्रीमती फूलन देवी जी की पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राम कुमार निषाद ने किया।सभा में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर शामिल हुए। उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार प्रदेशभर में एक साथ मनाए जा रहे शहादत दिवस के अंतर्गत इस सभा को संबोधित किया। पुष्कर ने फूलन देवी के जीवन संघर्ष, उनके साथ हुए अमानवीय व्यवहार तथा उनके द्वारा समाज के वंचित वर्गों के लिए किए गए संघर्षों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि किस प्रकार जेल में रहते हुए भी उन्होंने सब कुछ सहते हुए महिलाओं और पिछड़े वर्गों की आवाज बनने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि नेता जी स्व. मुलायम सिंह यादव ने ऐसे कठिन हालात में फूलन देवी को संसद तक पहुंचाकर उन्हें देश की सबसे बड़ी पंचायत में सम्मान दिलाया। पुष्कर जी ने जनता से अपील की कि आने वाले समय में समाजवादी पार्टी को भारी मतों से विजयी बनाएं, जिससे सामाजिक न्याय की आवाज और मजबूत हो।

इस श्रद्धांजलि सभा में कई प्रमुख नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया जिनमें विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव, भरत यादव, मया राम वर्मा, संतोष रावत, राम किशोर रावत, मनोज पासवान,अशर्फी लाल धीमान, सुशील कुमार वर्मा, प्रमोद कश्यप, अर्चना रावत, अंबुज वर्मा, आशीष सिंह, विजय यादव, बरजोर सिंह यादव, ओमकार लोधी, जब्बार हुसैन, राम गुलाम धीमान, राजेश कुमार , रामेश्वर कश्यप, राज बहादुर निषाद, सुखमी, दिनेश यादव, अरिमर्दन रावत, त्रिभुवन , संतोष यादव, सन्त राम , हरी शंकर रावत सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण मौजूद रहे। इस श्रद्धांजलि सभा के माध्यम से नारी सम्मान, सामाजिक न्याय और पिछड़े वर्गों की आवाज को फिर से बुलंद करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में फूलन देवी जी के विचारों और उनके संघर्ष को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया।

**समाजवादी नेताओं ने किया नारी सम्मान और सामाजिक न्याय पर जोर**

# सीएम योगी करेंगे भारत के पहले एआई-ऑगमेंटेड मल्टीडिसिप्लिनरी विश्वविद्यालय का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को प्रदेश को एक और ऐतिहासिक उपलब्धि देने जा रहे हैं। उन्नाव जनपद में भारत के पहले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ऑगमेंटेड मल्टीडिसिप्लिनरी विश्वविद्यालय ''चंडीगढ़ विश्वविद्यालय'' के उत्तर प्रदेश परिसर का उद्घाटन करेंगे। यह विश्वविद्यालय लखनऊ-कानपुर राजमार्ग पर स्थापित किया गया है और तकनीकी, रोजगारोन्मुखी तथा वैश्विक स्तर की शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

एआई आधारित टेक्नोलॉजी की मदद से संचालित होंगे सभी कोर्सेजप्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि ख्मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीते छह वर्षों में ऐसा सकारात्मक और विश्वासपूर्ण वातावरण बना है। देश-विदेश के प्रतिष्ठित संस्थान अब उत्तर प्रदेश में निवेश कर रहे हैं। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय का आगमन इसी का प्रमाण है।ङ्क उन्होंने बताया कि चंडीगढ़ विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भारत की शीर्ष पांच यूनिवर्सिटी में शामिल है। यहां पर सभी कोर्सेज एआई आधारित टेक्नोलॉजी की मदद से संचालित किए जाएंगे, जिससे छात्र भविष्य की वैश्विक आवश्यकताओं के अनुसार दक्ष बनेंगे। सरल, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की प्रतिबद्धताउन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की नीति सभी छात्रों को सरल, सहज, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की है। अब तक प्रदेश में लगभग 20 निजी विश्वविद्यालय स्थापित हो चुके हैं। 8 सरकारी विश्वविद्यालय भी बनकर तैयार हो चुके हैं। सरकार द्वारा सभी विश्वविद्यालयों को यह निर्देश दिए गए हैं कि वे ऐसे पाठ्यक्रम तैयार करें जो रोजगारोन्मुखी, तकनीकी और अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा को बढ़ावा दें। एआई आधारित शिक्षा से छात्रों की नवाचार क्षमता बढ़ेगी और स्टार्टअप संस्कृति को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

**उन्नाव में शुरु हो रहा चंडीगढ़ विश्वविद्यालय का नया परिसर**

## बचत खातों में न्यूनतम शेष राशि न रखने पर लगने वाले शुल्क से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया दे रहा छूट

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा, वित्तीय समावेशन और ग्राहक-केंद्रित बैंकिंग की भावना के अनुरूप, सितंबर 2025 को समाप्त तिमाही से सामान्य बचत खातों में न्यूनतम शेष राशि न रखने पर लगने वाले शुल्क से छूट प्रदान की जा रही है। इस पहल का उद्देश्य ग्राहकों के लिए बुनियादी बैंकिंग सेवाओं में एकरूपता, निष्पक्षता सुनिश्चित करना और उनकी एक्सेसीबिलिटी बढ़ाना है। हम समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं और हमारा मानना है कि यह पहल वंचित वर्ग के साथ हमारे जुड़ाव को और मज़बूत बनाएगा। प्रधानमंत्री जन-धन योजना खातों, पेंशनभोगियों और वरिष्ठ नागरिकों के बचत खातों में न्यूनतम शेष राशि न रखने पर लगने वाले शुल्क से पहले ही छूट दी जा चुकी है। हालाँकि, यह छूट बचत खातों के अन्य अनुकूलित उत्पादों पर लागू नहीं है ।

# छात्रों को केवल पुस्तक ज्ञान नहीं, बल्कि व्यवहारिक अनुभव और निर्णय लेने की क्षमता भी चाहिए : प्रो0 आलोक कुमार राय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रबंधन संकाय ने अपने नवस्थापित सिमुलेशन लैब के उद्घाटन के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। यह अत्याधुनिक सुविधा प्रबंधन छात्रों के लिए शिक्षा के अनुभव को पूर्णतः नया स्वरूप देने के उद्देश्य से तैयार की गई है। सिमुलेशन लैब अकादमिक शिक्षण और वास्तविक व्यावसायिक परिदृश्यों के बीच की खाई को पाटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह छात्रों को एक सुरक्षित वातावरण में सिद्धांतों को व्यवहार में उतारने, निर्णय लेने की क्षमता, आलोचनात्मक सोच और उद्योग की मांगों के अनुरूप तैयार होने का अवसर प्रदान करती है। उद्घाटन समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि प्रोफ़ेसर आलोक कुमार राय के आगमन से हुई। प्रोफ़ेसर आलोक कुमार राय ने मुख्य भाषण दिया, जिसमें उन्होंने अपने शैक्षणिक जीवन में देखे गए परिवर्तनों का उल्लेख करते हुए सिमुलेशन लैब को समय की मांग बताया। उन्होंने कहा कि आज के वैश्विक, जटिल और प्रतिस्पर्धात्मक व्यावसायिक वातावरण में छात्रों को केवल पुस्तक ज्ञान नहीं, बल्कि व्यवहारिक अनुभव और निर्णय लेने की क्षमता भी चाहिए, और सिमुलेशन जैसी पहलें इसी दिशा में कारगर हैं। प्रमुख उद्घाटनों में वर्क्स विभाग में स्थित विश्वेश्वरैया सेमिनार हॉल, 1250 केवीए का कॉम्पैक्ट विद्युत सबस्टेशन, तथा 11 केवीए एचटी भूमिगत केबल का लोकार्पण शामिल रहा, जिससे विश्वविद्यालय की अधोसंरचना को सुदृढ़ किया गया है। इसके अतिरिक्त, रसायन विज्ञान विभाग में पी.सी. रे सेंट्रल फैसिलिटी फॉर कंप्यूटेशनल रिसर्च तथा भौतिकी विभाग में एक नया शोध केंद्र भी उद्घाटित किए गए, जिनसे वैज्ञानिक नवाचार और अनुसंधान क्षमताओं को बल मिलेगा। इसी क्रम में, राजनीति विज्ञान विभाग में प्रो. वी.एस. राम म्यूज़ियम का भी प्रोफ़ेसर आलोक कुमार राय द्वारा उद्घाटन किया गया, जो विभाग की शैक्षणिक और ऐतिहासिक विरासत को सम्मानित करता है।

**लखनऊ विश्वविद्यालय में हुआ सिमुलेशन लैब का उद्घाटन**

## पीएनबी ने पूरे भारत में आयोजित किया मेगा एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। पंजाब नैशनल बैंक ने एमएसएमई क्षेत्र को सशक्त बनाने एवं जमीनी स्तर पर उद्यमिता को आगे बढ़ाने के अपने संकल्प को मजबूत करते हुए देश भर में 200 से अधिक स्थानों पर 25 जुलाई को मेगा एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया। इस आउटरीच कार्यक्रम में पीएनबी के शीर्ष नेतृत्व ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जिसमें एमडी एवं सीईओ अशोक चंद्र ने लुधियाना में आउटरीच कार्यक्रम का नेतृत्व किया व कार्यपालक निदेशकों और कॉर्पोरेट कार्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न स्थानों पर भाग लिया, जो एमएसएमई और ग्राहक-केंद्रित बैंकिंग के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को उजागर करता है।

## स्कूटी में टक्कर मारने के बाद डिवाइडर से टकराई कार, चालक से अवैध पिस्टल बरामद, जप्त कर भेजा गया बाल सुधार ग्रह

सरोजनीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता। इलाके में गुरुवार देर रात एक तेज रफ्तार एक्सयूवी 300 कार ने एक स्कूटी सवार को टक्कर मार दी।इसके बाद कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में स्कूटी सवार चिल्लावां निवासी अंजार खान (30) चोटिल हो गए। उन्हें तुरंत इलाज के लिए सरोजनीनगर सीएचसी पहुंचाया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उन्हे छुट्टी दे दी गई। घटना थाना क्षेत्र के कानपुर रोड पर स्थित शांति नगर के पास हुई। यहीं की सैनिक हाउसिंग कालोनी निवासी कार चालक ( 17 ) आलमबाग की तरफ जा रहा था। इस घटना में कार चालक अपनी गाड़ी में फंस गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने उसे बाहर निकाला। इस दौरान उसकी पिस्टल नीचे गिर गई। पूछताछ में कार चालक पिस्टल के बारे में कुछ नहीं बता सका। सरोजनीनगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि नाबालिक कार चालक के पास से 32 बोर का एक अवैध पिस्टल और चार जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने पिस्टल और कारतूस को अपने कब्जे में लेकर आरोपी किशोर को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।

## लखनऊ : 25-25 हजार रुपये के तीन इनामी बदमाश गिरफ्तार

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के महानगर क्षेत्र में पुलिस ने गुरुवार देर रात तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया। इन पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित थे। थाना प्रभारी अखिलेश कुमार मिश्रा ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार रात जीआईसी कॉलेज की बाउंड्रीवाल वाली सड़क पर वाहन चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों को घेरकर अभियुक्तों से पूछताछ की। युवकों ने अपना नाम नीरज, पिंटू और प्रकाश चंद्र निवासी कमालगंज, फर्रुखाबाद बताया। तलाशी के दौरान उनके पास से कुछ रुपये बरामद हुए।थाना प्रभारी ने बताया कि तीनों अभियुक्त काफी से जिले में पॉकेट मारने की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। 19 जुलाई को भी तीनों ने महानगर क्षेत्र में जेब काटने की घटना की थी। गिरफ्तार अभियुक्तों पर 25-25 हजार रुपये के इनाम घोषित है। इससे पहले 23 जुलाई की रात को पुलिस ने कुलदीप को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उसने इन तीनों का नाम बताया था, जिसके बाद यह गिरफ्तारी की गई है। पुलिस अभियुक्त के खिलाफ आगे की कार्रवाई कर रही है।

## तिल की खेती को प्रोत्साहन दे रही योगी सरकार

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार तिल की खेती करने वाले किसानों को भी सहारा दे रही है। सरकार बीज पर अनुदान देकर लागत कम और उत्पादन अधिक करने में किसानों की सहायता कर रही है। खरीफ में यूपी में लगभग पांच लाख हेक्टेयर में तिल की खेती की जाती है। कृषि विभाग तिल के बीजों पर 95 रुपये प्रति किग्रा की दर पर अनुदान उपलब्ध करा रहा है। सीएम योगी के निर्देश पर तिल की खेती के लिए कृषि विभाग किसानों को वैज्ञानिक विधि भी सीखा रहा है। तिल का न्यूनतम समर्थन मूल्य 9846 रुपये प्रति कुंतल है। खरीफ मौसम में उत्तर प्रदेश में लगभग 5.0 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में तिल की खेती की जाती है। तिल की खेती विशेष रूप से असमतल (जहां जलभराव में समस्या न हो) भूमि में कम वर्षा वाले क्षेत्र में की जा सकती है। तिल की खेती में कृषि निवेश न के बराबर लगता है, परन्तु तिल का बाजार मूल्य अधिक होने के कारण प्रति इकाई क्षेत्रफल में लाभ होने की सम्भावना अधिक है। तिल की प्रमुख प्रजातियां आर0टी0-346 एवं आर0टी0-351,गुजरात तिल-6, आर0टी0-372, एम0टी0-2013-3 एवं यू0ए0टी0तिल-1 हैं। तिल के बीज बोने से पहले थिरम या कार्बेन्डाजिम 2.5 ग्राम प्रति किग्रा से बीजोपचारित करने से मृदा एवं बीज जनित रोगों से बचाव किया जा सकता है तथा बीजों में अंकुरण बेहतर होता है या जैविक कीटनाशी ट्राइकोडर्मा 4 ग्रा0 प्रति कि0ग्रा0 की दर से बीज उपचारित किया जा सकता है।

# संसद में संविधान को लेकर केंद्र सरकार का बयान सराहनीय: मायावती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को संसद में संविधान को लेकर दिए गए केंद्र सरकार के बयान पर आज प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने संविधान को लेकर ताज़ा विवाद के सम्बंध में संविधान की मंशा के हिसाब से अपनी स्थिति स्पष्ट की है। यह अच्छी बात है। सरकार बिना किसी की परवाह व चिन्ता किए हुए अपने इस स्टैण्ड पर कायम रहेगी, ऐसी उम्मीद सभी को है। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि देश के कानून मंत्री का कल संसद में दिया गया बयान कि, 'संविधान की प्रस्तावना से 'सेक्युलरिज्म' (धर्मनिरपेक्षता) आदि शब्द हटाने सम्बंधी सरकार की ना कोई नीयत है और ना ही ऐसा कुछ विचाराधीन है', उचित एवं सराहनीय है। खासकर बसपा सहित देश व दुनियाभर में उन सभी लोगों के लिए राहत की खबर है। उन्होंने लिखा कि यह अच्छा आश्वासन है, जो बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संविधान में इस प्रकार के किसी भी अनुचित बदलाव या छेड़छाड़ के पूरी तरह विरुद्ध हैं। ऐसी उठने वाली गलत मांग को लेकर चिन्तित भी थे। वैसे भी यह सर्वविदित है कि अपना भारत देश हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध व पारसी आदि विभिन्न धर्मों के मानने वाले लोगों का विश्व की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है। संविधान के जरिए विविधता में एकता की विशेषता इसकी बेमिसाल पहचान दुनियाभर में है। सभी धर्मों के मानने वाले लोगों को एक समान आदर-सम्मान देने व समतामूलक समाज व्यवस्था आदि की सोच को लेकर ही बाबा साहेब ने संविधान रचा और जिसकी झलक संविधान में हर कदम पर मिलती है।

# चंदन अस्पताल में शुरू हुआ यूपी का पहला रोबोटिक हिप ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी सिस्टम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। चंदन अस्पताल ने लखनऊ और उत्तर प्रदेश में एक नई चिकित्सा व्यवस्था की शुरुआत की है। अस्पताल ने पहली बार यहां विश्वप्रसिद्ध 'मेको रोबोटिक आर्म असिस्टेड सर्जरी' की सुविधा शुरू की है, जो अब तक दुनिया के 1,500 से अधिक अस्पतालों में उपयोग की जा रही है और इससे 6 लाख से ज़्यादा सर्जरी हो चुकी हैं। डॉ. नवीन श्रीवास्तव संयुक्त चिकित्सा निदेशक एवं प्रमुख, अस्थि रोग विभाग, चंदन अस्पताल ने बताया कि यह सिर्फ़ तकनीक नहीं, बल्कि इलाज का एक नया युग है। मेको तकनीक की मदद से हम सर्जरी को बेहद सटीकता से कर पाते हैं, जिससे मरीजों को कम दर्द होता है, वो जल्दी ठीक होते हैं और नतीजे ज़्यादा भरोसेमंद होते हैं। मेको तकनीक हर मरीज की हड्डी की बनावट के अनुसार एक थ्री-डी मॉडल तैयार करती है, जिससे डॉक्टर पहले से पूरी योजना बना सकते हैं। सर्जरी के दौरान मैको की एक्यू स्टॉप टीम तक़नीक़ से रियल टाइम फीडबैक मिलता है, जो सर्जन को हर कदम पर नियंत्रित रखता है और आसपास की हड्डियों या सॉफ्ट टिशू को अनावश्यक नुकसान से बचाता है। चंदन अस्पताल में अब टोटल हिप रिप्लेसमेंट(टीएचआर), टोटल नी रिप्लेसमेंट(टीकेआर) और यूनिकॉम्पार्टमेंटल नी रिप्लेसमेंट (यूकेआर) जैसी सर्जरियां नई तकनीक के साथ की जा रही हैं। यह प्रक्रिया पारंपरिक नेविगेशन सिस्टम जैसे जीपीएस-बेस्ड या ऑप्टिकल ट्रैकिंग पर आधारित नहीं है। इसकी जगह हर मरीज के लिए पहले से पेशेंट-स्पेसिफिक प्लानिंग की जाती है, और ऑपरेशन के दौरान जरूरत के मुताबिक बदलाव (इन्ट्रा-ऑपरेटिव कस्टमाइज़ेशन) भी किए जाते हैं। सबसे खास बात यह है कि इसमें रॉबोटिक कटिंग गाइड्स का इस्तेमाल होता है, जिससे हड्डी की कटाई बहुत ही सटीक तरीके से होती है। इससे सर्जरी सुरक्षित, कम दर्द वाली और तेज़ रिकवरी वाली होती है। लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि यह सुविधा सिर्फ़ चुनिंदा लोगों के लिए नहीं है। डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि यह कोई लग्ज़री नहीं, बल्कि आधुनिक इलाज का अधिकार है, जो अब हर मरीज को मिल सकता है। यह सर्जरी ज़्यादातर हेल्थ इंश्योरेंस में कवर होती है और हम इसे सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं से भी जोड़ रहे हैं ताकि किसी भी मरीज़ को आर्थिक कारणों से इससे पीछे न रहना पड़े।

# बनी बंथरा मार्ग पर श्रीं पवन पेट्रोलियम टंकी का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। शुक्रवार को जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज की दूसरी पेट्रोल टंकी का उद्घाटन समारोह का आयोजन मोहनलालगंज क्षेत्र के बनी बंथरा मार्ग स्थित परवर पूरब श्री पवन पेट्रोलियम के नाम से हुआ। जिसका उद्घाटन अमरेन्द्र भारद्वाज ने स्वयं अपनी माता जी व सपरिवार के साथ मिल कर किया। राहगीरों व आसपास के गांवों परवर पूरब , परवर पश्चिम , बहादुर खेड़ा समेत विभिन्न गांव के किसानों ने बताया कि इस पेट्रोल टंकी के यहां खुलने से बहुत राहत मिलेगी। जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज ने बताया कि यह सफल आयोजन ईस्ट देव व हमारे पूर्वजों एवं माता जी के आशीर्वाद से सम्भव हुआ है। पिता जी की स्मृति में दो अलग-अलग मार्गों पर श्री पवन पेट्रोलियम के नाम से खुलीं है। पहली पेट्रोल टंकी नगराम गंगागंज मार्ग स्थित नौबस्ता गांव के समीप है और दूसरी पेट्रोल टंकी परवर पूरब में है , इस मौके पर लखनऊ से सेल्स आफिसर राजेश यादव, मनीष त्रिपाठी, जगदीश द्विवेदी, राजेश द्विवेदी, भसंडा प्रधान ललित शुक्ला, सचिन शर्मा, राजेश मिश्रा, अखिलेश सिंह, प्रिंस सिंह, हरिकृष्ण भारद्वाज, आलोक द्विवेदी, विशाल भारद्वाज, प्रदीप त्रिवेदी, विपुल अवस्थी, अरविन्द यादव, मयंक द्विवेदी, सदाशिव द्विवेदी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज ने अपनी मां के साथ मिलकर किया दूसरे पेट्रोल पंप का उद्घाटन**

# 45 साल से जमीन के हक की लड़ाई लड़ रहे किसान, एलडीए की अनदेखी पर फूटा ग़ुस्सा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



दुबग्गा लखनऊ। बसंत कुंज योजना सेक्टर-ए अंतर्गत स्थित ग्राम छंदोइया के किसानों की ज़मीन को लेकर चल रहा 40 साल पुराना विवाद अब विस्फोटक मोड़ पर पहुँच गया है। लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा बिना उचित मुआवज़ा दिए ज़मीन पर कब्ज़ा करने के प्रयास से किसानों का धैर्य जवाब दे चुका है।

**क्या है मामला?**

बसंत कुंज योजना के तहत वर्ष 1981-83 में ग्राम छंदोइया की भूमि का अधिग्रहण किया गया था। किसानों का कहना है कि एलडीए ने आज तक उन्हें न तो पूरा मुआवज़ा दिया, न ही उनकी आबादी और रास्तों की सुरक्षा सुनिश्चित की।

इतना ही नहीं, एलडीए ने अब तक 272 प्लॉट बिना कब्जा लिए ही आवंटित कर दिए हैं और ज़मीन पर ज़बरन कब्ज़ा करने की कोशिशें की जा रही हैं।

**किसानों का आक्रोश**

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजू गुप्ता, देश अध्यक्ष मोहम्मद हलीम, युवा प्रदेश उपध्यक्ष मोहम्मद कैफ किसानों में रेहान अहमद, चांद खान,शिबू अन्य कई लोगों ने मुख्य रूप से कहा कि एलडीए एक तरफ़ किसानों को ?4-6 प्रति वर्गफुट की दर से मुआवज़ा दे रहा है, वहीं दूसरी ओर वही ज़मीन लाखों में बेच रहा है यह सरासर धोखा है।

किसानों ने चेताया है कि जब तक बाजार दर पर मुआवज़ा और आबादी की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होती, वे कब्जा नहीं देंगे, चाहे प्रशासन कितना भी दबाव बना ले।

**राजनीतिक पत्राचार लेकिन ठोस हल नहीं**

केंद्र सरकार के रक्षामंत्री और लखनऊ पश्चिम के विधायक प्रत्याशी व भाजपा नेता अंजनी कुमार श्रीवास्तव पहले ही एलडीए उपाध्यक्ष को किसानों की सूची और पत्र सौंप चुके हैं।

हाल ही में राज्य के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर किसानों को वर्तमान नियमों के तहत उचित मुआवज़ा दिलाने की सिफारिश की है।

फिर भी आज तक सिर्फ आश्वासन मिलते रहे हैं। समाधान नहीं।

**अब आंदोलन होगा राष्ट्रीय स्तर पर**

भारतीय किसान यूनियन (अवध) ने साफ किया है कि अब यह आंदोलन सिर्फ छंदोइया गांव तक सीमित नहीं रहेगा। अगर जल्द निर्णय नहीं लिया गया, तो राज्यभर में आंदोलन और जरूरत पड़ने पर दिल्ली तक मार्च किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जल्द मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा जाएगा, ताकि सरकार को वास्तविक स्थिति से अवगत कराया जा सके।

# मनरेगा में खुला फर्जीवाड़े का बड़ा खेल

**भिठौरा पंचायत में पोर्टल पर हाजिरी, लेकिन फोटो से गायब महिलाएं**

**प्रधान, सचिव, रोजगार सेवक और जिम्मेदारों की मिलीभगत से गरीबों के हक पर डाका**

**विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत भिठौरा का मामला**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर/मछरेहटा। विकास खंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत भिठौरा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत भ्रष्टाचार की परतें लगातार खुलती जा रही हैं। योजना का उद्देश्य जहां ग्रामीणों को रोजगार देना था, वहीं यहां यह योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है।*फर्जी हाजिरी का खेल*भिठौरा पंचायत में मजदूरों, खासकर महिलाओं के नाम पर हाजिरी दर्ज की गई, लेकिन जब कार्यस्थल की फोटो सामने आईं, तो चौंकाने वाली सच्चाई सामने आई – महिलाएं फोटो से गायब थीं। यानी पोर्टल पर हाजिरी, लेकिन मैदान में मौजूदगी नहीं।*जिम्मेदारों की मिलीभगत*ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव और रोजगार सेवक द्वारा तैयार किए गए मास्टररोल में नाम और हाजिरी तो हैं, लेकिन जमीनी सच्चाई कुछ और ही है। इतना ही नहीं, विभागीय अधिकारी भी मौन साधे बैठे हैं, जिससे संदेह और गहराता जा रहा है।*फोटो-प्रमाण से खुली पोल*मनरेगा पोर्टल पे अपलोड की गई, जिसमे महिलायो का कोई अता-पता नहीं है। फिर भी पोर्टल पर उन्हें ''कार्यरत'' दिखाकर मजदूरी भुगतान ग्राम पंचायत भिठौरा में मनरेगा का यह भ्रष्टाचार केवल योजनाओं की हत्या नहीं है, बल्कि यह गरीबों की उम्मीद, भरोसे और अधिकार का अपमान है, फिर भी प्रशासन मौन

## मितौली में बिना लाइसेंस चल रहा आनंद क्लिनिक सीज

मितौली खीरी। जिले में अवैध रूप से संचालित प्राइवेट क्लीनिकों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में मितौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पलिया चौराहे पर चल रहे आनंद क्लिनिक को सीज कर दिया।बताया जा रहा है कि यह क्लिनिक बिना किसी वैध रजिस्ट्रेशन और डॉक्टर की निर्धारित योग्यता के ही लंबे समय से संचालित हो रहा था। मौके पर पहुंची टीम ने दस्तावेजों की जांच की तो क्लिनिक संचालन से जुड़े कोई वैध कागजात या लाइसेंस नहीं मिले। साथ ही, मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता भी मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई।डॉ. देवेंद्र सिंह ने बताया कि विभाग को लंबे समय से शिकायत मिल रही थी कि आनंद क्लिनिक अवैध रूप से मरीजों का इलाज कर रहा है और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। गंभीरता से लेते हुए जांच कर कार्रवाई की गई।स्वास्थ्य विभाग ने यह भी संकेत दिया है कि जिले भर में चल रहे ऐसे और भी क्लीनिकों पर नजर रखी जा रही है।

# भीषण गर्मी से कई विद्यालयों में छात्र–शिक्षक हुए बेहोश

**अभिभावकों ने की विद्यालय समय परिवर्तन करने की मांग**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। जनपद सीतापुर में पड़ रही भीषण गर्मी से विद्यालयों में बच्चों और शिक्षकों की तबीयत पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। कई विद्यालयों से छात्रों व शिक्षकों के बेहोश होने की खबरें सामने आई हैं।जिले के ब्लॉक कसमडा, एलिया व हरगांव के निम्नलिखित विद्यालयों में यह घटनाएं प्रमुखता से सामने आई हैं:उच्च प्राथमिक विद्यालय बलोईया - कसमडा,उच्च प्राथमिक विद्यालय सहादत नगर - एलिया,उच्च प्राथमिक विद्यालय कटेसर -हरगांव,स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ, सीतापुर के जिलाध्यक्ष मनीष कुमार रस्तोगी एवं जिला मंत्री आराध्य शुक्ल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को एक पत्र सौंपा है।पत्र में निवेदन किया गया है कि बढ़ती गर्मी के कारण तत्काल प्रभाव से विद्यालय समय में परिवर्तन किया जाए ताकि छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। साथ ही जिलाधिकारी महोदय से इस संबंध में आवश्यक अनुमति प्राप्त कर शीघ्र निर्णय लेने की मांग की गई है।संघ पदाधिकारियों का कहना है कि कई ब्लॉकों से सूचना एकत्र की जा रही है, और प्रभावित विद्यालयों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है।

# ग्राम पंचायत पहाड़पुर में फर्जी हाजिरी का खेल जिम्मेदार मौन

**पहाड़पुर में फोटो से गायब महिलाएं फिर भी पोर्टल पर दर्ज हाजिरी, एक ही फोटो से दर्ज हो रही हाजिरी**

**विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत पहाड़पुर का मामला, प्रशासन की चुप्पी खड़े कर रही सवाल**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मछरेहटा (सीतापुर)। विकास खंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत पहाड़पुर में मनरेगा के अंतर्गत कार्यों में गंभीर अनियमितता सामने आई है। फर्जी हाजिरी का खेल खुलेआम जारी है, जिसमें महिलाओं के नाम पर हाजिरी पोर्टल पर दर्ज की जा रही है, जबकि अपलोड की गई फोटो में उनकी उपस्थिति नहीं दिख रही।सूत्रों के अनुसार, पोर्टल पर एक ही तस्वीर को बार-बार अपलोड कर काम दर्शाया जा रहा है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। खास बात यह है कि जिन महिला मजदूरों की हाजिरी लगाई गई है, वे कार्यस्थल पर मौजूद ही नहीं हैं।मनरेगा की पारदर्शिता और मजदूरों के हक की खुली अवहेलना करने के बावजूद, स्थानीय स्तर पर जिम्मेदार अधिकारी इस पूरे मामले से आंख मूंदे बैठे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि यह सब मिलीभगत से हो रहा है और अधिकारियों द्वारा जानबूझकर अनदेखी की जा रही है।अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है या फिर यह भ्रष्टाचार यूं ही चलता रहेगा।

## ''एक पेड़ माँ के नाम'' कार्यक्रम के तहत छात्राओं ने किया पौध रोपण



खैराबाद सीतापुर। जवाहर नवोदय विद्यालय, खैराबाद में ''एक पेड़ माँ के नाम'' कार्यक्रम के अंतर्गत 100 पौधे लगाए गए। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य प्रभारी श्री बी.पी. सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पीजीटी जीवविज्ञान श्रीमती रीना सिंह का विशेष सहयोग रहा। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृभक्ति को दर्शाना था। विद्यालय परिवार और छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और विभिन्न प्रकार के पौधे जैसे नीम, अमरूद, पीपल आदि लगाए। यह कार्यक्रम पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय कदम रहा इसमें पलक प्रियांशी अर्पिता आदि

# उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल ( पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ की बैठक संपन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

उन्नाव । उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल ( पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ जनपद उन्नाव की बैठक अध्यक्ष अनुपम मिश्र की अध्यक्षता में प्रकाश गेस्ट हाउस उन्नाव में संपन्न हुई ।बैठक में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा कर एक मांग पत्र दिया गया । बैठक में प्रमुख रूप से संरक्षक श्री राघवेंद्र सिंह,कोषाध्यक्ष सरल कुमार, अनिल शुक्ल ,तौसीफ अली ,उमेश मिश्र ,अनूप शुक्ला, कमल किशोरी, सुमन्त राजनी वर्मा,वरुण सिंह ,मोतीलाल ,रामबाबू सिंह ,प्रदीप मिश्रा, भैयालाल , हनुमान पांडे ,मनोज यादव,अनिल दिवाकर , सुमित , अरविन्द पटेल ,सुरेश रावत आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## जिला स्तरीय एथलेटिक्स बालक व बालिकाओं की प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न

रायबरेली। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के तत्वाधान में जिला खेल कार्यालय रायबरेली के द्वारा जूनियर वर्ग एथलेटिक्स जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 150 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें बालक वर्ग 90 बालिका वर्ग में 60 ने प्रतिभाग किया। जिला स्तरीय एथलेटिक्स बालक व बालिकाओं की प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्घाटन बुद्धि लाल पासी जिला अध्यक्ष भाजपा ने किया। 100 मीटर में प्रथम स्थान शिवम, द्वितीय मनीष, तृतीय स्थान अजीत रहे।200 मी में प्रथम स्थान मोहित, द्वितीय स्थान गोविंद, तृतीय स्थान शांतनु वर्मा, 400 मी बालक वर्ग प्रथम स्थान श्रेयांश पाल, द्वितीय स्थान शेखर, तृतीय स्थान अभिषेक, 800 मी बालक वर्ग प्रथम स्थान शेखर, द्वितीय स्थान अक्षत सिंह, तृतीय स्थान संतोष, 1500 मी बालक वर्ग प्रथम स्थान अभिषेक, द्वितीय स्थान संतोष, तृतीय स्थान उमेश, 3000 मीटर बालक वर्गप्रथम स्थान अभिषेक, द्वितीय संदीप, तृतीय आयुष पटेल, लंबी कूद में हिस्सा लिया।

# बालश्रम, भिक्षावृत्ति, नशा व बाल विवाह के खिलाफ चला जनजागरूकता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग भारत सरकार एवं श्रम विभाग उत्तर प्रदेश के निर्देशों पर आज जनपद लखीमपुर खीरी में बाल अधिकारों की रक्षा हेतु एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति, बाल विवाह, नशा सेवन, मानव तस्करी व देह व्यापार जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जन जागरूकता फैलाना रहा।अभियान का संचालन पुलिस अधीक्षक खीरी के आदेश एवं अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) / नोडल अधिकारी के निर्देशन में किया गया। उपनिरीक्षक राम अवतार प्रभारी थाना इक्कहू, हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र कुमार, कांस्टेबल अमित कुमार, सहायक श्रम आयुक्त मयंक कुमार सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रियंका वर्मा और अंजुम परवीन के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित की गई।यह टीम कोतवाली सदर क्षेत्र के होटल, ढाबा, दुकानों व बस अड्डों जैसे सार्वजनिक स्थानों पर पहुंची और व्यापक रूप से लोगों को जागरूक किया।टीम ने दुकानदारों व संस्थानों से अपील की कि वे 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को किसी भी प्रकार का श्रम कार्य न सौंपें, क्योंकि यह एक दंडनीय अपराध है।इसके अतिरिक्त, मानव तस्करी, बाल विवाह, देह व्यापार व तंबाकू सेवन जैसी गंभीर समस्याओं पर भी लोगों को सचेत किया गया।जागरूकता के माध्यम से आम नागरिकों को यह समझाने का प्रयास किया गया कि बच्चों का भविष्य उनके अधिकारों की रक्षा में निहित है, और समाज की जिम्मेदारी है कि वह इन कुरीतियों के खिलाफ खड़ा हो।

# अधिकारियों की हठधर्मिता के चलते पूरी रात से बन्द है पुराने सीतापुर की बिजली

**भीषण गर्मी मे आरामतलब आधिकारी जनता के लिए बन रहे हैं नासूर**

**पूरी रात बिजली कर्मचारियों द्वारा लाईन को दुरूस्त करने के लिए जेई और एसडीओ को किया गया फोन लेकिन आरामतलब अधिकारियों ने फोन उठा कर शट डाउन लेने की नहीं उठाई जहमत**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। बिजली अधिकारियों की मनमानी के चलते आज रात लगभग 12:15 बजे से फॉल्ट मे हुई 33 की लाइन को 5 घंटे के बाद भी ठीक नहीं किया जा सका है, हालांकि लाइन स्टॉफ देर रात से भवानीपुर मे बैठा शट डाउन मिलने का इंतज़ार कर रहा है।विद्युत उपकेन्द्र सिटी स्टेशन के एसएसओ की माने तो तो एसडीओ साहब ने देर रात 2 बजे बात की थी और शट डाउन दिलाने का आश्वासन दिया था उसके बाद से उनका सरकारी फोन स्विच ऑफ हो गया और निजी फोन पर कई बार कॉल किए जाने के बावजूद भी उन्होंने फोन नहीं उठाया।उल्लेखनीय है कि उक्त उपकेन्द्र पर नियुक्त जेई, एसडीओ से लेकर किसी भी सरकारी स्टॉफ का फोन नहीं उठने के चलते शहर की बड़ी आबादी वाले हिस्से पुराने सीतापुर के बाशिंदों को पूरी रात अंधेरे मे बितानी पड़ी समाचार लिखे जाने तक किसी भी सम्बंधित बिजली अधिकारी से फोन पर सम्पर्क नहीं हो सका है।उपकेन्द्र के एसएसओ के अनुसार जब अधिकारी सोकर उठेंगे तब वह अमरेन्द्र या राकेश मौर्य को भेजेंगे तभी फॉल्ट सही होने और आपूर्ति चालू होने की संभावना है।

## करंट लगने से भैस ने तोड़ा दम

नैमिषारण्य, सीतापुर। ब्लाक मिश्रिख की ग्राम पंचायत ततरोई मे बिजली विभाग के लापरवाही से मजदूर की भैस के करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई नैमिषारण्य क्षेत्र के गांव ततरोई राजेंद्र पाल की भैस को नहलाने के लिए खम्बा मे बाधं दिया उस पोल मे उतर रहा करंट भैस ने मौके पर दम तोड दिया लोगो का कहना है कि जिस समय पोल पर करंट उतर रहा था बच्चे भी खेल रहे थे गनीमत रही की रास्ते से गुजर रहे लोगो ने बच्चो को वहा से हटा दिया ग्रामीणो का कहना है कि लगभग 7:00 बजे की घटना है।

## बिजली विभाग में में साफ दिखने लगा आउटसोर्स कर्मियों के छंटनी का असर

लखीमपुर। बिजली विभाग में आउटसोर्स कर्मचारियों की छंटनी का असर अब साफ दिखने लगा है। पिछले एक महीने में शहर की बिजली व्यवस्था पूरी तरह से बेपटरी हो चुकी हैघंटों तक फॉल्ट नहीं सुधर पा रहे, जगह-जगह अलग-अलग समस्याएं – कहीं फ़ेस की गड़बड़ी, कहीं केबल जलने की शिकायतें, तो कहीं 33 केवी लाइन फ़ेल होने से आपूर्ति ठपकेबल बक्सों में आग लगने जैसी घटनाएं भी सामने आ रही हैंकम कर्मचारियों की वजह से फॉल्ट सुधारने में घंटों लग रहे हैं, जिससे भीषण गर्मी में आम जनता बेहाल हैफॉल्ट के चलते सुबह दफ्तर जाने वालों को भी बिजली न मिलने की परेशानी झेलनी पड़ रही हैजिले की बिगड़ी बिजली व्यवस्था को लेकर डीएम की कड़ी फटकार के बाद भी हालात जस के तस बने हैंविभागीय अधिकारी कभी फील्ड में नजर नहीं आते और पूरा तंत्र संविदा कर्मियों के भरोसे चल रहा हैहालात इतने खराब हैं कि प्रदेश के ऊर्जा मंत्री भी पिछले दो दिनों में दो बार फटकार लगा चुके हैं, बावजूद इसके बिजली विभाग के अधिकारियों पर कोई असर नहीं पड़ाअफसर अब भी लापरवाही की मुद्रा में, जबकि जनता त्राहि-त्राहि कर रही है

## शिक्षकों की लापरवाही पर बीएसए का बड़ा एक्शन

लखीमपुर खीरी। परिषदीय विद्यालयों में लापरवाह शिक्षकों पर अब गाज गिरना तय है। बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने मंगलवार को विकास खंड बेहजम, मितौली और पसगवां के कई विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया, जहां शिक्षा मित्रों व सहायक अध्यापकों की गैरहाजिरी सामने आई।बीएसए ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बच्चों के भविष्य के साथ कोई भी खिलवाड़ अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान कई स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति भी कम मिली, साथ ही पठन-पाठन की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हुए।बीएसए के इस अचानक छापे से शिक्षक समुदाय में हड़कंप मच गया है। अनुपस्थित शिक्षकों की सूची तैयार कर रिपोर्ट मांगी गई है, और जल्द ही कार्रवाई के संकेत दिए गए हैं।शिक्षा विभाग अब सख्त मूड में है–लापरवाही, अनुपस्थित और शिक्षण कार्य में ढिलाई दिखाने वालों को नहीं मिलेगा बख्शा।ख्जो नहीं सुधरेंगे, उन पर होगी सख्त कार्रवाई।ङ्ग ꤵ बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी

## गोला रोड पर कार की टक्कर से तीन गायों की मौत

लखीमपुर खीरी। शहर के छाउछ चौराहे के आगे गोला रोड पर तेज रफ्तार कार ने चार गायों को टक्कर मार दी। हादसे में तीन गायों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गाय गंभीर रूप से घायल हो गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर मारने वाली कार के आगे वाले सीसे पर पुलिस का लोगो लगा हुआ था।हादसे के बाद कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए और प्रशासन को सूचना दी गई।

## नीमगांव पुलिस ने वारण्टी को दबोचा

लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी मितौली के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रभारी निरीक्षक थाना नीमगांव के नेतृत्व में आज दिनांक-25.07.2025 को थाना नीमगांव पुलिस द्वारा मु0सं0 1359/16 धारा 60 आबकारी अधिनियम व मु0सं0 1292/19 धारा 60(2) आबकारी अधिनियम में 01 नफर वारण्टी अभियुक्त आलोक पुत्र प्रीतम निवासी ग्राम लोनिपुरवा थाना नीमगांव जनपद खीरी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

# बम्हनपुर में भंडारे का आयोजन कांवरियों का भव्य स्वागत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निघासन, खीरी। विकासखंड निघासन की ग्राम पंचायत बम्हनपुर में शुक्रवार को कांवड़ यात्रा की वापसी पर भंडारे का आयोजन किया गया। 22 जुलाई को रवाना हुई कांवड़ यात्रा के समापन उपरांत 25 जुलाई को बाजार छावनी क्षेत्र में भंडारा संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने सहभागिता की।इस अवसर पर ग्राम प्रधान शशि शुक्ला, ग्राम प्रधान पति संतोष शुक्ला, पूर्व प्रधान सतीश सक्सेना, मुकेश, पुनीत, पवन, राजेश, विवेक, दिनेश, राज, अवध, असलम, शिवा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने भंडारे में सेवा कार्यों में भाग लिया और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।कांवड़ यात्रा की वापसी पर गुरुवार रात को गांव में भक्ति गीतों के साथ गुलाल खेला गया। महिलाओं व बच्चों ने कांवरियों का जोरदार स्वागत किया। संपूर्ण गांव में श्रद्धा, उत्साह और भक्ति का वातावरण देखने को मिला।गांववासियों ने इस आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई और सामाजिक समरसता का परिचय दिया।

# कई महीनों से बिजली नहीं थी, सीडीओ पहुंचे तो उजाले के साथ लौट आई उम्मीद

**जहां पंखा नहीं था, वहां अब स्मार्ट क्लास चल रही है, सीडीओ पहुंचे तो शिक्षक ने खुशी से गले लगा लिए**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जिस कक्षा में कभी पसीने में भीगते बच्चों की खामोशी थी, वहां अब बिजली की रौशनी में गूंजती सीखने की आवाजें हैं। सीडीओ अभिषेक कुमार का एक निरीक्षण, एक फैसला और एक प्रतिबद्धता उच्च प्राथमिक विद्यालय सांडा को अंधेरे से निकालकर उम्मीदों के उजाले में ले आया।निरीक्षण के दौरान जब सामने आया कि विद्यालय में विद्युत कनेक्शन ही नहीं है, तो सीडीओ ने न कोई फाइल पलटी, न कोई रिपोर्ट मांगी। मौके पर ही आदेश हुआ विद्युत पोल लगेगा, वायरिंग होगी, और बच्चों को बिजली मिलेगी।सीडीओ के निर्देश पर बिजली विभाग और शिक्षा विभाग ने रिकॉर्ड समय में विद्यालय तक पोल खिंचवाया, वायरिंग कराई और कनेक्शन जोड़ा। आज शुक्रवार को जब सीडीओ अभिषेक कुमार दोबारा उसी विद्यालय में पहुंचे, तो विद्यालय में सिर्फ बिजली ही नहीं थी। बच्चों और शिक्षकों की आंखों में आभार और भावनाओं का उजाला भी था। विद्यालय परिवार भावुक हो गया। शिक्षक सीडीओ से गले मिलकर धन्यवाद देते नजर आए।सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि सरकारी योजनाएं तभी सफल हैं, जब उसका लाभ स्कूल की आखिरी कक्षा में बैठे बच्चे तक पहुंचे। मेरा प्रयास है कि मा.मुख्यमंत्री जी की मंशानुरूप जिले का एक भी विद्यालय बिना बिजली या सुविधा के न रहे।

# गणेश चौथ मेले को लेकर बैठक में तैयार हुई कार्य योजना

**एसडीएम के आयोजन समीक्षा के लिए गणेश मेला परिषद के पदाधिकारियों के साथ बैठक की चर्चा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मुरादाबाद। तहसील सभागार में एसडीएम ने आयोजन समीक्षा के लिए गणेश मेला परिषद के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की। विभागवार मेले के आयोजन की समीक्षा करते हुए कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया गया। गणेश चौथ मेले को लेकर बैठक में तैयार हुई कार्य योजना तहसील सभागार में एसडीएम की अध्यक्षता में मेला गणेश चौथ के 65वें आयोजन को लेकर शुक्रवार को श्री गणेश मेला परिषद चन्दौसी के पदाधिकारियों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिसमें एसडीएम आशुतोष तिवारी ने विभागवार मेले के आयोजन को लेकर समीक्षा की। इस दौरान मेला कमेटी के पदाधिकारियों ने सुझाव मांगे। एसडीएम ने मेले के दौरान पूर्व में किए जाने वाले विभागीय कार्यों को बताते हुए उनको दुरुस्त करने तथा उन पर कार्ययोजना तैयार करने को कहा। जिससे उन कार्यों को तय समय पर पूरा किया जा सके। विभागों के द्वारा किए जाने वाले आवश्यक कार्य- विद्युत विभाग द्वारा रथयात्रा मार्ग पर बिजली के तारों को ठीक करके ऊंचा करने, पोलों पर पन्नी लगाने, मेले के दौरान बिजली की आपूर्ति सुचारू रखने के लिए ग्राम मई के फीडर को हनुमानगढ़ी के फीडर से हटाकर अन्य फीडर से जोड़ने तथा बिजलीकर्मियों की टीम को रथयात्रा में उपस्थित रहना। नगर पालिका प्रशासन द्वारा रथयात्रा मार्ग को गड्?ढा मुक्त करने, प्रकाश व्यवस्था, पानी की व्यवस्था ठीक करने, कूड़ा समय से उठवाने, रेलवे विभाग द्वारा मुरादाबाद-चंदौसी-अलीगढ़ और बरेली-चंदौसी-अलीगढ़ मार्ग पर स्पेशल ट्रेन चलाने, रोडवेज विभाग द्वारा चंदौसी से अलीगढ़-मुरादाबाद- बिसौली को अतिरिक्त बस चलाने, दूरभाष विभाग से रथयात्रा मार्ग के तार ऊंचे करने व बेहतर नेटवर्क के लिए कंट्रोल रूम बनाने, फायर ब्रिगेड की गाड़ी को अतिरिक्त व्यवस्था करने का आवाहन किया। मेले के दौरान नगर में बड़े वाहनों की नो एंट्री लागू करने, सीता रोड-कैथल गेट-मनिहार चौक पर बैरिकेडिंग करने तथा नगर में ई-रिक्शों का वन-वे संचालन करने, स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैंप लगाने आदि महत्वपूर्ण विषयों को रखा गया।सुझावों के लिए मेला सचिव हरिगोपाल वार्ष्णेय, मेला इंचार्ज रविन्द्र कुमार रूपी, विनय सर्राफ, मनोज गुप्ता मीनू, ललित किशोर गुप्ता, डॉ राजीव गुप्ता आदि ने विभागों के अधिकारियों को अवगत कराया।बैठक में नगरपालिका से ईओ धर्मराज राम, जेई अनुज कुमार, सफाई निरीक्षक प्रियंका सिंह, यातायात के टीएसई पी जी प्रवीण, पुलिस प्रशासन से प्रभारी निरीक्षक मोहित चौधरी, रोडवेज बस स्टेशन प्रभारी राजीव कुमार, विद्युत विभाग एक्सईएन डिप्लो श्रीवास्तव एसडीओ अजय चौरासिया, स्वास्थ्य विभाग से सीएमएस डॉ हरविंदर सिंह, रेलवे स्टेशन अधीक्षक राजू कुमार, दूरभाष से अवर अभियंता वरुण कुमार सिंह एसओजी प्रभारी उदयवीर सिंह, फायर ब्रिगेड से सीएफओ के के सिंह आदि विभागीय अधिकारी के अलावा मेला परिषद से सतेंद्र मामा, मेजर शशिकांत गुप्ता, प्रभात कृष्णा, अजय आर्य, शुभम अग्रवाल, इस्तयाक बेग, नीरज बच्चन, सतीश चन्द्र वार्ष्णेय, अजय वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे।

## नंद बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू

मुरादाबाद। 14 अगस्त तक कर सकते हैं आवेदन।* जिले में नंद बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील दत्त ने बताया कि नंद बाबा दुग्ध मिशन पोर्टल nandbabadugdhmission.up.gov.in पर ऑनलाइन प्रक्रिया के अंतर्गत 14 अगस्त 2025 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि सरकार की अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत कृषक और पशुपालकों को लाभान्वित किया जाएगा। मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना, मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना में गिर, साहिवाल और थारपारकर जैसी स्वदेशी उन्नत नस्ल की 10 गायों की इकाई स्थापित कराई जाएगी, जिसकी कुल अनुमानित लागत 23.60 लाख होगी। प्रति गाय का मूल्य करीब 01 लाख रुपये ल होगा। इस योजना का उद्देश्य प्रदेश को दुग्ध उत्पादन में अग्रणी बनाए रखना है साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के साथ ही पशुपालकों की आय में वृद्धि करना भी है।उन्होंने बताया कि योजना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए पशुपालक मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, क्षेत्रीय पशु चिकित्सा अधिकारी कार्यालय अथवा उप दुग्धशाला विकास अधिकारी कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

## किराना गोदाम से बीड़ी का बोरा और घर से हजारों का सामान चोरी

बदायूं। कस्बे में बुधवार रात चोरों ने एक घर और किराना गोदाम को निशाना बनाकर हजारों रुपये के सामान की चोरी कर ली। बृहस्पतिवार सुबह पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है। बिनावर कस्बा निवासी जीतू साहू का मवेशी अस्पताल के पड़ोस में किराना का गोदाम है। बुधवार रात चोर गोदाम के गेट का ताला तोड़कर घुस गए। चोर गोदाम से बीड़ी के बंडल का एक बोरा चोरी कर ले गए। बृहस्पतिवार सुबह व्यापारी जीतू अपने गोदाम पर पहुंचे तो ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए। पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर थाने से पहुंचे एसआई ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच की। वहीं, दूसरी चोरी कस्बा के नई बस्ती निवासी मुखियार के घर में हुई। चोर उनके घर का ताला तोड़कर घरेलू सामान, बर्तन व कपड़ा चोरी कर ले गए। व्यापारी व गृहस्वामी ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों को तलाश कर रही है। इंस्पेक्टर अशोक कंबोज ने बताया कि दो स्थानों पर चोरी हुई है। खुलासे के लिए पुलिस टीम को लगाया है।

## राजकीय मेडिकल कॉलेज में मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य पर दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र सम्पन्न

बदायूँ। राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूँ में उत्तर प्रदेश टेक्निकल सपोर्ट यूनिट पॉपुलेशन काउंसिल, लखनऊ के सहयोग से दिनांक 22 एवं 23 जुलाई 2025 को दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य मातृ एवं नवजात शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियों की पहचान कर उन्हें प्रभावी तरीके से नियंत्रित करना रहा। इस प्रशिक्षण सत्र में जिला महिला चिकित्सालय बदायूँ एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बिसौली के चिकित्सकों ने भाग लिया। सत्र में प्रतिभागियों को मातृ एवं नवजात मृत्यु दर को कम करने हेतु विभिन्न वैज्ञानिक उपायों, हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान, समयबद्ध रेफरल प्रणाली, तथा प्रसवोत्तर जटिलताओं की रोकथाम पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दूसरे दिन राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूँ के प्राचार्य प्रो. (डा.) अरुण कुमार ने रीजनल रिसोर्स ट्रेनिंग सेंटर के उद्देश्य, कार्यप्रणाली एवं इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम चिकित्सकों की क्षमता वृद्धि के साथ-साथ मातृ एवं नवजात मृत्यु दर में कमी लाने की दिशा में अत्यंत प्रभावी भूमिका निभाते हैं।प्रशिक्षण के प्रमुख वक्ता आरआरटीसी की नोडल अधिकारी एवं गायनी विभाग की प्रो. डा. सीमा सरन रहीं। उन्होंने प्रसवोत्तर रक्तस्राव के कारणों, लक्षणों व उपचार पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि प्रसव पूर्व एवं पश्चात सघन निगरानी, जोखिमपूर्ण गर्भावस्था की समय पर पहचान एवं प्रभावी रेफरल तंत्र मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में महत्वपूर्ण कमी ला सकते हैं।

## 29 जुलाई को दिव्यांगजनों की समस्याओं के निस्तारण हेतु होगा मोबाइल कोर्ट का आयोजन

बदायूँ। जिला दिव्यांगजन सषक्तीकरण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने जनपद में निवासरत समस्त दिव्यांगजन को सूचित करते हुए बताया कि दिव्यांगजन की शिकायतों का निराकरण तत्काल रूप से कराये जाने हेतु आवास विकास कॉलोनी स्थित राजकीय महाविद्यालय में 29 जुलाई 2025 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया जायेगा।उन्होंने बताया कि मोबाइल कोर्ट में जनपद के समस्त विभागों के सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे, जहां दिव्यांगजन अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु अपने दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, शिकायती पत्र सहित समस्त अभिलेखों के साथ स्वयं उपस्थित होकर अपनी शिकायतों का त्वरित समाधान करा सकते हैं।

## 1 व 2 अगस्त को उद्योग केन्द्र में होंगे साक्षात्कार

बदायूँ। जिला उद्योग एवं प्रोत्साहन केन्द्र के उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में जनपद के पारम्परिक कारीगरों जैसे बढई, नाई, दर्जी, कुम्हार, राजमिस्त्री, ट्रेड में 10 दिवसीय प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण हेतु जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, बदायूँ में 24 जुलाई 2025 तक आनलाईन आवेदन किया हो एवं आवेदनकर्ता अथवा उसके परिवार के किसी भी सदस्य ने पूर्व में इस योजना योजना में टूलकिट व मानदेय का लाभ नही लिया हो। उन्होंने बताया कि ऐसे अभ्यर्थियों के साक्षात्कार ट्रेड दर्जी के साक्षात्कार 01 अगस्त 2025 व ट्रेड दर्जी, बढई, कुम्हार, नाई एवं राजमिस्त्री के साक्षात्कार 02 अगस्त 2025 को जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, आंवला रोड सालारपुर बदायूँ में अपरान्ह 11.00 बजे से आयोजित किये जायेगें। सभी अभ्यर्थी आवेदन पत्र में अपलोड किये गये अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ सम्बन्धित उक्त तिथियों में होने वाले साक्षात्कार में भाग लेने का कष्ट करें।

## ग्रामोद्योग कार्यालय में निःशुल्क टूलकिट्स वितरण योजना को लेकर साक्षात्कार

बदायूँ । जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा संचालित निःशुल्क टूलकिट्स वितरण योजना के अर्न्तगत निःशुल्क दोना पत्तल मेकिंग मशीन, पॉपकार्न मेकिंग मशीन, एवं हनी बॉक्स टूल किट्स प्राप्त करने हेतु जिन आवेदको द्वारा आवेदन किये गये है। उनका साक्षात्कार परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी बरेली मण्डल, बरेली की अध्यक्षता में 25 जुलाई 2025 को प्रातः 11:00 बजे से होगा। सभी आवेदक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय परिसर, मो0-शहबाजपुर निकट पुरानी चुंगी बदायूँ में प्रातः 11:00 बजे साक्षात्कार में ससमय उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## 14 अगस्त तक करें मत्स्य विभाग की योजनाओं में ऑनलाइन आवेदन

बदायूँ। मत्स्य पालक विकास अभिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित कुमार शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित राज्य सेक्टर की विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत आनलाइन आवेदन प्राप्त करने हेतु विभागीय पोर्टल http://fisheries.up.gov.in आगामी 14 अगस्त 2025 तक खुला रहेगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमन्त्री मत्स्य सम्पदा योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना, सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम की योजना, उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष के अन्तर्गत मछली विक्रय हेतु मोपेड विद आइस बाक्स परियोजना तथा अन्तर्राज्यीय भ्रमण,दक्षता विकास, प्रदर्शनी और सेमिनारों के लिए मत्स्य पालकों, मछुआरों का प्रशिक्षण व भ्रमण कार्यक्रम में योजनाओं का लाभ लेने हेतु योजनावार आवेदन पृथक-पृथक करने होंगे। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत परियोजना का विवरण, इकाई लागत, आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन करने के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख व विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाइट http://fisheries.up.gov.in पर देखा जा सकता है।

# अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा की बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मुरादाबाद। विद्यालयों में रोड सेफ्टी क्लब सक्रिय करने के निर्देश।* अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री गुलाब चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने कहा कि कावड़ के दृष्टिगत राष्ट्रीय राजमार्गों पर अंडरपास में जल भराव की समस्या उत्पन्न नहीं होनी चाहिए इसके लिए उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देशित किया।एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि जिले में चिन्हित दुर्घटना संभावित स्थानों पर आगामी माह में सतर्कता एवं सुरक्षा के लिए प्रस्तावित कार्य कराए जाएंगे।सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत मार्गों के किनारे विद्युत पोल और पेड़ों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए जाने की स्थिति के बारे में भी उन्होंने समीक्षा की।काशीपुर तिराहा पर गोल चक्कर की गोलाई अधिक होने के कारण वाहनों को हो रही समस्या के बारे में एसपी ट्रैफिक श्री सुभाष चंद्र गंगवार ने जानकारी दी जिस पर अपर जिलाधिकारी ने कहा कि विभागीय अधिकारी स्थलीय निरीक्षण करते हुए सुगम यातायात के दृष्टिगत डिजाइनिंग तैयार कराकर निर्माण कार्य कराएं।अपर जिलाधिकारी ने कहा कि बिना फिटनेस वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए। स्कूली वाहनों की भी नियमित तौर पर जांच होनी चाहिए और अनफिट वाहनों के विरुद्ध जुर्माना एवं सीज करने की कार्रवाई हो।विद्यालयों में गठित रोड सेफ्टी क्लब सक्रिय किए जाएं और प्रार्थना सभाओं के दौरान बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जागरूक करें।इस अवसर पर एसपी ट्रैफिक श्री सुभाष चंद्र गंगवार, सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी गण मौजूद रहे।

# समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग ने पूर्व सांसद फूलन देवी का मनाया शहादत दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंदौसी। शुक्रवार को समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग ने प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग पूरन सिंह मौर्य के आवास पर पूर्व सांसद फूलन देवी का शहादत दिवस मनाया समाजवादी पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश प्रजापति ने अपने विचारों में कहा कि पूर्व सांसद फूलन देवी ने महिलाओं के अत्याचार के खिलाफ लड़ाई लड़ी महिलाओं को सम्मान और अधिकार दिलाने का काम पूर्व सांसद फूलन देवी ने किया और तमाम अत्याचारों से मुकाबला किया समाज के अति पिछड़े दलित वंचित समाज के लिए हमेशा खड़ी रही उनके द्वारा किए गए संघर्ष से समाज को सीख लेनी चाहिए फूलन देवी ने अपने संघर्ष के बल पर मिर्ज़ापुर से सांसद बनी और लोकसभा तक पहुंची कार्यक्रम के दौरान मुन्नालाल शाक्य कमरेड रेवाराम तेजेंद्र देव पुष्पेंद्र कुमार चंद्रपाल सिंह मौर्य सनी कश्यप गंगाराम मौर्य ज्ञान सिंह मौर्य रमेश कश्यप प्रदीप कश्यप आदि मौजूद रहे

# जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने को लेकर दिया ज्ञापन

**जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने को लेकर दिया ज्ञापन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मुरादाबाद। अनूपशहर, संवाददाता अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेज कर जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग की।शुक्रवार को हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री को प्रेषित पत्र के माध्यम से अवगत कराया है, कि देश के किसी भी प्रदेश में हिंदू समाज सुरक्षित नहीं है। हिंदुओं के पर्व के दौरान देश के किसी न किसी हिस्से में हमले होते हैं। शोभायात्रा में हमले कर हिंदुओं पर अत्याचार किया जाता है। बंगाल के मुर्शिदाबाद में दंगाइयों द्वारा हिंदुओं को मारा गया। पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछ कर हिंदुओं की हत्या की। बांग्लादेश में हिंदुओं के विरुद्ध बड़ा नरसंहार किया गया। यह सब जनसंख्या असंतुलन का परिणाम था। देश में बढ़ती जनसंख्या का एक कारण बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या घुसपैठ भी बड़ा कारण है। इस घुसपैठ को रोकना तथा बाहर निकालना आवश्यक है। छांगुर जैसी विदेशी धन पर धर्मांतरण करने वाले सक्रिय गिरोह भी हिंदुओं की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। हिंदुओं की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। कि केंद्र सरकार जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाए जिससे हिंदुओं की सुरक्षा के साथ भारत के विकास और समृद्धि में सहायक साबित हो। इस संदर्भ में कोतवाली प्रभारी पंकज राय को ज्ञापन देकर प्रधानमंत्री को भेजने का अनुरोध किया।

# डीएम ने वीर नारियों एवं कारगिल युद्ध के पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। 26वें कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में 7 कुमाऊँ रेजिमेन्ट/मध्य कमान सेना मुख्यालय, लखनऊ के तत्वावधान में बचत भवन सभागार में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में वीर नारियों एवं कारगिल युद्ध में प्रतिभाग किये हुये पूर्व सैनिकों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 7 कुमाऊँ रेजिमेन्ट के मेजर रोहित सेठी के नेतृत्व में एक मोटर साइकिल रैली, लखनऊ से बाराबंकी, सीतापुर, हरदोई जनपदों से होकर रायबरेली तक आयोजित की गयी। मोटर साइकिल रैली का समापन 26 जुलाई 2025 को मध्य कमान के स्मृतिका युद्ध स्मारक लखनऊ पर होगा। कार्यक्रम में जिलाधिकारी द्वारा वीर नारियों एवं पूर्व सैनिकों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा इस अवसर पर पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के कल्याणार्थ जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में स्पर्श पेंशन विभाग, ईसीएचएस मेडिकल कैम्प, राजपूत रेजिमेन्ट, 11 जीआरआरसी तथा एएमसी सेन्टर के रिकार्ड कार्यालयों एवं कैम्प लगाकर पूर्व सैनिकों की समस्याओं का समाधान भी किया गया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, कमान अधिकारी 66 बटालियन एनसीसी, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंहा सहित जनपद के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिवार के सदस्य भी अधिक संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की समाप्ति पर कैप्टन (नौसेना) अतुल्य दयाल (अप्रा) जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, रायबरेली द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# जनता के प्रतिनिधि विकास के लिए दृढ़ संकल्पित हो तो कोई भी काम संभव नहीं: विधायक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज,रायबरेली। हां यह सच है कि, यदि जनता के प्रतिनिधि विकास के लिए दृढ़ संकल्पित हो तो कोई भी काम संभव नहीं है। उसका मजबूत नेतृत्व सही नीतियों और जनता के सहयोग से विकास के लक्ष को प्राप्त करना संभव है। ऐसी ही विचारधारा मन में लिए समाजवादी पार्टी के बछरावां विधानसभा विधायक श्याम सुंदर भारती अपने क्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधाएं मुहैया करने के लिए दिन रात मेहनत कर काम कर रहे हैं। आज शुक्रवार को बछरावां विधानसभा के सपा विधायक जब पावर हाउस महराजगंज पहुंचें तो लोग आश्चर्यचकित रह गए। उन्होंने बछरावां विधानसभा की कुछ पुरानी बस्तियां और कुछ नई बस्तियों में अभी तक विद्युतीकरण योजना के तहत लाइन ना बिछाई जाने की बात लेकर अधिशासी अभियंता विद्युत संदीप कुमार से मुलाकात करी और उन मजरों के गांव को दर्ज कराया, जहां पर आज तक विद्युतीकरण नहीं हो पाया है।

आपको बता दें कि, बछरावां विधानसभा क्षेत्र में अभी भी कुछ ऐसी पुरानी बस्तियां हैं जहां सरकार की योजनाओं के तहत विद्युतीकरण नहीं हुआ है, वहीं कुछ नई बस्तियां भी बसी हैं जहां के लोग बिजली की सुविधा से वंचित है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान सपा विधायक श्याम सुंदर भारतीय ने जमीनी हकीकत परखी और देखा कि, उनकी विधानसभा में अभी भी कुछ मजरों के गांव ऐसे हैं जहां मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। कुछ मजरों में अभी तक विद्युतीकरण नहीं हुआ है, यहां के लोग इस भीषण गर्मी अंधेरे में रहने को मजबूर है। इसी समस्या से निजात दिलाने के लिए आज वह महराजगंज पावर हाउस पहुंचे, जहां उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत संदीप कुमार से वार्ता करी और उन्हें बताया कि, उनकी विधानसभा में कुछ गांव और बस्तियां ऐसी हैं, जहां विद्युत लाइन नहीं है, जिसकी वजह से लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। सपा विधायक ने अधिशासी अभियंता को बताया कि, उनकी विधानसभा क्षेत्र के सिकंदरपुर ग्राम सभा में हरिजन बस्ती में 2 साल पहले विद्युतीकरण के तहत खंभे गिराए गए थे, जहां कुछ दिन बाद वह खंभे उठवा लिए गए और इस बस्ती में आज तक विद्युत लाइन नहीं बन पाई है, जिसकी वजह से लोग सरकार की विद्युतीकरण योजना से वंचित है। उन्होंने बताया कि, विधानसभा क्षेत्र के मोन ग्राम सभा में स्थित महर्षि ओरीदास बाबा मंदिर के पास एक नई बस्ती बसी है, जहां विद्युतीकरण नहीं हो पाया है।

## उच्च न्यायालय में ग्राम प्रधान ज्योना के प्रशासनिक और वित्तीय अधिकार किया बहाल

महराजगंज, रायबरेली। बीते दिनों महराजगंज विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत ज्योना के रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा ग्राम प्रधान पर गांव के विकास कार्यों में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का पैसा खर्च को लेकर अनियमिता का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से लिखित रूप में शिकायत करी थी, जिसका संज्ञान लेकर एक जांच टीम गठित हुई थी, जिसमें किसी उच्चाधिकारी की सहमति के बगैर ग्राम सभा में कराए गए विकास कार्यों पर पैसा खर्च किया गया था। इसका लेकर डीएम हर्षिता माथुर ने ग्राम प्रधान ज्योना के प्रशासनिक और वित्तीय अधिकार सीज कर दिए थे। ग्राम प्रधान ने अपने वकील के माध्यम से हाई कोर्ट में मामले को लेकर चैलेंज किया था। वादी पक्ष की दलीले सुनने के बाद माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की लखनऊ खंडपीठ ने ग्राम प्रधान ज्योना पर लगाए गए आरोप बेबुनीयाद पाए गए और माननीय उच्च न्यायालय ने प्रधान उमेश कुमार उर्फ कुन्नू के प्रशासनिक और वित्तीय अधिकार बहाल कर दिए।

# खाद, बिजली और सिंचाई की समस्याओं के निस्तारण के लिए राज्य मंत्री ने की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान मंत्री कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात विभाग श्री दिनेश प्रताप सिंह ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में जनता की खाद, बिजली व सिंचाई से संबंधित समस्याओं के तत्काल निस्तारण के लिए विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने ने बिजली और सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को स्वयं नहरों और फील्ड का दौरा करते हुए वीडियो क्लिप भेजने के निर्देश दिए । निर्देश दिया कि खजूर गांव ,सरेनी , पुरवा,लालगंज जैसे डार्क जोन वाली नहरें हर हालत में चलाई जाए जिससे भूगर्भ जल बढ़े। बिजली की समस्या के लिए अधिशासी अभियंता, अधीक्षण अभियंता और मुख्य अभियंता के अधिकारी फील्ड और सब स्टेशन का दौरा करें, जनता की समस्याएं सुने और उसका निदान तुरंत करें। हसनापुर, सरेनी, हरचंदपुर जैसे स्थान जहां पर खाद स्टोरेज की व्यवस्था नहीं है वहां पर वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में स्थान चयनित किए जाए और वहां हर हालत में कल दोपहर तक खाद उपलब्ध हो जाए। जो सचिव खाद्य वितरण में लापरवाही बरत रहे है उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि तीन दिन में अधिकारी सक्रिय होकर समस्याओं का निदान करते हुए जनमानस की अपेक्षा के अनुसार प्रयास करते दिखाई पड़े। किसानों की समस्याओं का तत्काल निस्तारण हो इसके लिए सिंचाई बंधु की बैठक अनवरत रूप से की जाए जिसमें किसानों की उपस्थिति हो और उनके सुझाव आमंत्रित करते हुए सुझावों पर अमल किया जाए। उन्होंने कहा कि सरेनी में साधन सहकारी समिति न होने के कारण कल से विकासखंड सरेनी परिसर में खाद किसानों के लिए उपलब्ध रहेगी। इसी प्रकार हरचंदपुर सहकारी समिति में जल भराव के कारण अतिथि गृह जिला पंचायत में किसानों को खाद उपलब्ध रहेगी। हसनापुर में लंबे अरसे से खाद न मिलने की शिकायत मिलती रही है।

# ब्लॉक वजीरगंज में नयपुर,साहिबापुर,रायपुर में श्रमिकों की लगाई जा रही फर्जी हाजिरी

**24 जुलाई को पोर्टल पर दर्शाई गई तस्वीरों से साफ नजर आ रहा भ्रष्टाचार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। केंद्र सरकार के महत्वा कांक्षी योजना मनरेगा जो की ग्राम प्रधान व रोजगार सेवक के लिए आमदनी का जरिया बन गई है। सरकार ने तरह-तरह के ऐप का बदलाव किया लेकिनगोण्डा जिले के वजीरगंज ब्लॉक में मनरेगा योजना में फर्जी हाजिरी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।सूत्रों की माने तो वजीर गंज ब्लॉक के ग्राम पंचायतो में मनरेगा योजना के अंतर्गत बड़े स्तर पर लेबर घोटाला किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदारों के कानों में जुँ तक नहीं रेंग रहा है। ऐसे में बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर जिले के जिम्मेदार व ब्लाक के अधिकारी किस तरीके से ग्राम पंचायत की निगरानी करते हैं जो इतने बड़े स्तर पर भ्रष्टा चार हो रहा है।आखिर वजीरगंज ब्लॉक में कब तक ग्राम पंचायतो में मनरेगा योजना में भ्रष्टा चार होता रहेगा यह तो एक सोचनीय विषय है।वजीर गंज ब्लॉक से लेकर ग्राम पंचा यतो में जिस तरीके से प्रधान व रोजगार सेवक को संरक्षण प्राप्त हो रहा है उसी का यह नतीजा है आखिर प्रधान व रोजगार सेवक क्या ब्लॉक के कर्मचारियों को मोटा कमीशन देते हैं...? यह तो अपने आप में सवाल है वही चर्चाएं जिले में काफी तेज हो गई है कि वजीर गंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत नयपुर, रायपुर, उदय पुरग्रंट, सोहनाखानपुर, कादीपुर, बिरमतपुर, खीरीडीह में जिस तरीके से मनरेगा योजना के मस्टर रोल में फर्जी हाजिरी में खेल खेला जा रहा है उसमें क्या ब्लॉ क के जिम्मेदार भी शामिल है यदि ऐसा नहीं है तो आखिर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही..? बतादें कि ग्राम पंचायत नयपुर में 23 जुलाई और 24 जुलाई को संवाददाता ने अपनी टीम के साथ जाकर कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया तो पता चला की ग्राम पंचयात में एक कार्य चल जो मनरेगा के साइट के पोर्टल पर चल रहा था उस कार्य पर 107 श्रमिकों की हाजिरी प्रति दिन लगाई जा रही है लेकिन धरातल पर एक भी देखने को नहीं मिला है। इससे क्या माना जाए की जिम्मेदार एपीओ और तकनीकी सहा यक आखिर किस तरीके से ग्राम पंचायत निग रानी करते हैं जो इतने बड़े स्तर पर मनरेगा के साइट पर फर्जी फोटो अपलोड करके मनरेगा में घोटाला हो रहा है...? ग्राम पंचायत साहिबा पुर में 58 श्रमिकों की हाजिरी लगाई गई यदि घोटाला नहीं है तो कार्यवाही क्यों नहीं हो रही. ? वही बात क़र रहे है ग्राम पंचायत उदयपुर ग्रंटमें जो मनरेगा कार्य चल रहा है उस साइड पर 79 श्रमिकों की उपस्थित लगाई जा रही है वहीं सूत्रों की माने तो सिर्फ फोटो से फोटो अपलोड करके फर्जी हाजिरी लगाने का कार्य किया जा रहा है।तो सवाल खड़ा यह हो रहा है कि ब्लॉक में एपीओ व सचिव और तकनीकी सहायक जो मनरेगा योजना का कार्य देखने को है आखिर वह किस तरीके से कार्य देख रहे हैं।क्या इस भ्रष्टाचार के दलदल में एपीओ व सचिव और तकनीकी सहायक भी शामिल है आखिर क्या सच है क्या झूठ यह तो जांच का विषय है...? अब देखना यह होगा कि ग्राम पंचायत में जांच होती है या फिर ऐसे ही मनरेगा योजना के मस्ट र रोल में श्रमिक घोटाला होता रहेगा।वही जब इस संबंध में जब डीसी मनरेगा से पूरे मामले की सच्चाई जानने के लिए फोन किया गया तोडीसी मनरेगा का फोन बार- बार बिज़ी बताता रहा और बात नहीं हों पाई है।तो इससे साफ जाहिर हो रहा है कि डीसी मनरेगा व एपीओ, सचिव और रोजगार सेवक किस तरीके से प्रधा न मिलकर भ्रष्टाचार क़र रहे है आखिर इस फर्जी वाड़े पर जिले के जिम्मेदारों की नजर कब पड़ेगी यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

### अनियमितता बर्दाश्त नहीं: सीडीओ

मनरेगा योजना में अनियमितता एवं लापरवाही को लेकर मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन सख्त हैं और लगातार निगरानी भी करा रही हैं।इतना ही नहीं,शिकायतें मिलने पर जांच कराकर कार्रवाई भी करती रहती हैं लेकिन इस के बावजूद सिस्टम बेपटरी ही है।सीडीओअंकिता जैन का कहना है कि मनरेगा योजना में अनियमितता एवं लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जांच कराकर दोषि यों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी

## बच्चों को पुष्टाहार उपलब्ध कराना अधिकारियों की जिम्मेदारी: आयुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। देवीपाटन शुक्रवार को आयुक्त सभागार में आयुक्त देवीपाटन शशि भूषण लाल सुशील की अध्यक्षता में आईसीडीएस कार्यक्रमों की मंडलीय समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में मण्डल के सभी जिलों के जिलाधिकारी,मुख्य विकास अधिकारी,जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बाल विकास परियोजना अधिकारियों के साथ आईसीडीएस के तहत चलने वाले सभी कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की गई।आयुक्त ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना,आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण,पुष्टाहार वितरण,हॉट कुक्ड फूड योजना,पोषण ट्रैक्टर सहित कई बिंदुओं पर समीक्षा की।आयुक्त ने कहा कि जिन आंगन बाड़ी केंद्रों पर स्टंटिंग (नाटापन)की दर अधिक हो वहां पर आवश्यक कदम उठाकर स्टंटिंग की दर को कम किया जाए।इसके अतिरिक्त, सैम (गंभीर कुपोषित) तथा मैम (मध्यम कुपो षित)बच्चों की पोषण स्थिति को बेहतर बनाने के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिये।आयुक्त ने कहा कि कुपोषण की स्थिति को दूर करना सरकार की प्राथमिकता में है और इसके लिए आंगनबाड़ी केंद्रों पर नियमित निगरानी, पोषण पोटली वितरण,गृह भ्रमण और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से समन्वित प्रयास अनिवार्य हैं।

उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी अपनी अपनी जिम्मेदारी को समझ कर कुपोषण की समस्या को समाप्त करें।स भी जिलाधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे अपने-अपने जिलों में नियमित रूप से आई सीडीएस के तहत संचालित कार्यों की समीक्षा कर कुपोषण की समस्या को दूर कर बच्चों एवं महिलाओं को बेहतर पोषण दिलाना सुनिश्चित करें।बैठक में अपर आयुक्त व संयुक्त विकास आयुक्त मौजूद रहे।

# क़रनैलगंज में दुकान कब्जा होने पर पानी की टंकी पर चढ़ा युवक,जमकर किया हंगामा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। तहसील व कोतवाली के बीच गोंडा लख नऊ हाइवे स्थित पानी टँकी पर एक युवक चढ़ गया और जमकर हंगामा काटा।मामला शुक्रवा र सुबह करीब 11 बजे का है।अधिकारियों से बार बार शिकायत के बावजूद न्याय न मिलने पर करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र में एक युवक ने अपनी दुकान पर हुए कब्जे के विरोध में अनो खा प्रदर्शन किया है।मामला मसौलिया गांव के रहने वाले शिवकुमार पानी की टंकी पर चढ़ गया और तीन घंटे की मशक्कत के बाद उन्हें नीचे उतारा गया।शिवकुमार ने करीब तीन घंटे तक टंकी पर चढ़कर हाई वोल्टेज ड्रामा किया। उसकी मुख्य मांग थी कि उसकी दुकान पर जि न लोगों ने कब्जा किया है,उसे तत्काल हटाया जाए।वह जिलाधिकारी नेहा शर्मा को मौके पर बुलाने की मांग भी कर रहा था।सूचना मिलते ही करनैलगंज कोतवाल तेज प्रताप सिंह, एस डीएम यशवंत और करनैलगंज तहसीलदार मौ के पर पहुंचे थे।अधिकारी करीब तीन घंटे तक बुजुर्ग को समझाते रहे। करनैलगंज कोतवाल तेज प्रताप सिंह ने बताया कि शिवकुमार अप नी मांगों को लेकर अचानक पानी टंकी पर चढ़े थे उन्हें उतार लिया गया है।भीषण गर्मी और ते ज धूप से बचाव के लिए शिवकुमार अपने हाथ में पानी की बोतल भी लिए हुए थे।कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मसौलिया गांव के रहने वाली शिवकुमार पाठक अपनी दुकान पर क ब्जे को लेकर की सुबह 11 बजे से ही करनै लगंज गज पानी टंकी पर चढ़कर हंगामा कर रहा था।आखिरकार तीन घंटे की कड़ी मशक्क त के बाद पूर्व लेखपाल प्रभात कुमार और एक वकील महेश मोदनवाल के द्वारा समझा करके पानी की टंकी से नीचे उतार लिया गया है। पूर्व लेखपाल और एसडीएम द्वारा आश्वासन दिया गया है कि मौके पर जाकर के जांच करेंगे और जो भी जांच में निकाल कर आएगा कार्रवाई की जाएगी।फिलहाल पानी की टंकी से युवक को नीचे उतार करके करनैलगंज कोतवाली ले जाया गया है जहां पर युवक से और विस्तृत पूछताछ की जा रही।

## पति से आपसी विवाद पत्नी गंगापुल से कूदने का किया प्रयास

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में एक महिला ने घरेलू विवाद के चलते गंगा नदी में छलांग लगाने का प्रयास किया। यह घटना गुरुवार रात बालू घाट चौक के पास नवीन पुल पर हुई। महिला पति से झगड़े के बाद आत्मघाती कदम उठाने जा रही थी।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला पुल पर काफी देर तक खड़ी रही। वह व्याकुल अवस्था में नीचे गंगा की ओर देख रही थी। उसकी गतिविधियों से अंदेशा होने पर वहां से गुजर रहे जागरूक राहगीरों ने तत्परता दिखाई। उन्होंने महिला को पकड़ लिया और कूदने से पहले ही रोक लिया। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी।सूचना मिलते ही गंगाघाट कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। महिला को सुरक्षित थाने ले जाया गया। पूछताछ के दौरान महिला ने बताया कि उसका पति से किसी बात पर विवाद हो गया था। इससे क्षुब्ध होकर उसने यह कदम उठाने की कोशिश की। महिला प्रेम नगर मोहल्ला की निवासी है। पुलिस ने महिला के परिजनों को थाने बुलाया। दोनों पक्षों में बातचीत कराई गई।

# हरचंदा गाँव में स्वास्थ्य मेले के ज़रिए जागरूकता की नई लहर

**बाल विवाह से लेकर परिवार नियोजन तक, सब पर खुलकर हुई बात**

**शिविर में 534 लोगों को मिली स्वास्थ्य सेवाएँ**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । जरवल ब्लॉक के ग्राम पंचायत हरचंदा में आयोजित स्वास्थ्य मेले में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। कुल 534 लोगों का पंजीकरण हुआ, जिनमें से 200 किशोर-किशोरियों ने भी स्वास्थ्य सेवाएं लीं। मेले का आयोजन स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन में पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया और मोबियस फाउंडेशन के सहयोग से 'उम्मीद परियोजना' के अंतर्गत हुआ। कार्यक्रम में बाल विवाह और परिवार नियोजन पर खुलकर संवाद हुआ और ‘इतनी भी क्या जल्दी है’ कैंपेन पर चर्चा हुई, जिसका उद्देश्य किशोरियों में समय से पहले शादी और समय से पहले गर्भधारण को रोकने के लिए जागरूकता फैलाना है।कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के डीपीएम सरजू खान ने कहा कि कम उम्र में शादी और जल्दी गर्भधारण से माँ और बच्चे की सेहत पर विपरीत असर पड़ता है। लड़कियों की शादी 18 वर्ष के बाद और गर्भधारण 20 वर्ष की उम्र के बाद हो, साथ ही दो बच्चों के बीच कम से कम तीन साल का अंतर हो ताकि माँ का शरीर अगली गर्भावस्था के लिए तैयार हो सके। पीएफआई की साफिया जमीर ने बताया कि सभी सरकारी अस्पतालों में परिवार नियोजन के आधुनिक साधन उपलब्ध है, जिसमें कंडोम, कॉपर-टी, गोलियाँ, इंजेक्शन जैसे अस्थायी और पुरुष व महिला नसबंदी जैसे स्थायी साधन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि दंपती अपनी सुविधा अनुसार आशा कार्यकर्ता व सीएचसी में मौजूद काउंसलर की मदद से सही विकल्प का चुनाव कर सकते हैं। इसके प्रचार प्रसार के लिए 'उम्मीद एक्सप्रेस' मोबाइल वैन गाँव-गाँव जाकर परिवार नियोजन परामर्श, स्वास्थ्य जानकारी और सेवाएं उपलब्ध करा रही है।स्वास्थ्य मेले में 33 लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए और 74 लोगों को अस्थायी परिवार नियोजन सेवाएं दी गईं। 88 किशोरियों और महिलाओं को सेनेटरी पैड भी वितरित किए गए।

# एस.बी.आई. ने अमर शहीद की पत्नी को दिया एक करोड़ का आर्थिक सहायता का चेक

**मुख्य प्रबंधक श्रद्धा शुक्ला ने कहा कि शहीद अबरार अहमद मृदुभाषी और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। उनकी क्षति को कोई भी आर्थिक सहायता पूरा नहीं कर सकता**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा नानपारा द्वारा शुक्रवार को बैंक प्रांगण में क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय बहराइच के क्षेत्रीय प्रबंधक विवेक कुमार सिंह एवं मुख्य प्रबंधक श्रीमती श्रद्धा शुक्ला द्वारा अमर शहीद अबरार अहमद पुत्र मोहम्मद गुलाम हजरत की बेवा रूकैया को एक करोड़ की आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक श्री सिंह ने बताया कि व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा के तहत भारतीय स्टेट बैंक नानपारा द्वारा डिफ़ेन्स सेलेरी पैकेज के तहत खाताधारकों को निशुल्क बिना प्रीमियम के रुपया एक करोड़ की सहायता आज प्रदान की गयी।

मुख्य प्रबंधक श्रीमती श्रद्धा शुक्ला ने कहा कि शहीद अबरार अहमद मृदुभाषी और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। उनकी क्षति को कोई भी आर्थिक सहायता पूरा नहीं कर सकती, लेकिन यह राशि उनके परिवार को आत्मनिर्भरता की दिशा में सहारा जरूर देगी। बताया गया कि 11 फरवरी 2025 को एक दुर्घटना में शहीद जवान अबरार अहमद का निधन हो गया था। उक्त कार्यक्रम में फील्ड ऑफिसर रूपेश सिंह, लेखाकार अंकित सिंह सहित बैंक स्टाफ व स्थानीय गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## बकायेदारों से वसूली के लिए अभियान संचालित करेगा अल्पसंख्यक विभाग


कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो. खालिद ने बताया कि उ.प्र. अल्पसंख्यक वित्तीय एवं विकास निगम द्वारा वर्ष 1995 में प्रारम्भ की गई टर्म लोन योजना अन्तर्गत अल्पसंख्यक समुदाय के 1094 लोगों को रोजगार करने के लिए धनराशि रू. 377.92 लाख़ का ऋण दिया गया था, समय से ऋण जमा न होने के कारण मूलधन सहित ब्याज बढ़कर धनराशि रू. 1893.55 लाख़ हो गयी है, विभाग द्वारा बकायेदारों से सम्पर्क करने के बावजूद. भी बकाया धनराशि जमा नहीं की जा रही हैं। इस स्थिति पर प्रबन्ध निदेशक, उ.प्र. अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम द्वारा जनपद में ऋण की वसूली नगण्य होने पर कड़ी नाराज़गी व्यक्त की गई है।श्री खालिद ने डिफाल्टर ऋणधारकों से अपेक्षा की है कि 09 अगस्त 2025 तक बकाया सभी ऋण किश्ते गेंद घर स्थित जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के कार्यालय में जमा करा दें अन्यथा की स्थिति में बकाये की धनराशि की वसूली हेतु भू-राजस्व की भांति आर.सी. जारी करने की कार्यवाही की जायेगी जिसके लिए लाभार्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे।

# न अपराध थम रहा न अपराध की घटनाओं पर विराम लगा पा रही गोण्डा पुलिस

**पीड़ित लोगों के अनुसार शहर में कई ऐसे भीड़-भाड़ वाले स्थान हैं,जहां सुरक्षा के लिए कोई बंदोस्त नहीं है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। शहरी और ग्रामीण इलाके में आए दिन हो रहीं छोटी-बड़ी आपराधिक घटनाओं ने लो गों की बेचैनी बढ़ा दी है।कभी चोरी,कभी लूट, कभी हत्या की घटना को अंजाम देकर बदमाश बड़े आराम से सुरक्षित भाग निकल रहे हैं।इस क्रम में हाल के दिनों में उनका कभी भी पुलिस से आमना-सामना नहीं होता है।हालांकि,घटना के बाद पुलिस जरूर पहुंचती है और छापेमारी होती है।लेकिन बदमाश पकड़े नहीं जाते हैं न ही घटनाओं पर रोक नहीं लग पा रहा है। पीड़ित लोगों के अनुसार शहर में कई ऐसे भीड़-भाड़ वाले स्थान हैं,जहां सुरक्षा के लिए कोई बंदोस्त नहीं है।हां,पुलिस को दो पहिया वाहनों जांच करते जरूर देखा जा सकता है।शहर में कई जगह सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए हैं।लेकिनफिर भी चोरियां बढ़ती जा रही हैं।जिला अस्प ताल में आए दिन तीमारदारों की मोटर साइकि ल चोरी हो रही है।सूत्र बता रहे है जब मोटर साइकिल चोरों का पता लगाने की कोशिश की जाती है तो पता चलता है कि अधिकतर सीसीटीबी खराब हैं।इस वजह से पुलिस को कोई खास मदद नहीं मिल पाती।नतीजतन शहरी और ग्रामीण इलाके में लगातार अपराधी घटना ओं को अंजाम दे रहे हैं।

### आरएसएस कार्यकर्ता की मौत मामले में 17 दिन बाद भी नहीं हुआ खुलासा

राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के मुजेहना ब्लाक के खंड बौद्धिक प्रमुख अविनाश मिश्रा का शव9 जुलाई को संदिग्ध हालत में उनके घर से चंद कदम की दूरी पर एक बाग में पड़ा हुआ था।अविनाश 8 जुलाई मंगलवार को घर से निकले थे लेकिन वापस नहीं लौटे थे।परिवार के लोग उनकी तलाश किया था लेकिन वह नहीं मिले थे।उसके दूसरे दिन बुधवार को बकरी चरा रही महिलाओं ने शव पड़ा देखा तो शोर मचाया। आसपास जुटे लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ ताल के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया था।जिसमे आरएस एस कार्यकर्ता की मौत के मामले में पिता की तहरीर पर पुलिस ने सात लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर किया था।एसओजी सहित कुल पांच टीमें मामले की जांच पड़ताल कर रही है लेकिन 17 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस की पांच टीमों के हाथ खाली हैं।

### परसपुर में अष्टधातु की मूर्ति चोरी का खुलासा न होने पर लोगों में गुस्सा

परसपुर थाना क्षेत्र राजमंदिर से अष्टधातु की बेशकीमती तीन मूर्तियां व सिंहासन चोरी होने की वारदात का खुलासा न होने पर लोगों में गुस्सा पनप रहा है।परसपुर विकास मंच के अध्यक्ष डॉ.अरुण कुमार सिंह ने परसपुर पुलि स पर नाराजगी जताते हुए सवाल उठाए हैं कि साथ ही आंदोलन की चेतावनी दी है।राजमंदिर से मूर्तियों की चोरी के मामले को लेकर लोगों में गुस्सा है।उनका कहना है कि थाने से पांच सौ मीटर दूर स्थित मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है।मगर पुलिस को भनक तक नहीं लग सकी। परसपुर विकास मंच के अध्यक्ष ने पुलिस को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर एक सप्ताह अंदर पुलिस चोरी गई मूर्ति यों की बरामदगी कर चोरों की गिरफ्तारी नहीं करती है तो सामाजिक संगठनों के साथ आंदो लन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी गोंडा पुलिस कि टीमों ने अष्टधातु की चोरी हुई मूर्ति को बरामद नहीं कर सकती है।

## हरियाली से भरी पहल: जी.एन.आर.एफ. ने बहराइच व नानपारा में लगाए पौधे



नानपारा, बहराइच। पर्यावरण संरक्षण को समर्पित दावते इस्लामी इंडिया की शाखा जी.एन.आर.एफ. (ग्लोबल नेचर रिलीफ फाउंडेशन) द्वारा देशभर में चलाए जा रहे वृक्षारोपण अभियान पौधा लगाना है, दरख़्त बनाना है के अंतर्गत बहराइच और नानपारा में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जी.एन.आर.एफ. की टीम ने सबसे पहले पुलिस अधीक्षक (एसपी) बहराइच और अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) बहराइच से सौजन्य भेंट कर उन्हें पर्यावरण के प्रतीकस्वरूप एक पौधा भेंट किया। इसके उपरांत एसपी कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। अधिकारियों ने जी.एन.आर.एफ. के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे अभियान समाज को हरियाली और सकारात्मक सोच की ओर ले जाते हैं। इसी क्रम में नानपारा में भी वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहाँ स्थानीय प्रशासनिक क्षेत्र में जी.एन.आर.एफ. टीम द्वारा पौधे लगाए गए। नानपारा में भी आमजन को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। इस मौके पर मौलाना शादाब मदनी (सुपरवाइजर जी.एन.आर.एफ. बहराइच), हाफिज रईसउद्दीन, मौलाना शाबान मदनी, महशर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मण्डलायुक्त ने विकास कार्यो की समीक्षा बैठक में दिए आवश्यक निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। देवीपाटन मण्डलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में म ण्डलीय विकास कार्यो की गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।बैठक में गोंडा की डीएम नेहा शर्मा,बहराइच की डीएम मोनिका रानी, श्रावस्ती के डीएम अजय कुमार द्विवेदी एवं बलरामपुर के डीएम पवन अग्रवाल मौजूद रहे। मण्डलायुक्त ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि प्रत्येक योजना का लाभ अन्तिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुॅचे,इसके लिए विकास कार्यो का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन अति आवश्यक है।उन्होने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी प्रकार की लापर वाही विलम्ब या उदासीनता स्वीकार नही होंगा बैठक के दौरान उन्होंने सभी विभागों की बारी-बारी से समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्दे श दिए।मंडलायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यो की समीक्षा के दौरान कहा कि रोगी कल्याण के लिए विभाग द्वारा कई लाभपरक योजनाएं संचालित की जाती है जिसकी नियमित समी क्षा की जाए।उन्होंने कहा कि आयुष्मान आरो ग्य मंदिर में तैनात चिकित्सकों व अन्य की उप स्थिति सी.एच.ओ.एप के माध्यम से तथा दवा ईयों के डिमाण्ड भी आनलाइन ऐप के माध्यम से हों तथा सभी सरकारी चिकित्सालयों की साफ सफाई व शौचालयों की साफ सफाई नियमित बेहतर ढंग से हों।श्रम विभाग की यो जनाओं की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा श्रमिक बन्धुओं हेतु विभिन्न क ल्याणकारी योजनाएं संचालित की जाती है। इन योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार कर श्रमिक बन्धुओं को इन कल्याणकारी योज नाओ से जोड़ा जाए।मण्डलायुक्त ने दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि दिव्यांगजन पेंशन में फैमिली आईडी से संबंधित लम्बित प्रकरणों के निस्तारण के लिए मुख्य विकास अधिकारी प्राथमिकता पर कार्य करें।उन्होंने हर घर जल योजना की समी क्षा के दौरान कहा कि योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र में पाइप लाइन डालने के लिए सड़कों को खोदा गया है उनके रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ हों।उन्होंने लोक निर्माण विभाग के कार्यो की समीक्षा की तथा कार्यो को गुणवत्ता के अनुसार निर्धारित सम यावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिये।मंडलायुक्त द्वारा समीक्षा बैठक में कृषि विभाग,पंडित दीन दयाल स्ट्रीट लाइट योजना,विद्युत आपूर्ति ग्रामों का ऊर्जीकरण,कृषि रक्षा रसायन,जल निगम, सेतुओं का निर्माण,प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण/शहरी), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल, नई सड़कों का निर्माण, राज्यमार्गों का अनुरक्षण,महात्मा गाँधी राष्ट्रीय रोजगार गारण्टी योजना,सौभाग्य योजना आदि विभागों की योजनाओं का गहन समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये।उन्होंने विभागवार समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं,कार्यों तथा जन कल्याणकारी कार्यक्रमों को पात्र व्यक्तियों तक प्रत्येक दशा में पहुंचाया जाये।

# सैदापुर के ग्रामीणों ने रोड नही तो वोट नही का बैनर लगाकर विरोध में की नारेबाजी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । विकास क्षेत्र अमेठी की ग्राम पंचायत नुवावा के गांव सैदापुर के ग्रामीणों का आक्रोश शुक्रवार को दोपहर में आखिरकार सड़कों पर फूट पड़ा। ग्रामीणों ने ÷रोड नही तो वोट नहीं÷ के नारे लगाते हुये विरोध प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जाहिर की है। ग्रामीणों का कहना है कि पांच साल बीतने के बाद भी गांव में अब तक कोई विकास कार्य नही हुआ है और गली गलियारा दुरुस्त न होने से आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आक्रोशित ग्रामीणों ने चंदा लगाकर खड़ंजे का निर्माण प्रारम्भ करवा दिया है। क्षेत्र के गांव सैदापुर निवासी रज्जाक अली, राजेश, शिवम मिश्रा,अफजल खान, मेहंदी हसन, अमित मिश्रा, सुनील मिश्रा, मनोज, अनिल द्विवेदी, सोनू खान, बृजेश सहित दर्जनों ग्रामीण इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुये और सभी लोगों ने एक स्वर में कहा कि प्रशासन द्वारा अब तक सिर्फ वादे किये गये हैं लेकिन ज़मीनी स्तर पर कोई काम नही हुआ है। ग्रामीणों की मानें तो इस गांव की सबसे बड़ी समस्या सड़क की है जो कि पूरी तरह जर्जर और कीचड़ से भरी हुई है। इसी रास्ते से छोटे बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और मरीजों को आना जाना पड़ता है। बीमारी हालत में महिलाओं एवं अन्य व्यक्तियों को कंधे पर उठाकर अस्पताल तक ले जाना पड़ता है जिससे ग्रामीणों को अत्यधिक परेशानी होती है। प्रशासनिक उपेक्षा केगांव वालों ने हार मानने की बजाय अपने स्तर पर चंदा इकट्ठा कर खड़ंजा का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासनिक उपेक्षा के चलते उन्हें मजबूरी में यह कदम उठाना पड़ा है। ग्रामीणों द्वारा गांव के किनारे रोड नही तो वोट नही का बैनर भी लगा दिया गया है।

# जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कई स्कूलों का किया निरीक्षण छात्र संख्या बढ़ाने के लिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पीलीभीत।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित सिंह ने विकास क्षेत्र ललौरीखेड़ा के प्राथमिक विद्यालय खमरिया पुल तथा ब्लॉक बीसलपुर के कंपोजिट विद्यालय चुरासकतपुर, कंपोजिट विद्यालय अभयपुर प्राथमिक विद्यालय जल्लापुर एवं प्राथमिक विद्यालय दुक्सी का औचक निरीक्षण किया गया। प्राथमिक विद्यालय जल्लापुर में कोई भी छात्र ड्रेस में नहीं उपस्थित पाया गया जिस पर बीएसए द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रधान अध्यापक पर कार्रवाई करने हेतु चेतावनी जारी की गई। कंपोजिट विद्यालय अभयपुर में उपस्थित छात्र संख्या कम पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी कार्यरत अध्यापकों को निर्देशित किया गया की विद्यालय में छात्र उपस्थित बढ़ाएं अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी साथ ही विद्यालय में प्राप्त कंपोजिट ग्रांट से रंगाई पुताई तथा लघु मरम्मत करने हेतु प्रधान अध्यापक को निर्देशित किया गया। जिन प्राथमिक विद्यालयों में फर्नीचर नहीं है। उन विद्यालयों के प्रधान अध्यापक को निर्देशित किया गया कि फर्नीचर प्राप्त करने हेतु ग्राम प्रधान से संपर्क करना सुनिश्चित करें। सभी निरीक्षित विद्यालयों के प्रधान अध्यापक को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक दिन प्रार्थना सभा के बाद योग एवं पीटी अनिवार्य रूप से कराई जाए साथ ही छात्रों को प्रतिदिन अंग्रेजी भाषा में अपना परिचय देने हेतु सिखाना सुनिश्चित करें तथा विद्यालय में सप्ताह में दो बार हिंदी समाचार पत्र लाते हुए छात्रों को उपलब्ध कराया जाए जिससे उनको जानकारी प्राप्त हो सके। विद्यालय में छात्र उपस्थिति बढ़ाने हेतु विद्यालय समय से पहले या विद्यालय समय के बाद ग्राम भ्रमण अनिवार्य रूप से किया जाए।

# सपा नेता राजकुमार राजू के कैम्प कार्यालय पर मनाई गई पूर्व सांसद की जयंती

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पूरनपुर। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार ''राजू'' के कैम्प कार्यालय पर पूर्व सांसद फूलन देवी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर राजकुमार ''राजू'' और उनके साथियों ने फूलन देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।इस अवसर पर सपा नेता राजकुमार ''राजू'' ने कहा कि ''फूलन देवी जी की कहानी समाज के पिछड़े, वंचित और दलित समाज के संघर्ष का इतिहास है। वह कश्यप, मल्लाह, बिंद, निषाद, बाथम, मांझी समाज की अस्मिता और सामाजिक न्याय की प्रतीक बन गई थीं। समाजवादी पार्टी ने फूलन देवी को सांसद बनाकर कश्यप-निषाद समाज को उसका हक और सम्मान दिलाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया था।

इस अवसर पर कश्यप सामाजिक संस्था के अध्यक्ष संत राम कश्यप ने फूलन देवी के जीवन और उनके योगदान को याद किया और कहा कि ''उनकी विरासत आज भी समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा फूलन देवी के आदर्शों और मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।कार्यक्रम का संचालन सपा नेता ओम शर्मा ने किया अध्यक्षता संतराम कश्यप ने किया एव कार्यक्रम संयोजक समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार ''राजू'' के किया इस अवसर पर प्रमुख रूप से समाजवादी छात्र सभा के पूर्व प्रदेश सचिव नोमान अली वारसी,महिला सभा विधानसभा अध्यक्ष मीता सिंह,अहीद खा,आकाश भारती,अर्पित कश्यप,अनिल शर्मा,ठाकुर दास,सतीश यादव,जवाहर लाल शर्मा,बादल शर्मा,रामदास पाल,प्रमोद यादव ने विचार रखे इस अवसर पर बड़ी संख्या मे सपा कार्यकर्ताओं की उपस्तिथि रहें जिनमे नाबीर अली मंसूरी,वीणू भारती,आकाश सक्सेना,मोहित,बसंत भारती आदि उपस्तिथ रहें।

# शिक्षा चौपाल ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था के महत्वपूर्ण कदम : शैलेन्द्र प्रताप सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। दूबेपुर के उतरी ग्रामसभा के उच्च प्राथमिक विद्यालय उतरी में शिक्षा चौपाल और अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय प्रबंधन समिति, अभिभावकों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, स्कूल ड्रॉपआउट दर में कमी और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना रहा।

मुख्य अतिथि एमएलसी सुलतानपुर/अमेठी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षा चौपाल जैसे प्रयास ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। आपने अभिभावकों को अपने बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में करवाने हेतु प्रेरित किया।तथा सरकार की शिक्षा के लिये चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुलतानपुर उपेन्द्र गुप्ता ने निपुण भारत मिशन और दिव्यांग बच्चों के लिये चलाई जा रही योजनाओं की चर्चा की और उनको उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की चर्चा की। खण्ड शिक्षा अधिकारी दूबेपुर राम तीरथ वर्मा ने पूरे ब्लॉक के कायाकल्प का डेटा प्रस्तुत किया तथा शिक्षकों द्वारा टीएलएम और आईसीटी के प्रयोग का डेटा प्रस्तुत किया।

बैठक में निम्नलिखित बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं की स्थिति, विद्यार्थियों की उपस्थिति और शैक्षणिक प्रगति अभिभावकों की भागीदारी और जिम्मेदारी शिक्षकों की नियमितता और गुणवत्तासरकारी शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी एवं क्रियान्वयन को बताया। सभी उपस्थित प्रतिभागियों ने शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने हेतु सहयोग का संकल्प लिया। उक्त शिक्षा चौपाल का आयोजन प्रधानाध्यापक केडी सिंह अनिल सिंह शीला मौर्य विमलेश उमेश गुप्ता एवं चारों विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा किया गया। चौपाल में जिसमें सैकड़ो की संख्या में अभिभावक, नोडल शिक्षक संकुल पूर्व बीआरसी बजरंग यादव आरिफ मोहम्मद खालिद फिरोज अहमद राधेश्याम राजेश पांडेय राजेश सिंह उमेश गुप्ता दिव्या सिंह जाहिदा तबस्सुम सौम्या एसएमसी अध्यक्ष राजमणि शिवलाल शिव शंकर रमेश राजगोपाल अखिलेश राम अवतार अंजू देवेंद्र धर्मेंद्र सुमन उपस्थित रहे।

# महंद खास में संदिग्ध परिस्थितियों में ग्रामीण की मौत परिजनों में मचा कोहराम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव महंद खास के रहने वाले लेखराज पुत्र नोखेलाल उम्र 55 वर्ष के परिजनों ने शुक्रवार सुबह दस बजे बताया कि गुरुवार की रात में ग्रामीण को डायरियां हो गया था। तभी गांव में ही डाक्टर से दवाई दिलाई थी। शुक्रवार की सुबह दस बजे परिजन ग्रामीण को अस्पताल लेकर पहुंचे जहाँ डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। ग्रामीण की मौत की सूचना डॉक्टर ने पुलिस को भेजी। वहीं सीएचसी चिकित्सक ने बताया कि मौत का कारण पोस्टमार्टम में ही पता लग सकता हैं। ऐसे कुछ भी बता पाना मुश्किल है फिलाहल मामले की सूचना पुलिस को भेज दी है।

## सकरिया मोड़ नेशनल हाईवे पर कार डीसीएम की भिड़ंत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखीमपुर खीरी मेला मैदान निवासी आलोक कुमार पुत्र सतीश चंद्र गांव के ही अपने मित्र असीम कुर्री के साथ कार से बिजनौर से अपने घर बापस लौट रहे थे। जैसे ही पूरनपुर सकरिया मोड़ के पास में पहुंचे तभी सामने से आ रही डीसीएम ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में आलोक कुमार घायल हो गए। वही उनके मित्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए 108 एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भिजवाया और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया गया है। मामले की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई है।

## अचेत अवस्था में पड़ा मिला युवक एक दिन पूर्व घर से हुआ था लापता

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर अहमदनगर के रहने वाले शान मोहम्मद पुत्र हकीमुल्लाह 29 वर्ष परिजनों ने बताया कि गुरुवार को घर गया था और उसके बाद घर बापस नहीं लौटा परिजनों ने काफी तलशा किया पर कौई जानकारी नहीं लग सकी थी। शुक्रवार की सुबह तड़के 6 बजे पड़ोस के ही मोहल्ला पंजाशाह गोटियां के पास में अचेत अवस्था पड़ा देखा गया। मामले की सूचना परिजनों को लगी तो वह मौके पर पहुंच गए और युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## युवा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल संगठन के विस्तार तथा व्यापारिक समस्याओं को लेकर की बैठक

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के एक बैंकट हॉल में युवा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें युवा व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष नितिन वर्मा द्वारा व्यापार मंडल में नए सदस्य बजी मंसूरी,सुनील वर्मा, साविद मंसूरी को नये दायित्वों के साथ स्वागत किया गया जोकि व्यापार मंडल की स्वच्छ नीतियों से प्रभावित होकर शामिल हुए,युवा व्यापार मंडल की तरफ से नए सदस्यों को माला पहनाकर स्वागत किया गया और उन्हें व्यापार मंडल की नीतियों से अवगत कराया गया,नए बने सदस्यों ने भी व्यापारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ रहने का वादा किया, आगामी 26 जुलाई को जिले में होने वाली बैठक में सभी से पहुंचने की अपील की। बैठक में मंत्री जी सहित तमाम पुलिस विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहेंगेम्कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष नितिन वर्मा स्वर्णकार और संचालन मीडिया प्रभारी विकास गुप्ता द्वारा किया गया।बैठक में मुख्य रूप से उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला,रवि जायसवाल, परवेज खान,जफर अली युवा इकाई के महामंत्री सुभाष गुप्ता,गौरव गुप्ता,रितेश खंडेलवाल,रिजवान सिद्दीकी,राहत शेरी, मो. हसन,अजय गुप्ता,अंकित अग्रवाल, संजीव यादव,बजी मंसूरी, सविद मंसूरी, सुनील वर्मा,रिजवी सिद्दीकी,असलम अली,राजेंद्र गुप्ता आदि व्यापार मंडल के सदस्य शामिल रहे।

## इनर व्हील क्लब अध्यक्ष ने इनर व्हील और नगर पालिका परिषद की ओर से महिला मण्डल कांवर का किया स्वागत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता की धर्मपत्नी एवं इनर व्हील क्लब ऑफ पूरनपुर ग्लोरी की अध्यक्ष कल्पना गुप्ता ने इनर व्हील क्लब ऑफ़ पूरनपुर ग्लोरी एवं नगर पालिका परिषद पूरनपुर की ओर से अपने सदस्यों के साथ सनातन धर्म ठाकुर द्वारा मंदिर से निकाली जा रही तृतीय महिला मंडल जलाभिषेक पद यात्रा का स्वागत किया एवं सेवा भाव से सहभागी बनीं।

# इनरव्हील क्लब ऑफ पूरनपुर ग्लोरी ने मनाया तीज महोत्सव



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।इनरव्हील क्लब ऑफ ग्लोरी के सहयोग से तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चार्टर प्रेसिडेंट सलोनी गुप्ता की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर बच्चों को तीज महोत्सव के उपलक्ष्य में मेहंदी प्रतियोगिता करवाई। उन्होंने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के विषय में भी बताया कि प्रत्येक बच्चे को कीड़ों वाली दवाई आने वाली 10 अगस्त को जरूर खानी है कार्यक्रम का आयोजन सचिव रुचि खन्ना, उपाध्यक्ष रिंकी गुप्ता, संपादिका खुशबू गुप्ता और क्लब सदस्य पूनम कपूर और निधि वर्मा के द्वारा किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान शिव के आगे दीप जलाकर और सावन गीत गाकर किया गया कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने तीज गेम और हाऊजी का आनंद लिया गेम में क्लब की नई सदस्य विजेता प्रधान ,आई पी पी पूनम गुप्ता विजई रहीं तीज क्वीन पूर्व अध्यक्ष सीमा गुप्ता जी बनी जिनको क्राउन पहनाकर गिफ्ट दिया गया इस अवसर पर अध्यक्ष कल्पना गुप्ता ने सभी सदस्यों को संबोधित करके त्यौहार की शुभ कामनाएं दी और डिस्ट्रिक्ट से मिली मेरी किताब को सभी सदस्यों को दिया गया जिससे वो इसको बांट सके चार्टर अध्यक्ष सलोनी गुप्ता ने कार्यक्रम में विशेष सहयोग किया। कोषाध्यक्ष प्रगति गुप्ता, आईएसओ राजविंदर कौर पूर्व अध्यक्ष संगीता गुप्ता ,पूर्व अध्यक्ष मोनिका होरा , मीनाक्षी खन्ना ,मधुरिमा गुप्ता ,प्रीति अग्रवाल,मीना रस्तोगी,शशि खंडेलवाल, डिंपी गुप्ता ,कीर्ति मल्होत्रा आदि सदस्य उपस्थित रहीं।

# सरकारी आदेशों की खुलेआम अवहेलना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। योगी सरकार द्वारा स्पष्ट निर्देशों के बावजूद भी बल्दीराय तहसील सहित ब्लॉक कार्यालयों में निजी कर्मचारियों की तैनाती निरंतर बनी हुई है। सरकारी कार्यालयों में इन प्राइवेट कर्मियों की सक्रियता न सिर्फ शासनादेश की अवहेलना है, बल्कि इससे सरकारी गोपनीयता और पारदर्शिता भी प्रभावित हो रही है। जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी और शिथिलता से भ्रष्टाचार को खुला समर्थन मिल रहा है।

तहसील मुख्यालय के एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार कार्यालयों में कई निजी कर्मी प्रतिदिन सरकारी कर्मचारियों की तरह कार्य करते नजर आते हैं। यही नहीं, कई लेखपाल भी अपने निजी सहायकों के माध्यम से काम करा रहे हैं, जो न केवल नियमों के विरुद्ध है, बल्कि कई बार किसानों से अवैध वसूली की भी शिकायतें सामने आई हैं। धारा 24 के अंतर्गत हो रही मनमानी पैमाइश में क्षेत्र के किसानों ने आरोप लगाया है कि भूमि की पैमाइश के दौरान निजी कर्मियों द्वारा किसानों से मोटी रकम वसूली जाती है। जिन किसानों के पास देने के लिए पैसे नहीं होते, उनकी पैमाइश जानबूझकर टाल दी जाती है। ऐसे कई मामले तहसील कार्यालय में सामने आए हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर कुछ भी ठोस नहीं हुआ है।

बल्दीराय ब्लॉक कार्यालय में भी कुछ सफाईकर्मी और निजी व्यक्ति विभिन्न विभागों में बाबुओं की तरह बैठकर सरकारी कामकाज संभालते दिखाई देते हैं। कई ग्राम पंचायतों में सचिवों द्वारा भी निजी व्यक्तियों से परिवार रजिस्टर की नकल जैसे संवेदनशील कार्य करवाए जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर जब यह मामला उठा तो ब्लॉक कार्यालय की किरकिरी हुई, लेकिन फिर भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ। सूत्रों का दावा है कि इन निजी कर्मचारियों को एक स्थानीय जनप्रतिनिधि का संरक्षण प्राप्त है, जिस कारण अधिकारी चाहकर भी कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं। इनसेट -

बल्दीराय तहसील के उपनिबंधक कार्यालय में तो स्थिति और भी गंभीर है। दो सरकारी कर्मियों के अतिरिक्त बाकी सारा कार्य निजी कर्मचारियों के द्वारा किया जा रहा है। ये निजी कर्मी न केवल बैनामा से जुड़ी गोपनीय जानकारी का दुरुपयोग करते हैं, बल्कि बैनामा लिखने से पहले कमीशन लेकर किसानों को अंदर भेजते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुछ मामलों में तो जिस भूमि पर आवास बना हुआ है, उसका बैनामा कृषि योग्य भूमि के रूप में दिखा कर किया गया, जिससे कार्यालय की साख को नुकसान पहुंचा है। कई लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उपनिबंधक कार्यालय में गोपनीयता की कोई परवाह नहीं की जाती और निजी कर्मियों द्वारा खुलेआम अनुचित कार्य कराए जाते हैं।

**निष्क्रियता और संरक्षण से बढ़ रही समस्या**

प्रशासनिक अधिकारियों की निष्क्रियता और कुछ कर्मचारियों को राजनीतिक संरक्षण मिलने के कारण यह अवैध व्यवस्था लगातार फल-फूल रही है। सरकार की मंशा साफ है कि सरकारी कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही हो, लेकिन ज़मीनी हकीकत इसके विपरीत नजर आ रही है। अब देखने वाली बात यह होगी कि शासन इस गंभीर मुद्दे पर क्या रुख अपनाता है और क्या दोषी अधिकारियों और इन निजी कर्मचारियों पर कोई ठोस कार्रवाई होती है या फिर यह भ्रष्टाचार यूं ही बेलगाम चलता रहेगा।

## विधायक ने सीएम योगी से की मुलाकात क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर हुई चर्चा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। भाजपा विधायक बाबूराम पासवान ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की हैं।इस दौरान उन्होंने विधानसभा पूरनपुर के ग्राम माधोटांडा में ब्लॉक बनवाने के संबंध में पत्र दिया साथ मे विधानपरिषद सदस्य सुधीर गुप्ता ने भी अपना पत्र देकर इस विषय के बारे में बताया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शीघ्र ही ब्लॉक को बनवाने का आश्वासन दिया है। माधोटांडा मे ब्लॉक क्षेत्र के विकास से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की वही ग्राम माधोटांडा में पवित्र मां गोमती उदगम स्थल के निम्न कार्यों के सौंदर्यीकरण के संबंध में पत्र दिया व पूरनपुर के ऐतिहासिक रामलीला मैदान के निम्न कार्यों को लेकर पत्र दिया व ग्राम घुंघचिहाई में पौराणिक मंदिर के निम्न कार्यों के जीर्णोद्धार कराने के संबंध में पत्र दिया प्रमुख सचिव के द्वारा निम्न कार्यों को शीघ्र से शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का आश्वासन दिया विधायक ने सीएम के समक्ष सिंचाई की समस्या को प्रमुखता से उठाया नदी पर पुल निर्माण के मुद्दे पर भी बातचीत की। साथ ही क्षेत्र में कुछ और सड़कों के निर्माण की भी मांग की है।साथ ही बिजली कटौती का मुद्दा भी मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और क्षेत्र की अन्य समस्याओं के समाधान की भी मांग की है।

## चौधीपुर के पास कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना जगदीशपुर क्षेत्र के रायबरेली अयोध्या राष्टीय राजमार्ग पर स्थित गांव चौधीपुर गांव के पास शुक्रवार को एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से मोटर साइकिल सवार युवक की मौत हो गयी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।पुलिस के मुताबिक गांव पूरे टिकैत बढ़ौली निवासी श्रीराम मौर्य उम्र पैंतालिस वर्ष शुक्रवार को घरेलू कार्य से मोटरसाइकिल से रायबरेली की तरफ जा रहे थे वह रायबरेली अयोध्या मार्ग पर स्थित गांव चौधीपुर के पास पहुंचे ही थे कि तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई और कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में चली गई। इस घटना के बाद चौपहिया वाहन चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी धीरेंद्र यादव ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## देवी दुर्गा धाम पर होगा आल्हा, फौजदार सिंह सुनाएंगे इतिहास

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। 27 जुलाई रविवार को जनपद के सुदूर पूर्व अखंडनगर ब्लॉक में और आसपास के अन्य जिलों के 52 गांव में फैले हुए कच्छवाहा वंशी क्षत्रिय समाज के बंधु बांधवों की अधिष्ठात्री देवी दुर्गा मंदिर धाम पिलाई कोट देवनगर के भव्य मंदिर में आल्हा गायन का कार्यक्रम होगा। पवित्र श्रावण मास के तीसरे रविवार 27 जुलाई को इतिहास प्रसिद्ध रचना आल्ह खंड पर आधारित आल्हा ऊदल की कहानी अपने स्वर और वाद्य यंत्रों तथा अपनी टीम के साथ अंतरराष्ट्रीय आल्हा गायक बाबू फौजदार सिंह आल्हा सम्राट गायन करेंगे। समय 12 बजे से आपकी इच्छा और श्रवणशक्ति तक बड़े भाई ने गाने का वचन दिया है। देवी माई के पावन प्रांगण में आप सभी अधिक से अधिक संख्या में पधारकर एक अंतरराष्ट्रीय कलाकार की कला का श्रवण करें और अपने भूले हुए इतिहास को जानें। उपर्युक्त कार्यक्रम में आप सभी भक्तजन क्षेत्रवासी सादर आमंत्रित हैं।

## आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण तरीके से करें निस्तारण

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण को लेकर बैठक आयोजित हुई।बैठक में अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता द्वारा समस्त अधिकारियों को संदर्भ की नियत तिथि के पहले ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही निस्तारण से शिकायतकर्ताओं को भी संतुष्ट फीडबैक प्राप्त करने के निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त बैठक में अपर जिलाधिकारी ने सर्वाधिक असंतुष्ट फीडबैक वाले विभागों को कड़ी चेतावनी देते हुये भविष्य में शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में एसडीएम सात्विक श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी सन्तोष श्रीवास्तव, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अमित विश्वकर्मा सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# सुरक्षा पहले

हाल के दिनों में हवाई उड़ान को लेकर तमाम ऐसी खबरें अखबारों की सुर्खियां बनती रही हैं कि जिससे आम लोगों के मन में हवाई यात्रा को लेकर असुरक्षा बोध पनपा है। यह स्वाभाविक है क्योंकि हवाई यात्रा के साथ तमाम तरह के जोखिम जुड़े हैं। गत बारह जून को अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया के भयावह विमान हादसे के बाद, जिसमें 260 लोग मारे गए थे, भारत का नागरिक उड्डयन क्षेत्र गहन जांच के घेरे में है। यद्यपि प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में कई तरह की व्याख्याएं और निष्कर्ष सामने आ रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद आम धारणा यही है कि भारत की हवाई यात्रा व्यवस्था में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। हाल ही में हुए एक राष्ट्रव्यापी ऑनलाइन सर्वेक्षण में लगभग 76 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि भारत में कई एयरलाइनें यात्रियों की सुरक्षा की तुलना में प्रचार पर ज्यादा धन खर्च कर रही हैं। निस्संदेह यह गलत प्राथमिकताओं का एक ज्वलंत प्रसंग है, जो यही दर्शाता है कि हवाई यातायात व्यवस्था को पारदर्शी व जवाबदेह बनाने की सख्त जरूरत है। यह भी कि यात्रियों की सुरक्षा और कुशल हवाई संचालन में किसी चूक के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति सख्ती से अपनाई जानी चाहिए। निस्संदेह इस बाबत सख्त कार्रवाई कुशल व सुरक्षित हवाई यातायात का मार्ग सुनिश्चित करेगी। विडंबना यह है कि हमने विगत के हवाई हादसों से कोई गंभीर सबक नहीं सीखे। 'सब चलता है' की नीतियां ही क्रियानवित होती रही हैं। एक के बाद एक हादसों के लिए जांच आयोग तो कई बैठे, लेकिन सुधार के प्रयास तार्किक परिणति तक नहीं पहुंचे। हमारी राजनीतिक अक्षमताएं और निगरानी करने वाले संस्थानों में राजनीतिक हस्तक्षेप से अनुभवहीन लोगों को बैठाना भी हवाई परिचालन में अव्यवस्था का सबब बना। जिसके चलते हमारी हवाई व्यवस्था असुरक्षा के भय से मुक्त न हो पा रही है। साथ ही हमारी हवाई सेवाएं वैश्विक मानकों की कसौटी पर खरी न उतर पायीं। जिसका खमियाजा देश के हवाई यात्री भी भुगत रहे हैं। निस्संदेह विश्व की चौथी आर्थिक शक्ति बने भारत में नागरिक सेवाओं में यह गुणवत्तापूर्ण झलक नजर आनी चाहिए। यह गुणवत्ता विदेशी निवेशकों के लिए भी जरूरी है लेकिन फिलहाल हमारा नागरिक सेवाओं के प्रति अपेक्षित भरोसा नहीं बन पा रहा है। उल्लेखनीय है कि नागरिक सहभागिता मंच, लोकल सर्किल्स द्वारा किए गए सर्वेक्षण में यह भी पाया गया कि सर्वे में शामिल 64 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि पिछले तीन वर्षों में कम से कम एक बार उन्होंने कठिन उड़ान का अनुभव किया था, जिसमें टेकऑफ, लैंडिंग या उड़ान के दौरान कठिन परिस्थितियां शामिल थीं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सोमवार को इस चिंताजनक स्थिति का सारांश प्रस्तुत किया, जिसमें राज्यसभा को बताया गया कि पिछले छह महीनों में पांच 'पहचाने गए' सुरक्षा उल्लंघनों के संबंध में एयर इंडिया को नौ कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। यह वास्तव में एक उल्लेखनीय दिन था जिस दिन संसद में विमानन सुरक्षा का ज्वलंत मुद्दा गूंजा - उसी दौरान एक विमान लैंडिंग के दौरान रनवे से भटक गया, दूसरे ने आपातकालीन लैंडिंग की, एक विमान की बाहरी खिड़की का फ्रेम हवा में ही टूट गया, और एक उड़ान का टेकऑफ तकनीकी खराबी के कारण अंतिम समय में रद्द कर दिया गया। सौभाग्य से, इन घटनाओं में किसी की जान या अंग की हानि नहीं हुई, लेकिन यात्रियों के आत्मविश्वास को निश्चित रूप से ठेस पहुंची। अब समय आ गया है कि विभिन्न एयरलाइंस कंपनियां यह समझें कि सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। लेकिन यदि प्रचार अभियानों के जरिए ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को हवाई यात्रा के लिए आकर्षित करने की कवायद के बीच हवाई सुरक्षा से जुड़ी बुनियादी बातों को नजरअंदाज कर दिया गया, तो ये तमाम लुभावनी कोशिशें नाकाम हो सकती हैं। निस्संदेह यात्रियों को हर योजना में प्राथमिकता का स्थान मिलना चाहिएय उनकी सुरक्षा को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। और जब भी कोई एयरलाइंस सुरक्षा प्रोटोकॉल में किसी तरह की कोताही बरते, विमानन नियामक को तुरंत सख्त कार्रवाई करनी ही चाहिए।

# बटवारा धर्म नहीं धर्मनिरपेक्षता के आधार पर हुआ था

**भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने की कुंठा से ग्रस्त किसी भी व्यक्ति से बात करेंगे तो उसकी बुनियाद में आपको धर्म के आधार पर भारत के बटवारे की ही बात सामने आएगी। यानी भारत के संविधान की प्रस्तावना से सेक्युलर और समाजवादी शब्द हटाने की आरएसएस और भाजपा की साज़िश को जो भी जनसमर्थन मिलता है उसके पीछे इस गलत धारणा का ही असर है कि भारत का बटवारा धर्म के आधार पर हुआ था। इसे आप हिन्दुत्ववादी शक्तियों की सफलता से ज़्यादा इतिहास की तथ्यात्मक जानकारी का प्रसार कर पाने में सेक्युलर पार्टियों की विफलता का परिणाम कह सकते हैं। हद तो यह है कि बहुत से सेक्युलर लोग भी इसी झूठ को अनजाने में दोहराकर हिंदुत्व की वैचारिकी को मदद पहुंचाते हैं। इस धारणा पर यकीन करने वाले सेक्युलर लोग साम्प्रदायिकता के ख़िलाफ किसी गहरे वैचारिक संघर्ष में जाने के बजाये उसे क़ानून व्यवस्था के नज़रिये से देखने की सीमा में बंध जाते हैं। जबकि ऐतिहासिक तथ्य यह है कि भारत का बटवारा धर्मनीरपेक्षता के आधार पर हुआ था। इसको समझने के लिए भारतीय राष्ट्रवाद के उभार और उसके चरित्र को समझना होगा। 1885 में कांग्रेस के निर्माण के साथ ही आधुनिक भारतीय राष्ट्रवाद का उदय हुआ। जिसकी नींव में 1857 के धर्म से ऊपर उठकर भारतियों द्वारा की गयी स्वतंत्रता आंदोलन की पहली कार्यवाई का अनुभव शामिल था। जिसका नेतृत्व आख़िरी मुग़ल बादशाह बहादुर शाह ज़फ़र ने किया था। इस प्रतीक का महत्व राष्ट्रीय आंदोलन में कितना निर्णायक था इसे इस तथ्य से समझा जा सकता है कि सुभाष चंद्र बोस ने 1944 में इंडियन नेशनल आर्मी के गठन के बाद सबसे पहले रंगून में बहादुर शाह ज़फ़र की मज़ार पर जाकर देश को आज़ाद कराने का संकल्प लिया था।**


शाहनवाज़ आलम

यह बात एक आम धारणा का रूप ले चुकी है कि देश का बटवारा धर्म के आधार पर हुआ था. इस धारणा से दो तर्क मजबूत होते हैं। पहला कि भारत एक हिन्दू आबादी वाला देश था और उसकी अल्पमत मुस्लिम आबादी ने इस्लाम के नाम पर अपना हिस्सा 'पाकिस्तान' ले लिया। इसलिए बचा हुआ भारत स्वतः ही हिन्दू राष्ट्र हो जाता है। दूसरा, धर्म के आधार पर बटवारे में मुस्लिमों द्वारा अपना हिस्सा ले लेने के बाद जो मुसलमान हिन्दू भारत में बच गए उन्हें हिन्दू बहुसंख्यकवाद की अधीनता स्वीकार करनी पड़ेगी। स्वतंत्रता के बाद के कुछ सालों तक आरएसएस, हिन्दू महासभा और जनसंघ भारत के मुसलमानों को पाकिस्तान भेजने की वकालत पहले तर्क के आधार पर ही करते रहे थे। लेकिन जब यह स्पष्ट हो गया कि यह सम्भव नहीं है तब गोलवलकर के समय में आरएसएस ने यह लाइन ली कि भारतीय मुसलमान यहां रहें लेकिन हिन्दू वर्चस्व स्वीकार करें। भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने की कुंठा से ग्रस्त किसी भी व्यक्ति से बात करेंगे तो उसकी बुनियाद में आपको धर्म के आधार पर भारत के बटवारे की ही बात सामने आएगी। यानी भारत के संविधान की प्रस्तावना से सेक्युलर और समाजवादी शब्द हटाने की आरएसएस और भाजपा की साज़िश को जो भी जनसमर्थन मिलता है उसके पीछे इस गलत धारणा का ही असर है कि भारत का बटवारा धर्म के आधार पर हुआ था। इसे आप हिन्दुत्ववादी शक्तियों की सफलता से ज़्यादा इतिहास की तथ्यात्मक जानकारी का प्रसार कर पाने में सेक्युलर पार्टियों की विफलता का परिणाम कह सकते हैं। हद तो यह है कि बहुत से सेक्युलर लोग भी इसी झूठ को अनजाने में दोहराकर हिंदुत्व की वैचारिकी को मदद पहुंचाते हैं। इस धारणा पर यकीन करने वाले सेक्युलर लोग साम्प्रदायिकता के ख़िलाफ किसी गहरे वैचारिक संघर्ष में जाने के बजाये उसे क़ानून व्यवस्था के नज़रिये से देखने की सीमा में बंध जाते हैं। जबकि ऐतिहासिक तथ्य यह है कि भारत का बटवारा धर्मनीरपेक्षता के आधार पर हुआ था। इसको समझने के लिए भारतीय राष्ट्रवाद के उभार और उसके चरित्र को समझना होगा। 1885 में कांग्रेस के निर्माण के साथ ही आधुनिक भारतीय राष्ट्रवाद का उदय हुआ। जिसकी नींव में 1857 के धर्म से ऊपर उठकर भारतियों द्वारा की गयी स्वतंत्रता आंदोलन की पहली कार्यवाई का अनुभव शामिल था। जिसका नेतृत्व आख़िरी मुग़ल बादशाह बहादुर शाह ज़फ़र ने किया था। इस प्रतीक का महत्व राष्ट्रीय आंदोलन में कितना निर्णायक था इसे इस तथ्य से समझा जा सकता है कि सुभाष चंद्र बोस ने 1944 में इंडियन नेशनल आर्मी के गठन के बाद सबसे पहले रंगून में बहादुर शाह ज़फ़र की मज़ार पर जाकर देश को आज़ाद कराने का संकल्प लिया था। यहां यह याद रखना भी ज़रूरी होगा कि 1938 में कांग्रेस का अध्यक्ष रहते सुभाष चंद्र बोस ने हिन्दू महासभा और मुस्लिम लीग के सदस्यों के कांग्रेस की सदस्यता लेने पर रोक लगा दिया था। यानी वो मुग़ल बादशाह को मुस्लिम शासन का प्रतीक मानने के बजाये राष्ट्रवाद का प्रतीक मानते थे। वहीं कांग्रेस में इस बात की स्पष्टता शुरू से थी कि उसे समावेशी राष्ट्रीय नेतृत्व विकसित करना है। कलकत्ता में 1886 में आयोजित दूसरे कांग्रेस अधिवेशन में कहा गया कि हिन्दू, ईसाई, मुसलमान और पारसी अपने समाजों के सदस्य होते हुए भी सार्वजनिक मुद्दों पर एक दूसरे का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। 1926 में गुहाटी में आयोजित 41 वें कांग्रेस अधिवेशन में कांग्रेस अध्यक्ष एस श्रीनिवास आएंगर ने एक बार फिर इस बात को मजबूती से स्पष्ट किया कि हमारा उद्देश्य साम्प्रदायिक नेतृत्व और साम्प्रदायिक प्रतिनिधित्व के बजाये राष्ट्रीय नेतृत्व और राष्ट्रीय प्रतिनिधित्व विकसित करना है। एक देशभक्त हिन्दू या मुसलमान को हर समय और हर क़ीमत पर सिर्फ़ अपना ही नहीं बल्कि दूसरे समुदाय का भी नेतृत्व करने के लिए तैयार रहना चाहिए। इस राष्ट्रवादी विचार का ही प्रभाव था कि मौलाना आज़ाद के कांग्रेस अध्यक्ष बनने से न हिन्दू समाज को दिक़्क़त थी और न पटेल, आएंगर, नेहरू या सुभाष चंद्र बोस के अध्यक्ष बनने से मुस्लिमों या सिखों को दिक़्क़त थी। सब को सब पर भरोसा था और इस आपसी भरोसे पर ही हम दुनिया की सबसे शक्तिशाली साम्राज्य से लड़ रहे थे। जो इस आपसी भरोसे के ख़िलाफ थे वो अंग्रेज़ों के साथ थे। वहीं भारतीय राष्ट्रवाद की एक अन्य अहम धारा भगत सिंह और चंद्रशेखर आज़ाद की थी जिनकी पार्टी का ही नाम हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिक एसोसिशन था। यानी यह धारा सेक्युलर के साथ भारत को समाजवादी देश बनाना चाहती थी, वही समाजवादी शब्द जिसे आरएसएस संविधान की प्रस्तावना से हटाना चाहता है। यहां आप कह सकते हैं कि समाजवादी शब्द को प्रस्तावना में जोड़कर इंदिरा गाँधी सरकार ने स्वतंत्रता आंदोलन के इस अहम मूल्य को संवैधानिक दर्ज़ा दे दिया था। यानी, स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल सभी धाराएं आपसी असहमतियों के बावजूद धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद को लेकर आम सहमति रखती थीं। वहीं हिन्दू महासभा और मुस्लिम लीग इस राष्ट्रवादी धारा से अलग रहे। जब बटवारे का प्रस्ताव आया तो हमारा राष्ट्रीय नेतृत्व धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत पर अडिग रहा, उसके किसी भी सदस्य में विचलन नहीं आया। मुस्लिम लीग के साथ कोई भी कांग्रेसी मुस्लिम नेता नहीं गया। पाकिस्तान ने अपने संविधान में ख़ुद को इस्लामी गणराज्य घोषित तो किया लेकिन यह हमारे स्वतंत्रता आंदोलन से निकले धर्मनिरपेक्षता के मूल्यों का ही असर था कि 11 अगस्त 1947 को मोहम्मद अली जिन्ना ने भी अपने पहले सम्बोधन में कहा कि पाकिस्तान में सभी को धार्मिक आज़ादी होगी और राज्य धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करेगा। वहीं दूसरी ओर हमने ख़ुद को धार्मिक राष्ट्र घोषित नहीं किया। भारत धर्मनीरपेक्ष राष्ट्र बना। इसीलिए यह कहना कि भारत विभाजन धर्म के आधार पर हुआ बिल्कुल गलत और हिंदुत्ववादी नैरेटिव है। भारत का बटवारा धर्मनिरपेक्षता के आधार पर हुआ। एक राष्ट्र के बतौर हमें हमेशा याद रखना होगा कि हम सिर्फ़ अंग्रेज़ों से लड़ कर ही स्वतंत्र नहीं हुए बल्कि सेक्युलर और समाजवादी विचारों की विरोधी आरएसएस और हिन्दू महासभा की विचारधारा से भी लड़कर आज़ाद हुए थे। इस तथ्य से थोड़ा सा विचलन भी भारत को खत्म कर देगा।

# चोल राजवंश की अनुपम कृति तंजावुर का वृहदेश्वर मंदिर

**अंजनी सक्सेना**

तमिलनाडु के जनपद तंजावुर यानी तंजौर में चोल राजवंश की अनुपम कृति के रुप में भगवान शंकर का मंदिर है। वहाँ के सभी मंदिरों में यह मंदिर सबसे विशाल है। अतः इसे वृहदेश्वर भी कहते हैं। चोल राजा राजराजेश्वर मुदलियार द्वारा इसका निर्माण कराया गया था इसलिए इसे राज राजेश्वर मंदिर भी कहा जाता है। यह भारत में भगवान शंकर के सर्वाधिक विशाल मंदिरों में से एक है। वृहदेश्वर मंदिर को सन 1987 में यूनेस्को द्वारा विश्व-विरासत सूची में सम्मिलित किया गया। इसके गर्भगृह में विराजमान 'शिवलिंगम' 3.66 मीटर ऊँचा है। राजराजेश्वर मुदयार ने मंदिर का नामकरण इसकी विशालता के अनुरूप ही वृहदेश्वर किया था। मंदिर का प्रांगण आयताकार (240 मीटर लम्बा और 120 मीटर चौड़ा) है। मंदिर का शिखर 60.96 मीटर ऊंचा है। इसके निर्माण के लिए उस समय 50 किलोमीटर दूर से पत्थर लाए गये थे। वृहदेश्वर मंदिर दक्षिण भारतीय मंदिर वास्तुकला का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। इस मंदिर का गर्भगृह, विमानम और गोपुरम अत्यधिक विस्तृत और सुंदर हैं। गर्भगृह में भगवान शिव की विशाल मूर्ति है, जो लिंग रूप में है। गोपुरम में विभिन्न देवी देवताओं की मूर्तियां बनी हुई हैं। विशाल प्रदक्षिणा पथ भी है। वृहदेश्वर मंदिर अपने विशाल आकार के लिए तो प्रसिद्ध है ही मंदिर की दीवारों और स्तंभों पर भी सुंदर नक्काशी की गयी है, जो चोल वंश की कला का अद्वितीय उदाहरण है। यह मंदिर चोल वंश के इतिहास और संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। मंदिर परिसर में मुख्य मंदिर के अतिरिक्त पाँच और मंदिर हैं- चण्डिकेश्वर अम्मन, सुब्रमण्यम, गणेश और कार्तिकेश्वर। मंदिर का विशाल गोपुरम भी मुख्य मंदिर निर्माण के समय ही बना था। मंदिर की दीवारों पर विभिन्न देवी-देवताओं की कलात्मक मूर्तियाँ निर्मित की गई हैं। यहाँ गणेश, श्रीदेवी, भूदेवी, विष्णु, अर्धनारीश्वर चन्द्रशेखर आदि देव रूपों के दर्शन होते हैं। मुख्य मंदिर के सामने नंदी की विशाल प्रतिमा एक चबूतरे पर बनी है। मंदिर में नृत्यरत कई सुन्दर प्रतिमाएं भी दर्शनीय हैं। वृहदेश्वर मंदिर का निर्माण कार्य सन् 1003 ई. में राजा चोल के शासनकाल में प्रारम्भ हुआ, जो सन् 1010 ई. में पूर्ण हुआ। इस मंदिर में दर्शन के लिए महात्मा गांधी भी पहुंचे थे। मंदिर परिसर में महात्मा गांधी के सन 1939 ई. में आशीर्वाद स्वरूप लिखे गए पत्र की प्रति लगाई गई है, जिसमें उल्लेख है कि चोल राजा ने अपने शासन-क्षेत्र के 90 मंदिरों को सभी जातियों के प्रवेश और पूजा-अर्चना के लिए खोल दिया है,इसमें वृहदेश्वर मंदिर भी शामिल है। सितम्बर 2010 में मंदिर की एक सहस्त्राब्दि (एक हजार वर्ष) होने पर अभिनन्दनीय आयोजन हुआ था। तिरुचिरापल्ली से तंजावुर (तंजौर) 50 कि.मी. एवं चेन्नई (मद्रास) से 350 कि.मी. दूर है।



## सेहत मंत्र

# मोटापा और डायबिटीज से छुटकारा दिलाती है भिंडी

ओकरा यानी भिंडी मधुमेह के खतरे और वजन घटाने वाले लोगों के लिए 'सुपरफूड' के तौर पर लोकप्रिय हो रही है। यह आमतौर पर लेडीफिंगर्स के रूप में जानी जाती है। भिंडी कई स्वास्थ्य लाभों के बीच रक्त शर्करा नियंत्रण पर सकारात्मक प्रभाव डालती है। कई रिसर्च में यह साबित हुआ है कि भिंडी डायबिटीज में काफी फायदेमंद होती है। इसके सेवन से ब्लड शुगर काफी हद तक नियंत्रित रहता है। इसके अलावा भिंडी काफी लो कैलोरी वाली सब्जी है और इसमें फाइबर की मात्रा काफी ज्यादा है जिसके कारण यह वजन कम कर मोटापा दूर करती है। आज हम आपको इस लेख के माध्यम से बताएंगे कि किस प्रकार से भिंडी मोटापा और डायबिटीज में फायदेमंद है। भिंडी में तनाव को कम करने वाले गुण पाए जाते हैं जो डायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद है। क्योंकि डायबिटीज के दौरान होने वाला तनाव शुगर लेवल को बढ़ाता है। भिंडी खाने से तनाव कम होता है। इसके अलावा भिंडी में मौजूद यूगेनॉल डायबिटीज से बचाने में मदद करता है। यह फाइबर रक्त में शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने का काम करता है। यह अंडकोशों में शर्करा के अवशोषण की प्रक्रिया को धीमा कर डायबिटीज को दूर रखने अथवा नियंत्रित करने का काम करता है। जो लोग वजन कम करना चाहते हैं, उनके लिए भिंडी में मौजूद फाइबर से अच्छा और कोई उपाय नहीं है। भिंडी में कैलोरी की मात्रा बिलकुल भी नहीं होती , इसलिए यह वजन कम करने का अच्छा उपाय माना जाता है। भिंडी कब्ज को भी दूर करती है। यह डायटरी फाइबर का सबसे अच्छा स्रोत मानी जाती है, जो हमारी पाचन क्रिया के लिए काफी लाभकारी होती है। यह घुलनशील फाइबर शरीर में मौजूद पानी में घुल जाते हैं, जिससे हमारी पाचन क्रिया दुरुस्त हो जाती है। भिंडी में मौजूद आयरन तत्व हमारे शरीर के लिए काफी लाभकारी होते हैं। यह रक्त में हीमोग्लोबिन का निर्माण करते हैं, जिससे आप अनीमिया से बचे रहते हैं। इसके साथ ही भिंडी में मौजूद विटामिन के रक्त स्त्राव को रोकने में मदद करता है, जिससे किसी विकट परिस्थिति में शरीर से रक्तस्त्राव बहुत कम होता है।

## धर्म मंत्र

# कैसे होती है मां महालक्ष्मी की उपासना

महालक्ष्मी माता लक्ष्मी का ही एक रूप हैं। वैसे तो प्रत्येक शुक्रवार को देवी की पूजा की जाती है, परंतु माता के महालक्ष्मी स्वरूप की पूजा के लिए हिंदू धर्म में कुछ विशेष अवधि होती है। कहते हैं कि देवशयनी एकादशी के बाद जब भगवान विष्णु चार माह के लिये विश्राम पर चले जाते हैं, तो इस दौरान माता लक्ष्मी ही पूरा संसार चलाती है। इसी अवधि में भाद्रपद शुक्ल अष्टमी से लेकर आश्विन कृष्ण अष्टमी तक वे धरती पर निवास करती हैं। इन 16 दिनों में माता महालक्ष्मी की पूजा होती है। पूजा का आरंभ में हल्दी से रंगे 16 गांठ का रक्षासूत्र को हाथ में बांधना होता है, और आखिरी दिन की पूजा के बाद इसे किसी नदी या सरोवर में विसर्जित कर दिया जाता है। 16वें दिन इस पूजा का उद्यापन किया जाता है। मां महालक्ष्मी की पूजा के लिए पहले पवित्र त्मिट्टी की मूर्ति चौक पर स्थापति करें। इसके बाद उनको लाल, गुलाबी या फिर पीले रंग का रेशमी वस्त्र पहनाएं। इस पूजा में देवी को कमल और गुलाब के फूल जरूरी चढ़ाएं, क्योंकि ये माता को अत्यंत प्रिय हैं। महालक्ष्मी की पूजा में पान, सुपारी, लौंग, इलायची, रोली, कुमकुम, धूप, कपूर और अगरबत्तियों का प्रयोग अनिवार्य है। साथ ही दुर्वा, चंदन और सिंदूर रखना भी न भूलें। सामर्थ्य के अनुसार पूजा में सोने या चांदी का कोई एक आभूषण भी शामिल कर सकते हैं। महालक्ष्मी की पूजा में माता के इन आठ नामों का जप करना अति उत्तम माना जाता है। ऊं आद्यलक्ष्म्यै नमः, ऊं विद्यालक्ष्म्यै नमः, ऊं सौभाग्यलक्ष्म्यै नमः, ऊं अमृतलक्ष्म्यै नमः, ऊं कामलक्ष्म्यै नमः, ऊं सत्यलक्ष्म्यै नमः, ऊं भोगलक्ष्म्यै नमः, ऊं योगलक्ष्म्यै नमः।

## पर्यटन



# छत्तीसगढ़ का शिमला है मैनपाट यहां कूदने पर हिलती है धरती

गर्मियां आते ही लोग ऐसी जगहों पर जाना पसंद करते हैं, जहां पर बस उन्हें गर्मियों से मुक्ति मिल सके। इस वजह से ज्यादातर लोग उतराखंड और हिमाचल प्रदेश के हिल स्टेशनों को चुनते हैं। आज हम आपको ऑफबीट डेस्टिनेशन के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां जाकर न सिर्फ आप मजेदार छुट्टियां बिता सकते हैं बल्कि आप इस जगह के बारे में बहुत कुछ जान सकते हैं। हम बात कर रहे हैं छत्तीसगढ़ के शहर मैनपाट की, जिसे 'मिनी शिमला' के नाम से भी जाना जाता है। मैनपाट की खास बातों में शामिल है आलू का पठार, शिमला सा मौसम, तिब्बतियों का बसेरा, हिलती हुई धरती, जमीन पर उमड़ते-घुमड़ते बादल। मैनपाट का टाइगर प्वाइंट एक खूबसूरत झरना है। यहां झरना इतनी तेजी से गिरता है कि शेर के गरजने जैसी आवाज आती है। वहीं यहां के मेहता प्वाइंट में घाटी का खूबसूरत नजारा देखने को मिलता है। मछली प्वाइंट भी यहां की खूबसूरत जगहों में से एक है। मैनपाट के पास जलजली वो जगह है, जहां दो से तीन एकड़ धरती काफी नर्म है और यहां कूदने से धरती गद्दे की तरह हिलती है। जलजली के आसपास रहने वालों के मुताबिक कभी यहां जलस्त्रोत रहा होगा जो समय के साथ ऊपर से सूख गया और अंदर जमीन दलदली रह गई। यह एक टेक्निकल टर्म 'लिक्विफैक्शन' का एक उदाहरण है। वहीं इसका एक सिद्धांत ये भी है कि पृथ्वी के आंतरिक दबाव और पोर स्पेस (खाली स्थान) में सॉलिड के बजाय पानी भरा हुआ है इसलिए यह जगह दलदली और स्पंजी लगती है।10 मार्च 1959 को तिब्बत पर चीन के कब्जे के बाद भारत के जिन पांच इलाकों में तिब्बती शरणार्थियों ने अपना घर-परिवार बसाया, उसमें एक मैनपाट है। मैनपाट के अलग-अलग कैंपों में रहने वाले ये तिब्बती यहां टाऊ, मक्का और आलू की खेती करते हैं।

# हरियाली का उत्सव : मियाबाकी पद्धति से रोपे गए दो लाख 65 हज़ार पौधे

कैनविज टाइम्स संवाददाता







बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने शुक्रवार को मोहिद्दीनपुर स्थित वृहद गौ संरक्षण केंद्र निबलेट फार्म में हरिशंकरी के 5 पौधें रोपित कर मियावाकी पद्धति से वृक्षारोपण कार्यक्रम की श्रीगणेश किया। इस दौरान कुल 232 वृक्ष लगाये गये।जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगो कि स्वच्छ वातावरण स्थापना मे सहयोग की अपील की। जिलाधिकारी शंशाक त्रिपाठी ने कहा कि मियावाकी पद्धति एक प्राकृतिक, टिकाऊ और प्रभावी तरीका है जिसके द्वारा हम कम समय में घने, विविध और स्वस्थ जंगल बना सकते हैं।उन्होंने वर्ष 2025 में रोपित किए जाने वाले पौधों के चयन में स्थानीय प्रजातियों को प्राथमिकता देने तथा नहरों, माइनरों और तालाबों के किनारे भी वृक्षारोपण करने तथा पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ जल स्त्रोतों के संरक्षण में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## पर्यावरण संरक्षण में बाराबंकी के रचा इतिहास

खण्ड विकास अधिकारी डॉ संस्कृता मिश्रा ने बताया कि सम्पूर्ण ब्लॉक में मियावाकी तरीके से पौधे रोपित किये जा रहे है। साथ ही गौशाला में हो रहे कार्यो की विस्तृत रूपरेखा की जानकारी दी।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन,प्रभागीय वनाधिकारी आकाश दीप बधावन, परियोजना निदेशक राकेश सिंह ने ग्राम प्रधान रामलली यादव, एडीओ सूरज सिंह, महिला समूह की सुमन वर्मा, नीतू,सीमा, प्रधान प्रतिनिधि राज कुमार ने हरिशंकरी और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने आम, नीम, बेल पौधेरोपित कर,उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी ली।


इसी क्रम में ग्राम पंचायत बड़ागांव स्थित पुलिस यार्ड मे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, पंचायत सचिव जैसराम, विनोद राव, पंचायत सदस्य मुस्ताक राइन , रामराज यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

''रामसनेहीघाट संवाददाता प्रभाकर तिवारी सर्वेश के अनुसार विकास खण्ड बनीकोडर अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में सघन वृक्षारोपण अभियान में 200-200 वृक्ष रोपित किए गए।ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर चंद्रशेखर वर्मा ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

''सिरौलीगौसपुर' ब्लॉक की सभी 73 ग्राम पंचायतों में मियां वाकी पद्धति से सघन वृक्षारोपण किया गया। इस अभियान में कुल 14,819 पौधे रोपित किए गए। ग्राम पंचायत रामसहाय में पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने पौधरोपण किया। इस कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी रेनू रावत तथा ग्राम प्रधान दया शंकर शुक्ला ने गौशाला में पौधे लगाए। पंचायत भैसूरिया में एमएलसी प्रतिनिधि अमरेंद्र सिंह बब्लू ने ग्राम प्रधान पप्पू सिंह के साथ स्कूल परिसर में पौधरोपण किया। विरौली ग्राम पंचायत में खंड विकास अधिकारी संजीव गुप्ता ने भाजपा नेता पुष्पेंद्र शुक्ला, पवन वर्मा, लवकुश वर्मा और ग्राम प्रधान अनिल वर्मा के साथ पौधरोपण किया। बरौलिया में सहायक विकास अधिकारी पंचायत शंभूनाथ पाठक ने ग्राम प्रधान जय प्रकाश वर्मा और पंचायत सचिव के साथ पौधे लगाए।डूडी में ब्लाक प्रमुख रेनू वर्मा ने पौधरोपण किया।केवलापुर में ग्राम प्रधान जसवंत यादव पंचायत सचिव मनोज मिश्रा ने पौधरोपण किया। विकासखंड फतेहपुर में सघन वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। विकासखंड सूरतगंज में मियावाकी पद्धति से सघन वृक्षारोपण किया गया। हैदरगढ़ में ग्राम संसार में सचिव ज्ञान प्रकाश सिन्हा ने पौधरोपण किया ।

# सूखे सावन : पेड़ो को अब बारिश नहीं इंसानों की याद आती है

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी । सावन अब खामोश है, और नीम के पेड़ झूलों के लिए नहीं... बस छांव देने के लिए खड़े हैं ! कभी सावन का नाम सुनते ही मन हरा हो उठता था, जैसे धरती ने खुद हरी साड़ी पहन ली हो। खेतों में हरियाली, आंगनों में झूले, गलियों में गीत और दिलों में प्रेम ऽ यही तो था असली ''सावन माहात्म्य''। लेकिन अब?

अब सावन आता है, बारिश भी होती है... लेकिन मन तर नहीं होता। क्यों? क्योंकि अब सावन ''दिल से नहीं, डाटा पैक से'' मनाया जाता है।

**झूले? अब सिर्फ यादों में हैं।**

कभी गांव के बड़े-बुजुर्ग खुद अपने हाथों से झूले डालते थे। मोहल्ले में चंदा जमा होता था ऽ कोई 10 देता था, कोई 20, लेकिन सबकी भागीदारी होती थी। वो टायर वाला झूला, जो नीम की डाली से झूलता था, उसमें सिर्फ बच्चे नहीं, मोहल्ले का हर इंसान शामिल होता था ऽ कोई झूलने में, कोई पुश देने में, कोई गीत गाने में।

लेकिन अब? अब नीम अकेला खड़ा है। टायर नदारद हैं। बच्चे मोबाइल में व्यस्त हैं और बड़े कोर्ट कचहरी में।

**गीत , अब गूगल पर खोजे जाते हैं।**

पहले सावन के गीत बिना स्पीकर के भी मोहल्ले में गूंजते थे। ''काहे को ब्याही बिदेस'', ''सावन आयो रे'' जैसे बोल गूंजते थे और साथ ही रिश्ते भी गूंजते थे। अब लोग गाना सुनते हैं, लेकिन ईयरफोन में। कोई चहक नहीं, कोई ठिठोली नहीं ऽ बस ''कृपया '' वाला भाव हर चेहरे पर।

**रिश्ते? अब मीटिंग और मीम्स में उलझे हैं।**

पहले मोहल्ला एक परिवार होता था। कोई बेटी ससुराल जाती तो पूरा गांव विदा करता, कोई बहू आती तो सारे घरों में लड्डू बंटते थे। लेकिन आज ऽ ''घर में कौन आया, कौन गया ऽ फ़ेसबुक से पता चलता है।''

पंचायत सचिव दीपक राजपूत कहते हैं, ह्लगता है हम झूला झूलने वाली आखिरी पीढ़ी होंगे। अब लोग पेड़ देखते हैं फोटो खींचने के लिए, झूला डालने के लिए नहीं। अब कोई चंदा इकट्ठा नहीं करता ऽ हां, शादियों में गिफ्ट की कीमत जरूर गिनता है !

**प्रेम की जगह विवाद, अपनत्व की जगह अहंकार**

सावन जो प्रेम और सौहार्द का प्रतीक था, अब ईर्ष्या और दिखावे का महीना बनता जा रहा है। जो माह एकता और मेलजोल का उत्सव होता था, वहां अब ''केस नंबरों की गूंज सुनाई देती है। पहले गांव में बुज़ुर्गों की बात सिर माथे ली जाती थी, अब उन्हें ''पुराने जमाने के लोग'' कह कर टाल दिया जाता है। जहां पहले हर किसी की समस्या सबकी समस्या होती थी, अब हर कोई खुद में व्यस्त है ऽ ''कनेक्शन सबके

अगर आप चाहें तो इसे लेख, सम्पादकीय कॉलम, रेडियो स्क्रिप्ट, या फ़ेसबुक पोस्ट के रूप में भी ढाल सकता हूँ।

पास है, पर जुड़ाव कहीं नहीं।''

अब भी समय है झूले डालिए, रिश्ते जोड़िए। सावन फिर आएगा, मौसम हर साल लौटेगा ऽ पर संस्कृति, अगर एक बार गई, तो सिर्फ किताबों और किस्सों में ही मिलेगी।

### हरियाली आयी '' गीत '' नहीं ००० सावन का सन्नाटा बोलता है ।

इसलिए, इस बार सावन में ऽ
एक झूला डालिए ऽ भले ही सिर्फ बच्चों के लिए।
एक गीत गाइए ऽ भले ही बेसुरा ही क्यों न हो।
एक मोहल्ले के बच्चे को पुकारिए ऽ बिना किसी स्वार्थ के।
एक बुज़ुर्ग की गोद में बैठिए ऽ कहानियां खुद चलकर आएंगी। क्योंकि
''सावन कोई मौसम नहीं, वो एहसास है ऽ जो झूले के संग झूलता था, और अब हमारी यादों में रूठा बैठा है...''
आइए, इस सावन एक संकल्प लें ऽ झूला सिर्फ टायर का नहीं, दिलों का भी झुलाएं। सावन को फिर से सावन बनाएं न कि सिर्फ एक और छुट्टी वाला महीना।

### पंचायत प्रशासन ने कराया साफ सफाई

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय नगर पंचायत में जल भराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए अधिशाषी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी के निर्देश पर शुक्रवार को सफाई नायक रामसागर के नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों ने सिद्धौर के दीनपनाह तिराहा तक सफाई अभियान चलाया गया। बालू मिट्टी पटे नाले पर रखे पत्थरों को जेसीबी मशीन से हटाकर फावड़ों से बारिश में भी नाले की सफाई कराई जाती रही। स्थानीय लोगों ने नाले की सफाई को एक सराहनीय कदम बताया और उम्मीद जताई कि इससे जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी।

### उपकेंद्र की मांग, भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय किसान यूनियन ब्लाक अध्यक्ष भगौती प्रसाद वर्मा की अगुवाई मे शुक्रवार को विद्युत उपखंड अधिकारी ई. विमलेश कुमार मौर्य को एक 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंप कर 5 अगस्त तक मांगे पूरी न होने पर 6 अगस्त से पावर हाउस पर धरने का अल्टीमेटम दिया । उपखंड अधिकारी को सौपे गये ज्ञापन मे किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने बताया कि ग्राम पंचायत सैदनपुर मे विद्युत उपकेंद्र निर्माण के लिए भूमि चयन होने के बाद भी अभी तक निर्माण कार्य शुरु नही हुआ है तथा प्रत्येक माह मीटर से रीडिंग निकालने की मांग कई कई महीने बाद रोडिंग निकालने के कारण बिल मे गड़बड़ी हो जाती है ग्रामीण क्षेत्रो मे 18 घंटे विद्युत आपूर्ति एव लो वोल्टेज को सही कराने की मांग की है। इस मौक़े पर सिरौलीगौसपुर तहसील अध्यक्ष रम सजीवन वर्मा, हनुमान प्रसाद, विक्रम सिंह, राजेंद्र कुमार वर्मा, सुरेंद्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### विद्युत लाइन फाल्ट दो दर्जन गांव अंधेरे में डूबे

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। उपखंड विद्युत वितरण रामसनेहीघाट क्षेत्र में वृहस्पतिवार की रात 33 केवी लाइन में तकनीकी फॉल्ट आने के कारण करीब तीन घंटे तक कोई दो दर्जन गांव की बिजली गुल रही।बडेला नारायण पुर, कोटवा सड़क, लालपुर राजपुर,मेडुवा, पूरे कोट, तुनिया, तिवरीपुर, गढ़िरयनपुरवा, कधाईपुर, तुलकपुरवा, झंडीकपुरवा, सकौली, देवराज, लालूपुर सहित सैकड़ों गांवों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित रही।इस दौरान लोगों को रात में उमस भरी गर्मी तथा रात के अंधेरे का सामना करना पड़ा। एसडीओ सर्वेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 33 केवी लाइन में तकनीकी फॉल्ट आने के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हुई थी। मरम्मत कार्य पूरा कर लिया गया है और रात सप्लाई बहाल कर दी गई।

### हैदरगढ़ नगर पंचायत का सीमा विस्तार लगभग तय, 5 गांव होंगे शामिल—अंतिम प्रकाशन की प्रक्रिया शेष

हैदरगढ़, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। निकट भविष्य में हैदरगढ़ नगर पंचायत की सीमा और व्यापक होने जा रही है। नगर विकास अनुभाग द्वारा सीमा विस्तार पर लगी रोक हटाने की सिफारिश के बाद इस दिशा में रास्ता लगभग साफ हो गया है। अब हैदरगढ़ नगर पंचायत में पेचरुवा, रनापुर, दीवानखेड़ा (बाबकपुरवा) सहित कुल पांच ग्रामों को शामिल किए जाने की तैयारी अंतिम चरण में है। इन गांवों को नगर सीमा में शामिल करने को लेकर पूर्व में दर्ज आपत्तियों का निस्तारण पहले ही किया जा चुका है। अब केवल अंतिम प्रकाशन की औपचारिकता बची है।पहले भी चली थी प्रक्रिया, लेकिन रुका था मामला गौरतलब है कि पिछले नगर निकाय चुनाव से ठीक पहले सीमा विस्तार की प्रक्रिया ने रफ्तार पकड़ी थी। उस समय भी इन गांवों को नगर पंचायत की सीमा में शामिल करने की योजना लगभग पूरी हो चुकी थी, लेकिन अंतिम निर्णय राज्य कैबिनेट से मंजूरी न मिलने के कारण प्रक्रिया अधर में लटक गई थी। इसके बाद निकाय चुनाव की घोषणा हो गई और मामला ठंडे बस्ते में चला गया।अब जब पंचायत चुनावों की तैयारियां तेज हो रही हैं, नगर विकास अनुभाग ने एक बार फिर इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए पंचायती राज विभाग को पत्र भेजकर सीमा विस्तार पर लगी रोक हटाने की सिफारिश की है। विभाग का मानना है कि यदि पंचायत चुनाव के बाद सीमा विस्तार किया गया, तो लोग अदालत की शरण में जा सकते हैं जिससे पूरी प्रक्रिया पर कानूनी अड़चन खड़ी हो सकती है। यदि यह विस्तार अब चुनाव से पहले कर लिया जाता है तो जिन क्षेत्रों को नगर सीमा में शामिल किया जाएगा, वहां पंचायत चुनाव नहीं होंगे। इसके बजाय नगर पंचायत द्वारा इन क्षेत्रों का प्रशासनिक संचालन किया जाएगा। इससे शहरी सुविधाओं का विस्तार भी तेजी से संभव होगा और नगर पंचायत को अधिक संसाधन और कार्यक्षेत्र मिलेगा। अब सभी की नजरें अंतिम प्रकाशन और राज्य सरकार की अधिसूचना पर टिकी हैं। यदि यह प्रक्रिया चुनाव पूर्व पूरी होती है, तो हैदरगढ़ नगर पंचायत का स्वरूप बड़ा और प्रभावशाली हो जाएगा, साथ ही नवनियुक्त क्षेत्रों के निवासियों को भी नगर सुविधाओं का लाभ मिलने लगेगा। अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया हैदरगढ़ नगर पंचायत की सीमा विस्तार का प्रस्ताव शासन में है मंजूरी मिलते ही अंतिम प्रकाशन कराते हुए ग्रामीण अंचलों को नगर की सीमा में जोड़ दिया जाएगा जिसकी प्रक्रिया चल रही है ।

# 50 क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। आईएमए द्वारा 50 क्षय रोगियों को गोद लेकर सीएमओ सभागार में पोषण पोटली वितरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा भरतभूषण मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा किया गया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि टीबी क़ेमरीजों को टीबी की दवा क़े साथ साथ पोषण की भी आवश्यकता होती है, आईएमए द्वारा मरीजों को जो पोषण पोटली दी जा रही है यह इनके लिए बहुत ही मदगार साबित होगी, यही मरीज भविष्य में हमारे टीबी चैंपियन बनेगें, और इन्ही टीबी क़े मरीज को दूसरे नए टीबी मरीजों क़े लिए मददगार साबित होंगे, कार्यक्रम मे आईएमए क़े पूर्व अध्यक्ष डा. जे पी सिंह द्वारा बतया गया कि आज जनपद में जितने भी जरूररत मंद टीबी रोगी है आईएमए सभी को पोषण पोटली देगा। आईएमए टीबी मरीजों को गोद लेकर सुल्तानपुर को टीबी मुक्त बनाने अपना पूरा सहयोग करेगा। सचिव डाव अंकुर सेठ, , डाव एस के गोयल पूर्व सीएमएस, डाअमित अरोरा,डा0 आशीष सिंह स्किन रोग विशेषज्ञ, जिला क्षय रोग अधिकारी डाव आर क़े कन्नौजिया, उप जिला क्षय रोग अधिकारी डाव सफीकुर्रहमान, विवेक मिश्रा डीपीसी, डीपी पी एम सी फहीम अहमद, के के तिवारी, कार्यक्रम का संचालन टीबी क्लिनिक क़े सुरेश कुमार वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक द्वारा किया गया।

# अर्थियन– पर्यावरण मित्र शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।पर्यावरण शिक्षा केंद्र (सी.ई.ई.) और विप्रो फाउंडेशन द्वारा संचालित अर्थियन पर्यावरण मित्र कार्यक्रम के तहत शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गणेशपुर में किया गया। शिक्षकों को पर्यावरण और सतत विकास के मुद्दों पर प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से यह कार्यशाला आयोजित की गई, ताकि वे छात्रों को इस बारे में शिक्षित कर सकें।कार्यशाला का आयोजन डायट प्राचार्य डा.राजेश कुमार आर्या के आदेश पर नोडल प्रवक्ता डायट राहुल सिंह सूर्यवंशी के निर्देशन में किया गया।कार्यशाला में जिले के सभी ब्लॉक से आये 65 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में जल एवं सस्टेनेबिलिटी विषय पर सीईई के प्रतिनिधियों नीरज पाल एवं जितेंद्र पटेल ने शिक्षकों का मार्गदर्शन किया।नीरज पाल ने पेयजल उपलब्धता पर शिक्षकों का ध्यान आकृष्ट कराया।भविष्य में उसके संकट पर अपनी चिंता व्यक्त की।उन्होंने इसके समाधान और निवारण के लिए आगे आने वाली पीढ़ियों में पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों के प्रति जागरुकता को आवश्यक बताया।ताकि वे अपने आस पास के पर्यावरण को संरक्षित कर सकें और व्यक्तिगत और सामाजिक स्तर पर इस दिशा में काम कर सकें।उन्होंने कहा कि पेयजल संकट से जूझ रहे 17 देशों में भारत का तेरहवां स्थान है।हमें पर्यावरण के प्रति सचेत रहना होगा।उन्होंने कहा कि अर्थियन पर्यावरण मित्र कार्यक्रम का सम्पूर्ण प्रारुप बच्चों को जागरूकता के साथ साथ गतिविधियों को स्वयं करके सीखने के अवसर उपलब्ध कराता है।जिनके माध्यम से शिक्षक न केवल बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक कर सकते हैं बल्कि उन्हें आस पास के पर्यावरण में छोटी छोटी कार्यवाहियों द्वारा सुधार भी ला सकते हैं।जितेंद्र पाल ने बताया कि शिक्षक द्वारा प्रेषित रिपोर्ट का मूल्यांकन राष्ट्रीय स्तर पर गठित निर्णायक मंडल द्वारा किया जाता है और सर्वश्रेष्ठ 20 विद्यालयों को 50000 रुपये और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाता है।प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन वरिष्ठ प्रवक्ता अमित कुमार यादव द्वारा प्रमाण पत्र वितरण के साथ हुआ।इस मौके पर प्रवक्ता आनन्द कुमार यादव,महेन्द्र कुमार यादव,सुकेश रंजन श्रीवास्तव, जहीर अहमद,अमित कुमार राय,लालचंद आदि उपस्थित रहे।

# एलडीए बनाएगा ईको फ्रेंडली अपार्टमेंट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। एलडीए अब शहरवासियों के लिए आधुनिक, पर्यावरण के अनुकूल और सुविधाजनक बहुमंजिला अपार्टमेंट्स विकसित करने जा रहा है। एलडीए की प्रस्तावित नई आवासीय योजनाएं न केवल अत्याधुनिक होंगी, बल्कि इनका डिजाइन ऐसा होगा जिससे अपार्टमेंट्स में क्रॉस वेंटिलेशन बेहतर हो, और हर समय एयर कंडीशनर चलाने की आवश्यकता न पड़े। साथ ही, फ्लैटों में किचन, वॉशरूम और बालकनी का क्षेत्रफल भी बढ़ाया जाएगा, जिससे रहन-सहन अधिक आरामदायक हो सके। शुक्रवार को पारिजात सभागार में आयोजित बैठक में एलडीए अध्यक्ष एवं मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने इन प्रस्तावित बहुमंजिला आवासीय योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार द्वारा प्रस्तुत प्रेजेन्टेशन में बताया गया कि गोमती नगर के विराज खंड में लगभग 4.5 एकड़, गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-4 में राप्ति अपार्टमेंट के पास लगभग 3.5 एकड़, ऐशबाग में मिल रोड पर लगभग 4.63 एकड़ और बसंतकुंज के सेक्टर-जे में राष्ट्र प्रेरणा स्थल के सामने लगभग 3.7 एकड़ भूमि पर अपार्टमेंट्स बनाए जाने की योजना है। इन योजनाओं के लिए एलडीए द्वारा ऑनलाइन डिमांड सर्वे कराया जा रहा है, जो 31 जुलाई 2025 तक चलेगा। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि प्रस्तावित सभी चारों स्थान शहर की मुख्य धारा से जुड़े हुए हैं, जहां बेहतरीन सड़क कनेक्टिविटी, शैक्षिक संस्थान, स्वास्थ्य सुविधाएं और सार्वजनिक परिवहन पहले से उपलब्ध हैं। इन योजनाओं को शुरू करने से पहले कई निजी डेवलपर्स की परियोजनाओं का गहन अध्ययन किया गया है, जिसके आधार पर विश्वस्तरीय डिजाइन और संरचना का खाका तैयार किया गया है। अपार्टमेंट्स में 2 बीएचके (स्टडी) और 3 बीएचके (सर्वेंट रूम) वाले फ्लैट बनाए जाएंगे, जिनमें आधुनिक जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए अधिक खुला स्थान, हवादार वातावरण और सुविधाजनक निर्माण शैली अपनाई जाएगी। एलडीए इन परियोजनाओं को ईको फ्रेंडली बनाने पर विशेष ध्यान दे रहा है। ग्रीन एरिया को बढ़ाया जाएगा और परिसर को सुव्यवस्थित तरीके से विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही सोसाइटी में जिम, स्विमिंग पूल, योगा सेंटर, क्लब हाउस, बच्चों के लिए खेल क्षेत्र, पर्याप्त पार्किंग, जल संरक्षण की व्यवस्था, लिफ्ट जैसी तमाम आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। बैठक के दौरान डॉ. रोशन जैकब ने निर्देश दिए कि अपार्टमेंट्स के चारों स्थानों के आसपास विकसित निजी फ्लैटों की तुलना में एलडीए के अपार्टमेंट्स की कीमतें किफायती रखी जाएं, ताकि मध्यम वर्गीय और आम नागरिकों को भी लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रीन एरिया को योजनाओं में अधिकतम प्राथमिकता दी जाए। इसी बैठक में आगरा एक्सप्रेसवे पर प्रस्तावित वरुण विहार और सीतापुर रोड पर प्रस्तावित नैमिष नगर योजना की भी समीक्षा की गई। मण्डलायुक्त ने दोनों साइट्स की बेहतरीन कनेक्टिविटी को देखते हुए सुझाव दिया कि इन क्षेत्रों को लॉजिस्टिक, इंडस्ट्रियल और कमर्शियल रूप में विकसित किया जाए, ताकि लोगों को एक ही स्थान पर आवास और रोजगार दोनों उपलब्ध हो सकें। इस महत्वपूर्ण बैठक में एलडीए के सचिव विवेक श्रीवास्तव, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, मुख्य अभियंता नवनीत शर्मा, अधिशासी अभियंता संजीव कुमार गुप्ता सहित अन्य अभियंता, आर्किटेक्ट और कंसल्टेंट भी उपस्थित रहे।

# अंगद धर्मेंद्र ने किया वृक्षारोपण




कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर/देवा शरीफ बाराबंकी। विकासखंड रामनगर के ग्राम सिरौली कला में महात्मा हनुमत गीता सागर आश्रम मे मियाबाकी कार्यक्रम के तहत एक बृहद वृक्षारोपण किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी अनिल शुक्ला ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता शरद कुमार अवस्थी ने शुभारंभ किया।इस दौरान आश्रम के सेवादारों सहित वन अधिकारी रोली अवस्थी सहायक विकास अधिकारी पंचायत अभय शुक्ला ग्राम विकास अधिकारी विजय कुमार सज्जन शुक्ला अनिल शुक्ला राजू शुक्ला मनोज कुमार दुबे सुनील कुमार और निर्मल कुमार सहित अन्य ग्रामवासी कार्यक्रम में शामिल रहे।विकासखंड देवा की ग्राम पंचायत कुसुंबा स्थित अंबेडकर पार्क में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पधारे एमएलसी अंगद सिंह व धर्मेंद्र यादव ब्लॉक प्रमुख देवा उपस्थित रहे।

### ई-रिक्शा चालक सभी प्रपत्रों को पूर्ण करते हुए वाहन चलाए-अलका शुक्ला

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पयागीपुर और अमहट चौराहा, सुल्तानपुर में समस्त ई रिक्शा चालकों को जानकारी दी गई कि वे सभी 31 जुलाई तक अपने वाहनों पर अपना नाम, मोबाइल नम्बर, ड्राइविंग लाइसेंस नम्बर और आधार नम्बर अवश्य लिखवा लें और सभी प्रपत्रों को पूर्ण करते हुए सावधानी पूर्वक वाहन चलाएं। इन स्थानों पर लगने वाले जाम के संदर्भ में भी परिवहन विभाग द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। यह कार्यवाही परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस की संयुक्त कार्यवाही द्वारा किया गया। एआरटीओ अलका शुक्ला ने बताया कि ई रिक्शा द्वारा अक्सर जाम लगने की सूचना प्राप्त होती है। ई रिक्शा चालकों का विवरण रिक्शे पर लिखे रहने पर कोई भी दुर्घटना होती है तो इससे उनके संबंध में आसानी से जानकारी प्राप्त हो सकेगी। आम जन मानस भी उनके विवरण को जान सकेगा। वैसे भी राहगीर जिस वाहन पर यात्रा कर रहा है उसे इस तरह के अंकन से संबंधित वाहन और चालक के संबंध में जानकारी प्राप्त हो सकेगी। पीटीओ शैलेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि तय समयानुसार सभी ई रिक्शा चालक अपने वाहन पर अपना विवरण अवश्य लिखवा लें,अगर निर्देशों के प्रति लापरवाही की जाएगी तो इसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही होगी जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व वाहन स्वामी का होगा। इस अवसर पर यात्री/मालकर अधिकारी शैलेन्द्र कुमार तिवारी, यातायात निरीक्षक राम निरंजन यादव टीम सहित उपस्थित रहे।

### मेडिकल कालेज में एंबुलेंस वाहन में फर्जीवाड़ा उजागर, जांच के आदेश

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला चिकित्सालय से जुड़े चिकित्सा महाविद्यालय सुल्तानपुर में एंबुलेंस वाहन में फर्जीवाड़े का मामला उजागर हुआ है। टाटा कंपनी की बताई जा रही एंबुलेंस का रजिस्ट्रेशन महिंद्रा कंपनी के नाम पर दर्ज पाया गया है, जिससे पूरे चिकित्सा तंत्र में हड़कंप मच गया है।मामले का संज्ञान लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.आर.के.मिश्रा ने तत्काल प्रभाव से मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से गाड़ी की संबद्धता और दस्तावेजों का पूरा विवरण तलब किया है। उन्होंने कहा कि जांच-पड़ताल के आधार पर जल्द ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।बताया जा रहा है कि यह एंबुलेंस वाहन वर्ष 2014 में सीएमओ कार्यालय से जिला अस्पताल में भेजा गया था,जिसकी वर्तमान स्थिति और दस्तावेजों में भारी गड़बड़ी पाई गई है।





# क्रिकेट जगत ने पैर में फ्रैक्चर के बावजूद पंत के साहसपूर्ण अर्धशतक की सराहना की

एजेंसी



मैनचेस्टर। भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के दूसरे दिन ऋषभ पंत की एक पैर के चोटिल होने के बावजूद खेली गई साहसिक पारी से न केवल उनके जज्बे का पता चलता है बल्कि इससे उन्होंने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह एक बेहतरीन 'टीम मैन' हैं। पंत ने दिसंबर 2022 में एक कार दुर्घटना में बुरी तरह घायल होने के बावजूद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में शानदार वापसी करके कभी हार न मानने के अपने जज्बे का शानदार नमूना पेश किया था। उन्होंने ओल्ड ट्रैफर्ड में गुरुवार को दाहिने पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर होने के बावजूद 37 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई और अर्धशतक पूरा किया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा अपनी वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में शास्त्री ने कहा, ''अगर किसी को शक था कि वह कभी टीम मैन थे, तो उन्हें आज यह पहली बार देखने को मिला। ऐसा करने के लिए जज्बे से भी ज्यादा की जरूरत होती है। उन्होंने कहा, ''उसका मैदान पर वापस आना और इसके बाद उसने जो कुछ किया वह बहुत खास था। इसके लिए यहां तक इंग्लैंड की टीम ने भी उसकी सराहना की। आप ऐसा कुछ खास करने के लिए ही जीते हैं। आप ऐसा करने के लिए ही खेलते हैं। ऐसी चीज ही आपको खास बनाती है। चौथे टेस्ट से पहले लार्ड्स टेस्ट के दौरान विकेटकीपिंग करते समय पंत की उंगली में चोट लग गई थी। शास्त्री ने याद करते हुए कहा, ''उससे पूछा गया कि उंगली कैसी है, क्या आप खेलेंगे, तो उसने कहा 'टूटा भी होता तो खेलता'। इससे पता चलता है कि उसने क्या किया है। उसे टेस्ट क्रिकेट खेलना पसंद है, उसे अपने देश के लिए खेलना पसंद है। पूर्व भारतीय टेस्ट बल्लेबाज़ चेतेश्वर पुजारा ने वीडियो में कहा, ''हमें उनके जैसे खिलाड़ियों की ज़रूरत है जो मुश्किल वक़्त में आगे आ सकें। उन्होंने इतना दर्द सहने के बावजूद इतना साहस और जज्बा दिखाया। ऐसा करना कभी आसान नहीं होता। पूर्व भारतीय विकेटकीपर दिनेश कार्तिक ने कहा, ''एक बात तो तय है कि इंग्लैंड ऋषभ पंत को पसंद करता है। खेल में कुछ ऐसे पल होते हैं जिन्हें आप लंबे समय तक याद रखते हैं और जब वह मैदान पर थे तो ऐसा लगा कि वह पल लंबे समय तक याद रहेगा। पंत ने जोफ्रा आर्चर की गेंद पर मिडविकेट पर छक्का लगाया और फिर इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की गेंद पर कवर में चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर नासिर हुसैन ने 'स्काई स्पोर्ट्स' पर कहा, ''उन्होंने बहुत जोखिम उठाया। उनमें प्रतिभा तो है ही, साथ ही उनका दिल भी बहुत बड़ा है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन ने कहा, ''पंत ने इस श्रृंखला में बहुत कुछ दिया है। लीड्स में दो शतक, शानदार जश्न, लेग साइड में शॉट लगाने के लिए बल्ला फेंकना और अब एक पैर में फ्रैक्चर होने के बावजूद अर्धशतक बनाना।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम चार मैचों की श्रृंखला के लिए करेगी ऑस्ट्रेलिया का दौरा

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम अगस्त में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी, जहां वह पर्थ हॉकी स्टेडियम में 15 से 21 अगस्त तक चार मैचों की सीरीज खेलेगी। यह सीरीज भारत के लिए एशिया कप 2025 की तैयारियों का एक अहम पड़ाव मानी जा रही है। आठवीं रैंकिंग वाली भारतीय टीम का सामना छठी रैंकिंग वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम से होगा। मुकाबले 15, 16, 19 और 21 अगस्त को खेले जाएंगे।

हाल ही में दोनों टीमें एफआईएच प्रो लीग 2024ऽ25 के तहत यूरोप में आमने-सामने आई थीं, जहां ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दोनों मैचों में 3-2 से हराया था। हालांकि, इससे पहले भारत ने पेरिस ओलंपिक 2024 में ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से हराकर इतिहास रच दिया था-यह ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया पर भारत की 1972 म्यूनिख खेलों के बाद पहली जीत थी। पिछले कुछ वर्षों में भले ही मुकाबले कड़े रहे हों, लेकिन समग्र आंकड़ों में ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी रहा है। साल 2013 से अब तक दोनों टीमों के बीच 51 मुकाबले हुए हैं, जिनमें से ऑस्ट्रेलिया ने 35 मैच जीते हैं, भारत ने 9 और 7 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं। यह सीरीज 29 अगस्त से 7 सितंबर तक बिहार के राजगीर में होने वाले हीरो एशिया कप 2025 की तैयारियों के लिहाज़ से बेहद अहम मानी जा रही है। यह टूर्नामेंट एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2026 के लिए सीधे क्वालिफिकेशन का मौका देगा, ऐसे में ऑस्ट्रेलिया दौरा भारत की रणनीति में एक बड़ा कदम है। इस दौरे को लेकर भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा,''यह दौरा हमारे लिए बेहद अहम है, क्योंकि यह एशिया कप से ठीक पहले आ रहा है। भले ही ये दोस्ताना मैच हों, लेकिन हमारे लिए ये तैयारी का अहम हिस्सा हैं। ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ खेलना हमारी हर स्तर पर परीक्षा लेगा, और यही चुनौती हमें चाहिए भी। उन्होंने आगे कहा,''हमने हाल ही में 10 दिनों का ट्रेनिंग कैंप पूरा किया है और टीम का मनोबल काफी ऊंचा है। पहले दो मैचों का इस्तेमाल हम संभावित खिलाड़ियों के चयन के लिए करेंगे, जबकि आखिरी दो मैच एशिया कप के लिए फाइनल स्क्वॉड के साथ खेले जाएंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## काउंटी चैंपियनशिप में भारतीयों का जलवा: तिलक वर्मा ने हैम्पशायर के लिए जड़ा शतक

**नई दिल्ली।** काउंटी चैंपियनशिप डिविजन वन में गुरुवार को भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन मिला जुला रहा। खासकर तिलक वर्मा ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए शानदार शतक लगाया। भारतीय मध्यक्रम के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने हैम्पशायर की ओर से खेलते हुए नॉटिंघमशायर के खिलाफ शानदार शतक जड़ा। बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने 13 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 112 रन बनाए। उनका यह शतक हैम्पशायर को नॉटिंघमशायर के पहली पारी के 578/8 डिक्लेयर के स्कोर की ओर ले जाने में अहम साबित हुआ। वहीं, बाएं हाथ के स्पिनर आर. साई किशोर, जो सरे की ओर से खेल रहे हैं, ने यॉर्कशायर के खिलाफ एक और विकेट हासिल कर अपनी पारी पूरी की। उन्होंने 119 रन देकर 2 विकेट झटके। खलील अहमद, जो एसेक्स की ओर से खेल रहे हैं, ने ससेक्स के खिलाफ एक विकेट झटका और उनकी टीम जीत के करीब पहुंच गई है। इस बीच, युजवेंद्र चहल का नॉर्थैम्पटनशायर की ओर से खेलते हुए मिडलसेक्स के खिलाफ मैच बेहद खराब रहा। चहल ने पहली पारी में कोई विकेट नहीं लिया और दूसरी पारी में गोल्डन डक (पहली गेंद पर आउट) होकर पवेलियन लौट गए। भारतीय खिलाड़ियों का यह प्रदर्शन दिखाता है कि वे इंग्लैंड की काउंटी क्रिकेट में भी अपनी छाप छोड़ रहे हैं, हालांकि कुछ के लिए यह चुनौतीपूर्ण भी साबित हो रही है।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम चार मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी

**नयी दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम आगामी एशिया कप की तैयारियों के तहत 15 से 21 अगस्त तक पर्थ में होने वाली चार मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम 15, 16, 19 और 21 अगस्त को छठे स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलिया की टीम का सामना करेगी। सभी मैच पर्थ में खेले जाएंगे। एशिया कप का आयोजन 29 अगस्त से सात सितम्बर तक बिहार के राजगीर में होना है। इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता का विजेता अगले वर्ष के एफआईएच विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करेगा। हॉकी इंडिया द्वारा जारी एक बयान में भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, ''यह दौरा बिहार में होने वाले हीरो एशिया कप से ठीक पहले महत्वपूर्ण समय पर हो रहा है। भले ही यह मैत्रीपूर्ण श्रृंखला है लेकिन ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ खेलने से हमें खुद को परखने का अच्छा मौका मिलेगा। हाल ही में यूरोप में एफआईएच प्रो लीग में दोनों टीमों का आमना सामना हुआ था जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने दोनों चरणों में भारत को 3-2 से हराया था। भारत ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया पर 3-2 से जीत दर्ज की थी। ऑस्ट्रेलिया ने 2013 से इन दोनों टीमों के बीच खेले गए 51 मैचों में से 35 में जीत हासिल की है। भारत ने नौ बार जीत हासिल की है, जबकि सात मैच ड्रॉ रहे हैं।

## कारगिल दिवस पर द्रास में पदयात्रा में भाग लेंगे खेल मंत्री

**नयी दिल्ल।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया 1999 के कारगिल युद्ध में भारत की जीत की 26वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में शनिवार को द्रास में पदयात्रा का नेतृत्व करेंगे जिसमें 1,000 से अधिक युवा स्वयंसेवक, पूर्व सैनिक, सशस्त्र बलों के कर्मी, शहीद सैनिकों के परिवार और आमजन भाग लेंगे। मांडविया के साथ रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी कारगिल विजय दिवस पदयात्रा में शामिल होंगे, जिसका आयोजन मेरा युवा भारत द्वारा किया जा रहा है। युवा मामले एवं खेल मंत्रालय की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, ''केंद्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया के नेतृत्व में पदयात्रा में 1,000 से अधिक युवा, पूर्व सैनिक, सशस्त्र बल कर्मी, शहीदों के परिवार और नागरिक समाज के सदस्य भी भाग लेंगे। विज्ञप्ति के अनुसार, ''यह पदयात्रा डेढ़ किलोमीटर की होगी। पदयात्रा सुबह सात बजे हिमाबास पब्लिक हाई स्कूल, द्रास के मैदान से शुरू होगी और गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, भीमबेट के मैदान में समाप्त होगी। इसके बाद दोनों मंत्री 100 युवा स्वयंसेवकों के साथ कारगिल युद्ध स्मारक जाएंगे और 1999 में पाकिस्तान के साथ युद्ध के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

## ब्रिटेन के साथ एफटीए से भारत को फायदा, अन्य देशों के साथ भी ऐसे समझौतों की जरूरत: आरबीआई गवर्नर

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर का शुक्रवार को स्वागत करते हुए कहा कि इससे भारतीय अर्थव्यवस्था के कई क्षेत्रों को मदद मिलेगी। एफई मॉडर्न बीएफएसआई शिखर सम्मेलन में यहां मल्होत्रा ने कहा कि बहुपक्षवाद अब बीते दिन की बात है और देश को अन्य देशों के साथ भी ऐसे समझौतों (जैसे ब्रिटेन एफटीए) की जरूरत है। लंदन में ब्रिटेन के साथ हुए व्यापार समझौते पर केंद्रीय बैंक की यह पहली टिप्पणी है। मल्होत्रा ने कहा, '' उम्मीद है कि इससे (ब्रिटेन के साथ एफटीए से) हमें मदद मिलेगी३ अब आगे बढ़ने का यही रास्ता है, क्योंकि दुर्भाग्य से बहुपक्षवाद पीछे छूट गया है। उन्होंने साथ ही कहा कि अमेरिका के साथ बातचीत ''अग्रिम चरण'' में है। आरबीआई के गवर्नर ने कहा कि वर्तमान वास्तविकताओं को देखते हुए जहां बहुपक्षवाद पीछे छूट गया है ३भारत के लिए अन्य देशों के साथ ऐसे और अधिक समझौते करना आवश्यक है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि ऐसे कई समझौतों पर बातचीत जारी है। इस समझौते को आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए) कहा जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्रिटेन के उनके समकक्ष केअर स्टार्मर की उपस्थिति में इस पर लंदन में बृहस्पतिवार को हस्ताक्षर किए गए।

## आईटीसी मध्यम अवधि में नई विनिर्माण इकाइयों में 20,000 करोड़ रुपये का करेगी निवेश: चेयरमैन संजीव पुरी

**कोलकाता।** आईटीसी लिमिटेड विभिन्न क्षेत्रों में अपनी विनिर्माण उपस्थिति बढ़ाने के लिए मध्यम अवधि में 20,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी के चेयरमैन संजीव पुरी ने शुक्रवार को वार्षिक आम बैठक में कहा कि कंपनी ने अपनी विकास रणनीति के तहत हाल के वर्षों में आठ नई विनिर्माण सुविधाएं स्थापित की हैं। पुरी ने कहा कि कंपनी अपनी ''भारत पहले'' रणनीति को प्राथमिकता देगी। विदेशों में महत्वपूर्ण प्रभाव डालने से पहले घरेलू उपस्थिति को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने कहा कि नए ब्रांड पेश करने का उद्देश्य मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देना है। पुरी ने कहा कि कंपनी का 65 प्रतिशत राजस्व सिगरेट से इतर अन्य कारोबारों से आता है।

# जावी हर्नांडेज़ ने भी किया भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच के लिए आवेदन

एजेंसी



नयी दिल्ली। स्पेन के विश्व कप विजेता मिडफील्डर जावी हर्नांडेज़ उन लोगों में शामिल हैं जिन्होंने भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच पद के लिए आवेदन किया है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के लिए यह सुखद आश्चर्य है लेकिन वह उनके आवेदन पर विचार नहीं कर पा रहा है, क्योंकि वह इस स्टार फुटबॉलर पर खर्च होने वाली लागत वहन करने में सक्षम नहीं है। ऐसा पता चला है कि जावी ने अपने अकाउंट से ईमेल भेज कर इस पद के लिए आवेदन किया था। एआईएफएफ के एक सूत्र ने शुक्रवार को पीटीआई को बताया, ''हां, उन्होंने (जावी) भारतीय सीनियर पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच पद के लिए आवेदन किया है। उन्होंने खुद तकनीकी समिति के लोगों को अपना आवेदन भेजा है और ऐसा लगता है कि वह इस पद के लिए काफी इच्छुक हैं। सूत्र ने कहा, ''हालांकि, जिन लोगों को महासंघ की अंतिम मंजूरी के लिए कार्यकारी समिति के पास कोच पद के उम्मीदवारों की सूची भेजने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वे जानते हैं कि उन्हें इस पद पर नियुक्त करना आसान नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''आप जानते हैं कि जावी अब तक के सर्वश्रेष्ठ मिड़फील्डर्स में से एक हैं। लोग हमेशा (लियोनेल) मेस्सी के बारे में बात करते हैं, लेकिन जहां तक बार्सिलोना का सवाल है, वह (आंद्रेस) इनिएस्ता के साथ सबसे ऊपर हैं। साइप्रस के स्टीफन कॉन्स्टेंटाइन, स्लोवाकिया के स्टीफन टारकोविच और भारत के खालिद जमील उन तीन उम्मीदवारों में शामिल हैं जिन्हें बुधवार को एआईएफएफ की तकनीकी समिति ने चुना था। जमील इन तीनों में मनोलो मार्केज़ की जगह लेने की दौड़ में सबसे आगे दिख रहे हैं। मार्केज़ ने राष्ट्रीय टीम के लगातार खराब प्रदर्शन के बाद इसी महीने की शुरुआत में पद छोड़ दिया था। टीम की फीफा रैंकिंग गिरकर 133 पर आ गई है, जो पिछले नौ साल में उसकी सबसे निचली रैंकिंग है। एआईएफएफ ने चार जुलाई को मुख्य कोच पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 13 जुलाई थी। कुल 170 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें लिवरपूल के पूर्व स्टार रॉबी फाउलर और हैरी केवेल जैसे बड़े नाम शामिल थे। जावी स्पेन की उसे टीम के सदस्य थे जिसने 2010 में विश्व कप जीता था। उनकी मौजूदगी में स्पेन की टीम 2008 और 2012 में यूरोपीय चैंपियन बनी थी। इसके अलावा इस 45 वर्षीय खिलाड़ी ने बार्सिलोना के साथ पांच ला लीगा खिताब, तीन कोपा डेल रे ट्रॉफी और तीन यूईएफए चैंपियंस लीग ट्रॉफी जीती हैं।

## उन्नति हुड्डा क्वार्टर फाइनल में यामागुची से हारकर चाइना ओपन से बाहर

चांग्झू (चीन)। भारत की उभरती बैडमिंटन स्टार उन्नति हुड्डा का चाइना ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में शानदार सफर शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में जापान की विश्व की चौथे नंबर की खिलाड़ी अकाने यामागुची से सीधे गेम में हार के साथ समाप्त हो गया। पिछले दौर में अपनी आदर्श खिलाड़ी और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू को हराने वाली 17 वर्षीय हुड्डा क्वार्टर फाइनल में जापान की खिलाड़ी से 33 मिनट तक चले मैच में 16-21, 12-21 से हार गईं। हुड्डा के बाहर होने के साथ ही टूर्नामेंट में भारत का एकल में अभियान समाप्त हो गया। पहले गेम में हूडा ने यामागुची को बराबर की टक्कर दी लेकिन वह अपनी लय बरकरार नहीं रख पाई और जापान की खिलाड़ी ने लगातार पांच अंक बनाकर यह गेम अपने नाम कर दिया। इस गेम में हुड्डा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन लगातार तीन अंक लेना था।

# भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौता मोटर वाहन क्षेत्र के लिए फायदेमंद : सियाम

एजेंसी



नई दिल्ली। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का गर्मजोशी से स्वागत किया है। सियाम ने शुक्रवार को कहा कि इस समझौते से प्रमुख वैश्विक साझेदार के साथ सहयोग और अवसर के लिए नए रास्ते खुलेंगे। सियाम के अध्यक्ष शैलेश चंद्रा ने एक बयान में कहा, ''हम इस समझौते को एक व्यापक रणनीतिक भागीदारी के हिस्से के रूप में देखते हैं। यह एक प्रमुख वैश्विक साझेदार के साथ सहयोग और अवसर के लिए नए रास्ते खोलता है।'' उन्होंने कहा कि सियाम, भारत सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि समझौते के लाभ भारतीय मोटर वाहन उद्योग के लिए अधिक वृद्धि, वैश्विक प्रतिस्पर्धा और प्रौद्योगिकी प्रगति में तब्दील हों सकें। चंद्रा ने कहा कि ब्रिटेन के साथ संपन्न ये समझौता भारत की वैश्विक आर्थिक भागीदारी, खासकर विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ संबंध मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि चूंकि दो प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं साझेदारी के एक नए चरण में प्रवेश कर रही हैं। ऐसे में वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के बीच इस परिवर्तनकारी समझौते का संपन्न होना आधुनिक व्यापार एवं निवेश ढांचे को आकार देने में भारत के बढ़ते नेतृत्व को दर्शाता है। इस समझौते से ब्रिटेन के बाजार में चमड़ा, विद्युत मशीनरी और रसायन जैसे कई घरेलू क्षेत्रों तक शुल्क मुक्त पहुंच उपलब्ध होगी, जिससे करीब 23 अरब यूएस डॉलर के व्यापर के अवसर खुलेंगे।

# भारत ने 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण लक्ष्य को निर्धारित समय से पांच वर्ष पहले हासिल किया: इस्मा

नयी दिल्ली। भारत ने पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य निर्धारित समय से पांच साल पहले ही हासिल कर लिया है। भारतीय चीनी एवं जैव ऊर्जा विनिर्माता संघ (इस्मा) ने शुक्रवार को बयान में कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रशासन के तहत 2014 में कार्यक्रम की शुरुआत के समय की मामूली 1.5 प्रतिशत मिश्रण दर के बाद उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाती है। चीनी उद्योग निकाय इस्मा के आंकड़ों के अनुसार, एथनॉल मिश्रण कार्यक्रम ने पर्याप्त आर्थिक और पर्यावरणीय लाभ प्रदान किए हैं। एथनॉल उत्पादन 2014 में 38 करोड़ लीटर से बढ़कर जून 2025 तक 661 करोड़ लीटर हो गया, जबकि कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में 698 लाख टन की कमी आई। इस कार्यक्रम ने भारत के कृषि क्षेत्र को महत्वपूर्ण वित्तीय लाभ प्रदान किया है, जिससे किसानों को 1.18 लाख करोड़ रुपये और 'डिस्टिलरी' को 1.96 लाख करोड़ रुपये की आय हुई है। इस पहल से भारत को विदेशी मुद्रा लागत में 1.36 लाख करोड़ रुपये की बचत करने में भी मदद मिली है। इस्मा के महानिदेशक दीपक बल्लानी ने कहा, '' यह उपलब्धि भारत की ऊर्जा स्वतंत्रता और ग्रामीण समृद्धि के लिए एक बड़ी छलांग है। उन्होंने कहा, '' सरकार की अटल नीति दिशा एवं दूरदर्शी नेतृत्व ने न केवल इस राष्ट्रीय सफलता को निर्धारित समय से पांच वर्ष पहले ही संभव बना दिया है, बल्कि हरित ऊर्जा में हमारे सामूहिक भविष्य के लिए एक शक्तिशाली मिसाल भी स्थापित की है। इस्मा के अनुसार, चीनी उद्योग ने भारत के एथनॉल से होने वाले आर्थिक मुनाफ़े में केंद्रीय भूमिका निभाई है तथा गन्ने के रस, बी-भारी शीरा एवं अन्य कृषि उप-उत्पादों से प्राप्त जैव ईंधन की आपूर्ति की है। उद्योग संघ ने कहा कि मूल रूप से 2030 के लिए निर्धारित 20 प्रतिशत के मिश्रण लक्ष्य को शीघ्र हासिल करना ग्रामीण आर्थिक वृद्धि को समर्थन देते हुए जीवाश्म ईंधन आयात पर निर्भरता कम करने की भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र में चीन के निवेश को लेकर भारत का रुख लचीला: सरकारी सूत्र

नयी दिल्ली। भारत, इलेक्ट्रॉनिक सहित विभिन्न घरेलू कंपनियों के साथ चीन की कंपनियों के सहयोग के लिए लचीला रुख अपना रहा है। एक सरकारी सूत्र ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्र ने बताया कि करीब 60 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण चीन में होता है, इसलिए इसे नजरअंदाज करना आसान नहीं है। सूत्रों ने कहा, '' (भारत और चीन के बीच) रिश्ते सुधर रहे हैं। ऐसे संकेत मिल रहे हैं। पर्यटक वीजा की सुविधा शुरू कर दी गई है। इलेक्ट्रॉनिक में 60 प्रतिशत विनिर्माण चीन में होता है। इसलिए, किसी न किसी तरह का सहयोग तो होना ही चाहिए। चीन की कंपनियों के साथ डिक्सन के संयुक्त उद्यम के लिए सरकारी मंजूरी से संबंधित एक प्रश्न पर उन्होंने यह बात कही। डिक्सन टेक्नोलॉजीज को चीनी समकक्ष लॉन्गचियर के साथ संयुक्त उद्यम (जेवी) बनाने के लिए भारत सरकार से मंजूरी मिल गई है। यह संयुक्त उद्यम डिक्सन और लॉन्गचियर की सिंगापुर स्थित अनुषंगी कंपनी के बीच स्थापित किया जाएगा। डिक्सन संयुक्त उद्यमों के लिए कई चीन की कंपनियों से संपर्क कर रही है। इसने मोबाइल फोन और लैपटॉप जैसे इलेक्ट्रॉनिक सामानों में इस्तेमाल होने वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के निर्माण एवं बिक्री के लिए चीन की इलेक्ट्रॉनिक घटक कंपनियों चोंगकिंग युहाई प्रिसिजन मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड और कुनशान क्यू टेक्नोलॉजी की भारतीय इकाई के साथ अलग-अलग समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी चीन की स्मार्ट फोन विनिर्माता कंपनी वीवो के साथ संयुक्त उद्यम स्थापित करने की दिशा में भी काम कर रही है।

# सर्राफा बाजार में गिरावट, सोना और चांदी की कीमत घटी

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज गिरावट का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 1,270 रुपये से लेकर 1,380 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। इसी तरह चांदी की कीमत में भी आज 1,100 रुपये प्रति किलोग्राम की कमजोरी दर्ज की गई है। कीमत में गिरावट आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,00,960 रुपये से लेकर 1,01,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 92,540 रुपये से लेकर 92,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,17,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,01,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 92,690 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,00,960 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,01,010 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,590 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,00,960 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 92,540 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,00,960 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,01,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 92,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 92,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,01,110 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# दूसरे सबसे लंबे समय तक पद पर रहने का कीर्तिमान प्रधानमंत्री मोदी ने जनता के जनादेश से किया हासिल : भाजपा

एजेंसी

नई दिल्ली। नरेंद्र मोदी भारत के लगातार सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने वाले दूसरे प्रधानमंत्री बन गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री पद पर 4078 दिन पूरे कर लिए हैं। इसी के साथ उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के 4077 दिनों (24 जनवरी 1966 से 24 मार्च 1977) का रिकॉर्ड तोड़ा है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी निर्बाध कार्यकाल के साथ देश के दूसरे सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले प्रधानमंत्री बन गए हैं। जब पंडित जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी देश के प्रधानमंत्री बने, तो यह तत्कालीन परिस्थितियों का परिणाम था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने यह कीर्तिमान जनता के जनादेश से हासिल किया है। शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू के बाद सबसे लंबे समय तक



निरंतर प्रधानमंत्री के पद पर रहने का जन विश्वास, जन आशीर्वादऔर राष्ट्र की निष्ठा से युक्त इस कार्यकाल का रिकॉर्ड बनाने में जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र का योगदान रहा है, उससे हर भारतवासी हर्ष का अनुभव कर रहा है। एक तरफ पूर्व के जो दो प्रधानमंत्री हैं, उनके कार्यकाल में निरंकुशता के काले अध्याय रहे। दूसरी तरफ मोदी जी के कार्यालय में विकास के स्वर्णिम अध्याय रहे। नरेन्द्र मोदी जन समर्थन के द्वारा चुनकर आकर प्रधानमंत्री पद पर आसीन होने वाले प्रधानमंत्री हैं, जबकि जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी दोनों पहली बार प्रधानमंत्री जन समर्थन से नहीं, बल्कि परिस्थितियों की अपरिहार्यता या राजनीतिक दांवपेंच के बीच से बने। सुधांशु त्रिवेदी ने झारखंड सरकार के एक मंत्री अंसारी द्वारा दिए गए बयान को विद्वेषपूर्ण और अवमानना से भरा हुआ बताया। कंग्रेस पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि यह बयान एक बार फिर कंग्रेस की उसी घृणित मानसिकता को दर्शाता है। देश के सर्वोच्च पद पर बैठे हुए एक चाय बनाने वाले के बेटे के बचपन और उनकी पृष्ठभूमि को लेकर दिया गया ये बयान कंग्रेस की एक सुविचारित योजना का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि कंग्रेस और राहुल गांधी लगातार प्रधानमंत्री के बारे में अपमानजनक और अशोभनीय बातें करते रहे हैं। एक ओर चुनावी हार के बाद, राहुल गांधी अपनी हताशा जाहिर करते दिख रहे हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रोफ़ेसरों की श्रेणी पर सवाल उठाया है। अगर वह प्रोफ़ेसरों पर सवाल उठा रहे हैं, तो उन्हें कम से कम नियुक्ति की उचित प्रक्रिया तो पता होनी चाहिए। आज के कई प्रोफ़ेसर 15 साल पहले असिस्टेंट प्रोफ़ेसर थे। उन्होंने राहुल गांधी से सवाल पूछते हुए कहा कि 2004 से 2014 के बीच, उनकी सरकार के कार्यकाल में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्ग के कितने असिस्टेंट प्रोफ़ेसर नियुक्त किए गए?

# तमिलनाडु में बंगाल के चार प्रवासी मजदूरों पर हमला, भाषा के आधार पर प्रताड़ना का आरोप

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के चार प्रवासी मजदूरों ने तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले में स्थानीय लोगों द्वारा मारपीट किए जाने का आरोप लगाया है। पीड़ितों का कहना है कि बंगाली भाषा में बात करने को लेकर उन्हें अवैध बांग्लादेशी समझकर हमला किया गया। यह घटना 15 जुलाई को घटी थी और इस संबंध में 18 जुलाई को मुर्शिदाबाद में शिकायत दर्ज कराई गई है।

परिवार के लोगों ने शुक्रवार को बताया कि सुझन शेख, उनके भाई मिलन शेख और दो अन्य मजदूर साहिल शेख और बाबू शेख तीन सप्ताह पहले काम की तलाश में चेन्नई गए थे। चारों वहां एक निर्माण स्थल पर काम कर रहे थे।

सुझन शेख ने फोन पर बताया कि कुछ स्थानीय लोग आए, हमसे नाम और मूल स्थान पूछा। जब उन्होंने हमें बंगाली में बात करते सुना, तो लाठी और लोहे की रॉड से मारने लगे। बार-बार कह रहे थे कि हम बांग्लादेशी हैं। हमले में सुझन शेख के हाथ में फ्रैक्चर हो गया है और उन्हें सर्जरी करानी पड़ी। चारों मजदूरों को पहले



तिरुवल्लूर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनका यह भी आरोप है कि चेन्नई की स्थानीय पुलिस को पहले सूचित किया गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ितों ने बताया कि वे पिछले चार वर्षों से काम के लिए चेन्नई जाते रहे हैं, लेकिन इस तरह की घटना पहली बार हुई है। सुझन ने कहा कि हम अभी भी सदमे में हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि घटना से पहले उन्हें 11 दिन के काम का भुगतान भी नहीं किया गया। मुर्शिदाबाद पुलिस ने शिकायत मिलने की पुष्टि की है और बताया है कि वे तमिलनाडु पुलिस के संपर्क में हैं। यह घटना उस समय सामने आई है जब बंगाल में प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा को लेकर राजनीतिक बहस तेज हो रही है।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हाल ही में हरियाणा, राजस्थान और ओडिशा जैसे राज्यों में बंगालियों के साथ भेदभाव और प्रताड़ना का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि वैध दस्तावेज होने के बावजूद कई बंगालियों को परेशान किया जा रहा है या उन्हें बांग्लादेशी कहकर सीमा पार भेजा जा रहा है। हालांकि भाजपा ने मुख्यमंत्री के आरोपों को ''बेबुनियाद डर फैलाने'' वाला बताया था।

मालदा, उत्तर दिनाजपुर और मुर्शिदाबाद जैसे सीमावर्ती जिलों से हर साल बड़ी संख्या में मजदूर तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल जैसे दक्षिणी राज्यों में निर्माण, वस्त्र और आतिथ्य सेवाओं में काम करने जाते हैं।-

# पेज एक का शेष

## व्यवस्था ...

ने कहा कि ह्रहर उपभोक्ता को हर महीने सही समय पर स्पष्ट और सटीक बिल मिलना चाहिए। फॉल्स या ओवरबिलिंग जैसी शिकायतें जन विश्वास को तोड़ती हैं और विभाग की साख को नुकसान पहुंचाती हैं। यह किसी भी स्थिति में नहीं होना चाहिए। बिलिंग एफिशिएंसी बढ़ाई जाए। मुख्यमंत्री ने तकनीकी और वाणिज्यिक हानियों (लाइन लॉस) को चरणबद्ध रूप से नीचे लाने का लक्ष्य तय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर डिस्कॉम को अपने स्तर पर ठोस रणनीति बनाकर काम करना होगा। साथ ही, जहां आवश्यक हो, पारेषण व वितरण प्रणाली के आधुनिकीकरण की प्रक्रिया भी गति पकड़े।बिजली उत्पादन की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री को बताया गया कि राज्य की कुल उत्पादन क्षमता वर्तमान में 11,595 मेगावाट है, जिसमें थर्मल, जल विद्युत, नवीकरणीय और केंद्रीय योजनाओं की परियोजनाएं शामिल हैं। घाटमपुर और मेजा जैसी नई परियोजनाओं के पूरा होने के बाद यह क्षमता अगले दो वर्षों में 16,000 मेगावाट से अधिक हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने इन परियोजनाओं की सतत निगरानी और समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने को कहा।कृषि क्षेत्र को लेकर मुख्यमंत्री ने कृषि फीडरों के तेजी से पृथक्करण और किसानों को प्रधानमंत्री कुसुम योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी ट्यूबवेलों को सौर ऊर्जा से जोड़ने का कार्य प्राथमिकता पर होना चाहिए, ताकि किसानों को स्थायी राहत मिल सके और पारंपरिक बिजली पर निर्भरता कम हो।बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिजली व्यवस्था केवल ट्रांसफॉर्मर और वायरिंग नहीं, यह जन अपेक्षा और शासन की प्रतिबद्धता का दर्पण है। हमारा दायित्व है कि हर नागरिक को यह महसूस हो कि उसे बिना भेदभाव, पारदर्शी और समयबद्ध बिजली मिल रही है।

## जनता...

उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि हर व्यक्ति को न्याय दिलाया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए संकल्पित है।

मुख्यमंत्री ने अफसरों से कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी सहायता की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं अपने बच्चों के साथ पहुंचीं थीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन बच्चों को प्यार-दुलार करते हुए चॉकलेट और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

## योगी...

और नर्स को दिया गया आईसीयू प्रबंधन का प्रशिक्षण

इस पहल से पहले, कई ज़िला अस्पतालों के सामने एक आम चुनौती मौजूदा आईसीयू सुविधाओं का कम उपयोग थी। हालांकि इन अस्पतालों में अक्सर आईसीयू का भौतिक ढांचा मौजूद होता था लेकिन इन इकाइयों के प्रभावी संचालन और रखरखाव के लिए आवश्यक प्रशिक्षित विशेषज्ञों और पर्याप्त कुशल कर्मचारियों का अक्सर अभाव रहता था। इस कमी के कारण गंभीर रूप से बीमार मरीजों को अक्सर बड़े शहरों के अस्पतालों में रेफर करना पड़ता था। इस महत्वपूर्ण कमी को दूर करने के लिए योगी सरकार ने ज़िला अस्पतालों में डॉक्टरों व नर्स को प्रभावी आईसीयू प्रबंधन के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से सशक्त बनाने के उद्देश्य से व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया। इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का नेतृत्व महारानी लक्ष्मी बाई (एमएलबी) मेडिकल कॉलेज, झांसी के प्रोफ़ेसर अंशुल जैन ने किया, जो क्रिटिकल केयर मेडिसिन के प्रसिद्ध विशेषज्ञ हैं। यह कार्यक्रम केयर-अप पहल के तहत कार्यान्वित किया गया था। इसका अर्थ है आगामी आईसीयू पेशेवरों के लिए क्रिटिकल केयर एडवांसमेंट एंड रेडीनेस एन्हांसमेंट। इस सावधानीपूर्वक डिज़ाइन किए गए कार्यक्रम ने प्रदेश के ज़िला अस्पतालों के डॉक्टरों, नर्सों और लैब टेक्नीशियनों सहित स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के विविध समूह को गहन प्रशिक्षण प्रदान किया। पाठ्यक्रम में वेंटिलेटर प्रबंधन, रोगी निगरानी, संक्रमण नियंत्रण और आईसीयू देखभाल के अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं सहित कई आवश्यक विषय शामिल थे।

इन जिलों में मरीजों को दी जा रही आईसीयू की सुविधा

वर्तमान में राजधानी लखनऊ के कई अस्पतालों में पूरी तरह से चालू और सक्रिय आईसीयू मरीजों की सेवा कर रहे हैं। इनमें बलरामपुर अस्पताल, सिविल अस्पताल, रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल, लोकबंधु अस्पताल और राम सागर मिश्रा अस्पताल शामिल हैं, जो शहर के निवासियों को महत्वपूर्ण गहन देखभाल सेवाएं प्रदान करते हैं। इसके अलावा बाराबंकी, अयोध्या, सीतापुर, उन्नाव, कानपुर नगर, वाराणसी, प्रयागराज, अंबेडकर नगर, बलिया, आजमगढ़, मऊ, गोरखपुर और बस्ती के जिला अस्पतालों में भी आईसीयू प्रभावी ढंग से काम कर रहे हैं। इससे गहन देखभाल सेवाओं की पहुंच व्यापक भौगोलिक क्षेत्र तक बढ़ रही है। पश्चिमी में इटावा, बांदा, चित्रकूट, आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, बुलंदशहर, कन्नौज, झांसी, बरेली, मुरादाबाद, मेरठ, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर और शामली के जिला अस्पतालों में सक्रिय आईसीयू आवश्यक देखभाल प्रदान कर रहे हैं।

क्रिटिकल केयर यूनिट ने कम किया आर्थिक बोझ

प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिला अस्पताल के डॉक्टर, नर्स और पैरामेडिकल स्टाफ को वेंटीलेटर एवं अन्य आधुनिक चिकित्सा उपकरणों के उपयोग में पारंगत करने के लिए प्रशिक्षण इस मंशा से कराया गया कि इसका लाभ प्रदेश की जनता को मिले। यह मंशा अब कामयाब होती दिख रही है।

## प्रधानमंत्री...

के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी 26 जुलाई को रात 8 बजे तूतीकोरिन में आयोजित जनसभा में भाग लेंगे और कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। इनमें 450 करोड़ की लागत से निर्मित तूतीकोरिन हवाई अड्डे का नया टर्मिनल भवन शामिल है। इसकी प्रति वर्ष 20 लाख यात्रियों को संभालने की क्षमता होगी। यह टर्मिनल ऊर्जा दक्षता, जल पुनः उपयोग और हरित भवन मानकों के आधार पर डिजाइन किया गया है। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी दो प्रमुख राजमार्ग परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इनमें एनएच-36 के सेठियाथोपऽचोलापुरम खंड को 4-लेन बनाना तथा एनएच-138 के तूतीकोरिन बंदरगाह मार्ग को 6-लेन का बनाना है। इन परियोजनाओं से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी में बढ़ोतरी होगी और माल परिवहन लागत में कमी आएगी।

प्रधानमंत्री वीओ चिदंबरनार पोर्ट पर 285 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नॉर्थ कार्गो बर्थ-ऋऋका उद्घाटन भी करेंगे, जिससे सूखे थोक माल की ढुलाई की क्षमता बढ़ेगी। साथ ही, प्रधानमंत्री दक्षिणी तमिलनाडु में तीन प्रमुख रेलवे अवसंरचना परियोजनाओं को समर्पित करेंगे। इनमें मदुरै-बोदिनायक्कनूर रेल लाइन का विद्युतीकरण, नागरकोइल टाउन-कन्याकुमारी खंड का दोहरीकरण जैसी रेल परियोजनाएं भी समर्पित की जाएंगी। प्रधानमंत्री ऊर्जा क्षेत्र में कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र की इकाइयों से बिजली के वितरण के लिए 550 करोड़ रुपये की अंतरराज्यीय ट्रांसमिशन प्रणाली की आधारशिला रखेंगे।

## धर्मेंद्र...

केवल एक पड़ाव है, उस विशिष्ट यात्रा का जो प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले लगभग 24 वर्षों से राज्य और केंद्र, दोनों स्तरों पर लोकतांत्रिक नेतृत्व के रूप में तय की है।

मंत्री प्रधान ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने जनसेवा और राष्ट्र सर्वोपरि के मंत्र को जीवन में उतारते हुए राष्ट्र सेवा को अपना ध्येय बनाया है। उन्होंने अंत्योदय के सिद्धांत को अपने कार्यों में प्राथमिकता दी है, जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की पहुंच सुनिश्चित हो सकी है।'' उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी आज एक 'प्रधानसेवक' के रूप में न केवल जनहित और जनकल्याण के लिए सतत प्रयासरत हैं, बल्कि उनका नेतृत्व देशवासियों के विश्वास का प्रतीक बन चुका है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर उन्होंने प्रधानमंत्री को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और महाप्रभु जगन्नाथ से उनकी जनसेवा की यात्रा के सतत जारी रहने की प्रार्थना की।

## पुंछ...

समूह के दौरान बारूदी सुरंग में विस्फोट हुआ था। सैनिक के दाहिने पैर में चोट आई थी और उसे उपचार के लिए सैन्य अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। अधिकारियों का कहना है कि घुसपैठ रोधी बाधा प्रणाली के तहत अग्रिम क्षेत्रों में बारूदी सुरंगें बिछी होती हैं, जो कभी-कभी बारिश में बह जाती हैं, जिसके परिणामस्वरूप ऐसे हादसे होते हैं।

वहीं, कृष्णाघाटी में भी विस्फोट हुआ था। इलाके में संदिग्ध परिस्थितियों में बारूदी सुरंग विस्फोट हुआ था। नियंत्रण रेखा पर तैनात जवानों ने हल्की जवाबी गोलीबारी की थी।

## सावरकर...

में उन्होंने सावरकर पर उनकी कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर शुरू किए गए आपराधिक मानहानि मामले को रद्द करने के साथ.साथ निचली अदालत और उच्च न्यायालय के आदेशों सवाल किया है। श्री गांधी ने अधिवक्ता प्रसन्ना एस के माध्यम से दायर अपनी याचिका में दलील दी है कि शिकायत और निचली अदालत मजिस्ट्रेट का आदेश धारा 153 ए और 505 भारतीय दंड संहिता ;आईपीसीद्ध के तहत किसी भी अपराध का खुलासा नहीं करता है। याचिका में यह भी कहा गया है कि मजिस्ट्रेट का संज्ञान आदेश स्पष्ट रूप से त्रुटिपूर्ण है। यह शीर्ष न्यायालय द्वारा स्थापित कानून के विपरीत है। याचिका में दलील दी गई है कि उनकी ;राहुल गांधीद्ध टिप्पणियाँ एक राजनीतिक भाषण का हिस्सा थीं। इसका उद्देश्य किसी भी तरह से शत्रुता या घृणा फैलाना नहीं था।

याचिका में यह भी कहा गया है कि उनके खिलाफ अदालती कार्यवाही वास्तव में उनकी स्वतंत्रता को बाधित करने का एक प्रयास है। दूसरी ओरए उत्तर प्रदेश सरकार ने श्री गांधी पर लगाए गए आरोपों के संबंध जारी अदालती समन का समर्थन किया है। राज्य सरकार ने शीर्ष अदालत के समक्ष एक हलफनामा के जरिए अपना जवाब दाखिल किया है।

## नरेन्द्र मोदी...

27 देशों के सर्वोच्च सम्मान से भी सम्मानित किए गए हैं।

उन्होंने लिखा कि श्रावण मास में महादेव से प्रार्थना है कि वे हमारे प्रधानमंत्री को सदैव ऊर्जावान, करुणामयी और यशस्वी बनाए रखें, ताकि भारत निरंतर विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर होता रहे।

## राज्यसभा ...

सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की मांग करने वाले विपक्ष के स्थगन नोटिस अस्वीकार किए जाने के बाद कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। उपसभापति हरिवंश ने कहा कि उन्हें नियम 267 के तहत 28 नोटिस मिले हैं, जिनमें एसआईआर, अन्य राज्यों में बंगाली प्रवासी श्रमिकों के साथ कथित भेदभाव और भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की मांग की गयी है। दोपहर तक के स्थगन के बाद केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रश्नकाल के दौरान बोलने का प्रयास किया, लेकिन विपक्षी सदस्यों का विरोध जारी रहा। लगातार विरोध के कारण राज्यसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गयी।

## राजस्थान...

जाएगा और मामले की पूरी जांच कराई जाएगी। दिलावर घटना स्थल के लिए रवाना हो गए हैं। मनोहरथाना अस्पताल के डॉ. कौशल लोढ़ा के अनुसार अस्पताल में घायल बच्चों को लाया गया था, जिनमें से कई की हालत नाजुक थी।

दांगीपुरा थाना अधिकारी विजेंद्र सिंह के अनुसार हादसे के समय कक्षा में कुल 32 बच्चे मौजूद थे, जो मलबे में दब गए थे। एक शिक्षक को भी चोटें आई हैं, हालांकि उन्हें अस्पताल में भर्ती नहीं कराया गया है। चार बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि दो बच्चों की मृत्यु अकलेरा अस्पताल में इलाज के दौरान हुई। एक बालिका ने झालावाड़ जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया।

जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ ने कहा कि मलबे में दबे सभी बच्चों को निकाल लिया गया है। कुछ अस्पताल में हैं या उन्हें घर पहुंचा दिया है। इस तरीके के हादसे को रोकने के लिए हम दृढ़ संकल्प हैं। भविष्य में कोई हादसा नहीं हो हम कोशिश करेंगे। शिक्षा विभाग को हमारे निर्देश थे, कोई भी ऐसा स्कूल हो, जहां पर इस तरीके के हादसे होने की संभावना है, उन स्कूलों में छुट्टी कर दें।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और अशोक गहलोत समेत कई नेताओं ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे पर दुख जताते हुए एक्स पोस्ट में लिखा कि घायलों की हरसंभव मदद की जा रही है।

धर्मेन्द्र प्रधान ने लिखा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से बात कर बचाव कार्यों का जायजा लिया। राहत और बचाव कार्य जारी है एवं घायल बच्चों के उपचार के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि स्कूल भवन लंबे समय से जर्जर स्थिति में था और इसकी मरम्मत के लिए कई बार शिकायतें की गई थीं, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। हादसे के समय दोनों शिक्षक स्कूल भवन के बाहर थे। बारिश के दौरान कक्षा की छत गिरने से मलबे में दबे बच्चों को तुरंत बाहर निकालने का कार्य शुरू किया गया। राहत एवं बचाव कार्य के लिए प्रशासनिक टीमें मौके पर पहुंच गई थी।

## हिमाचल ...

22, चंबा में 17, कुल्लू में 15, शिमला और ऊना में 11-11, हमीरपुर और सोलन में 10-10, किन्नौर में 9, बिलासपुर में 8, लाहौल-स्पीति में 5 और सिरमौर में 4 लोगों की मौत हुई है।

प्रदेश में अब तक 1,291 मकानों को नुकसान पहुंचा है, जिनमें से 414 घर पूरी तरह ढह गए हैं। सबसे ज्यादा मंडी जिले में 978 मकानों को नुकसान हुआ, जिनमें 375 घर पूरी तरह गिर गए। मौजूदा मानसून सीजन में 21,500 पोल्ट्री पक्षियों और 1,376 पशुओं की भी मौत दर्ज की गई है।

अब तक की सरकारी रिपोर्ट के मुताबिक, हिमाचल को इस मानसून में करीब 1,436 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। इसमें सबसे ज्यादा नुकसान लोक निर्माण विभाग को 700 करोड़ रुपये और जलशक्ति विभाग को 494 करोड़ रुपये का हुआ है।

भारी बारिश और बादल फटने की घटनाओं के चलते प्रदेश के कई क्षेत्रों में जनजीवन पटरी पर नहीं लौट पाया है। शुक्रवार शाम तक राज्य में एक नेशनल हाईवे समेत 221 सड़कें अभी भी बंद हैं। मंडी जिले में एनएच-70 मंडी-कोटली मार्ग सहित कुल 144 सड़कें बंद हैं। कुल्लू जिले में 48 सड़कें अवरुद्ध हैं। इसके अलावा प्रदेश में 56 बिजली के ट्रांसफार्मर और 139 पेयजल योजनाएं भी बाधित हैं। अकेले मंडी जिले में 30 ट्रांसफार्मर और 78 पेयजल योजनाओं पर असर पड़ा है, जबकि कांगड़ा जिले के धर्मशाला और नूरपुर उपमंडलों में 68 पेयजल योजनाएं ठप पड़ी हैं।

बीते 24 घंटों में सिरमौर जिले के जतौन बैरेज में सबसे ज्यादा 54 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। पांवटा साहिब में 41, कुफरी और सुंदरनगर में 23-23, पच्छाद में 19, धौलाकुआं में 18, पंडोह में 14, शिमला में 13 और सोलन में 9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है।

## ऑपरेशन सिंदूर ...

विकास से प्रेरित एक अभूतपूर्व गति देख रहे हैं। युद्ध का यह रूप गतिज और गैर-गतिज साधनों का सम्मिश्रण करता है, पहली और दूसरी पीढ़ी के युद्ध के तत्वों को तीसरी पीढ़ी के युद्ध के साथ जोड़ता है। यह सामरिक, परिचालन और रणनीतिक क्षेत्रों का एकीकरण है।

सीडीएस चौहान ने कहा कि पाकिस्तान और पीओके में आतंकी संगठनों के खिलाफ भारत का सैन्य अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' जारी है और सेनाएं दूसरी तरफ से किसी भी दुस्साहस का जवाब देने के लिए चौबीसों घंटे तैयार हैं। उन्होंने कहा कि जैसा कि मैंने पहले कहा था कि युद्ध में कोई दूसरा नहीं होता है और ऑपरेशन सिंदूर का उदाहरण देते हुए कहा कि हमारी तैयारी का स्तर बहुत ऊंचा होना चाहिए। जनरल अनिल चौहान ने कहा कि तकनीक उन्नत हो गई है, इसलिए आज युद्ध के सभी तीनों स्तरों सामरिक, परिचालनात्मक और रणनीतिक में महारत हासिल करने की आवश्यकता है। सीडीएस चौहान ने कहा कि आज हम उस मोड़ पर खड़े हैं, जिसे 'सैन्य युद्ध में तीसरी क्रांति' कहा जा सकता है।

## भारत ...

भारत की रक्षा क्षमता को बढ़ावा मिलेगा।

डीआरडीओ ने यूएलएम-ईआर का एक मॉडल 10 से 14 फरवरी तक बेंगलुरु में आयोजित एयरो इंडिया 2025 में प्रदर्शित किया था। यूएलपीजीएम-वी3 एक विस्तारित-रेंज संस्करण है, जिसे हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइल भी कहा जाता है। यह डीआरडीओ की यूएवी-लॉन्च्ड प्रिसिजन गाइडेड म्यूनिशन (यूएलपीजीएम) हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइल का विस्तारित रेंज वाला संस्करण है, जिसमें दिन और रात दोनों ऑपरेशनों के लिए इमेजिंग इंफ्रारेड (आईआर) सीकर के साथ निष्क्रिय होमिंग की सुविधा है।

कुरनूल स्थित राष्ट्रीय मुक्त क्षेत्र रेंज (एनओएआर) परीक्षण रेंज में यूएवी-लॉन्च्ड प्रिसिजन गाइडेड मिसाइल का परीक्षण पूरी तरह सफल रहा है। यह फायर-एंड-फॉरगेट मिसाइल प्लेटफार्म 12.5 किलोग्राम का है, जो छोटे दोहरे जोर वाले ठोस प्रणोदन इकाई से संचालित है। यह दिन में 4 किमी. और रात में 2.5 किमी. की अधिकतम सीमा हासिल कर सकती है। कई वारहेड विकल्पों के साथ इस युद्ध सामग्री को विभिन्न स्थिर और गतिशील लक्ष्यों को निशाना बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।

अडानी और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) यूएलपीजीएम परियोजना के लिए प्रमुख विनिर्माण साझेदार हैं, जबकि डीआरडीओ युद्ध सामग्री के विकास और परीक्षण के लिए जिम्मेदार है। यूएलपीजीएम को तीन श्रेणियों यूएलपीजीएम वी1 (बेसलाइन), यूएलपीजीएम वी2 और यूएलपीजीएम वी3 में विकसित किया गया है। वी1, वी2 और वी3 के बीच प्राथमिक अंतर मार्गदर्शन प्रणालियों, प्रदर्शन और रेंज में अंतर हैं। इनमें दिन और रात के ऑपरेशनों के लिए इमेजिंग इंफ्रारेड (आईआर) सीकर के साथ निष्क्रिय होमिंग की सुविधा है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ और उद्योग भागीदारों को बधाई सेते हुए कहा कि इससे भारत की रक्षा क्षमताओं को एक बड़ा बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि यूएलपीजीएम-वी3 प्रणाली के विकास और सफल परीक्षणों के लिए डीआरडीओ और उद्योग भागीदारों, डीसीपीपी, एमएसएमई और स्टार्ट-अप्स को बधाई। यह सफलता साबित करती है कि भारतीय उद्योग अब महत्वपूर्ण रक्षा तकनीकों को अपनाने और उनका उत्पादन करने के लिए तैयार है।

## सेना ...

बढ़ेगी और आत्मनिर्भर? भारत के दृष्टिकोण को बल मिलेगा।यह वायु रक्षा रेजिमेंटों के आधुनिकीकरण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा और भारतीय सेना की परिचालन तत्परता को बढ़ाएगा, साथ ही राष्ट्र के आर्थिक विकास में भी योगदान देगा। यह खरीद, कंपोनेंट के विनिर्माण और कच्चे माल की आपूर्ति के माध्यम से भारतीय एमएसएमई को प्रोत्साहित करके स्वदेशी रक्षा उद्योगों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## एसआईआर...

पिछड़े वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति और महिलाओं को वोट का अधिकार देने के लिए तैयार नहीं है। अब भारतीय जनता पार्टी वोटर लिस्ट को बदलकर लोगों का वोटो का अधिकार छीनना चाहती है।

कंग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री पर देशवासियों से झूठे वादे करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि युवाओं को 2 करोड़ नौकरी, विदेश से काला धन लाने, किसानों को एमएसपी देने और पिछड़ों की आमदनी बढ़ाने से जुड़े उन्होंने झूठे वादे किए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने दलितों पिछड़ों और अनुसूचित जाति तथा महिलाओं के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के दावे को भी दोहराया और कहा कि प्रधानमंत्री इस पर जवाब नहीं दे रहे हैं। वहीं कंग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने कहा कि पार्टी ने सामाजिक न्याय की ऐतिहासिक लड़ाई लड़ी है। राहुल गांधी ने मांग रखी कि पिछड़े वर्ग के लोगों की पहचान और गिनती हो। कंग्रेस के दबाव के कारण सरकार ने मजबूर होकर जातिगत जनगणना कराने का फैसला लिया। जातिगत जनगणना कराने को लेकर हमारा उद्देश्य है कि लोगों को पता चले कि देश में उनकी कितनी भागीदारी है।

# हंगामें की भेंट चढ़ा बिहार विधानमंडल का मानसून सत्र

## दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार विधानमंडल (विधानसभा-विधानपरिषद) के मानसून सत्र का आखिरी दिन भी हंगामें की भेंट चढ़ गया। पांच दिन चले छोटे सत्र के आखिरी दिन भी जमकर हंगामा हुआ, जिसकी वजह से दोनों सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। इस छोटे सत्र में नीतीश सरकार ने अनुपूरक बजट और श्रम विभाग से संबंधित चार महत्वपूर्ण विधेयकों सहित कुल 13 विधेयक पास किया। बिहार विधानसभा में शुक्रवार को प्रथम पाली में विपक्ष के हंगामे की वजह से कार्यावाही शुरू होते ही स्थगित कर दी गयी। 2 बजे के बाद फिर से सदन शुरू हुआ। लेकिन हंगामे के कारण इसे अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित कर दिया गया। बिहार विधान परिषद की कार्यवाही भी हंगामे के कारण अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गयी। मानसून सत्र के आखिरी दिन मतदाता विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य के विरोध में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) विधायक काले कपड़े पहनकर विधानसभा पहुंचे। दूसरी, ओर जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने राजद पर सदन में जंगलराज लाने का आरोप लगाया और हेलमेट लगाकर विधानसभा आए। विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी विधायक वेल में उतरकर हंगामा करने लगे। हंगामे के बाद अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। विधान परिषद में भी सदन शुरू होते ही हंगामा हुआ और कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। द्वितीय पाली में भी हंगामा होता देख विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया। इसी तरह विधान परिषद में भी लगातार हंगामा होता रहा, जिससे सदन चलाने में कठिनाई होने पर सभापति अवधेश नारायण सिंह ने कार्यवाही को अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित कर दिया। बिहार विधानमंडल में आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विपक्ष पर जमकर बरसे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने बहुत काम किया है और इसका लोगों को कितना (बहुत) फायदा हो रहा है। उन्होंने आश्चर्य जताया कि विपक्ष कभी काला कपड़ा पहन कर एक साथ नहीं आता था। लेकिन इस बार ये (विपक्षी) लोग लगातार इस सत्र में काला कपड़ा पहनकर आए हैं। उन्होंने कहा कि पहले कभी ऐसा नहीं हुआ। पहले एक या दो दिन ही सदन में हंगामा होता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने कितना काम किया है। लोगों को लाभ हो रहा है।। विधानसभा से परिषद तक सब अनाप-शनाप कर रहे हैं।

# पीएम विकसित भारत रोजगार योजना एक अगस्त से होगी लागू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। रोजगार संबद्ध प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना 1 अगस्त, 2025 से ''पीएम विकसीत भारत रोजगर योजना (पीएम-वीबीआरआई)'' के रूप में लागू होगी। यह नाम विकसित भारत पहल के प्रति योजना के समग्र उद्देश्यों के साथ संरेखण में है। केंद्रीय कैबिनेट ने रोजगार लिंक्ड इंसेंटिव (ईएलआई) स्कीम को पहले ही मंजूरी दे दी है। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस योजना को अपनी स्वीकृति दी थी। मंत्रालय के मुताबिक 99,446 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली पीएमवीबीआरवाई का लक्ष्य 2 साल की अवधि में इस योजना के तहत देश में 3.5 करोड़ से अधिक रोजगारों के सृजन को प्रोत्साहित करना है। इसका लाभ 1 अगस्त, 2025 से 31 जुलाई, 2027 के बीच सृजित रोजगारों पर लागू होगा। योजना के तहत इनमें से 1.92 करोड़ लाभार्थी पहली बार कार्यबल में शामिल होंगे। मंत्रालय के मुताबिक नियोक्ताओं को नए रोजगार सृजन के लिए प्रोत्साहित करने वाली इस योजना का उद्देश्य विनिर्माण सेक्टर पर विशेष ध्यान देते हुए विभिन्न सेक्टरों में नए रोजगार सृजन के लिए लाभ प्रदान करना है। यह रोजगार-आधारित विकास के माध्यम से आर्थिक विकास को गति देने की भारत की कार्यनीति का एक अहम हिस्सा है। इस योजना में दो भाग हैं, भाग ए पहली बार रोजगार पाने वालों पर केंद्रित है तथा भाग बी नियोक्ताओं पर केंद्रित हैः- पहली बार रोजगार प्राप्त करने वाले कर्मचारियों के लिए प्रोत्साहन भाग 'ए':- कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में पहली बार पंजीकृत कर्मचारियों को लक्षित करते हुए इस भाग में एक महीने का ईपीएफ वेतन, अधिकतम 15,000 रुपये दो किश्तों में दिया जाएगा। 1 लाख रुपये तक के वेतन वाले कर्मचारी इसके पात्र होंगे। पहली किश्त 6 महीने की सेवा के बाद और दूसरी किश्त 12 महीने की सेवा और कर्मचारी द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम पूरा करने के बाद देय होगी। बचत की आदत को प्रोत्साहित करने के लिए प्रोत्साहन राशि का एक हिस्सा एक निश्चित अवधि के लिए बचत साधन या जमा खाते में रखा जाएगा और कर्मचारी बाद में इसे निकाल सकेगा। नियोक्ताओं को सहायता भाग 'बी' :- यह भाग सभी सेक्टरों में अतिरिक्त रोजगार सृजन को कवर करेगा, जिसमें विनिर्माण सेक्टर पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। नियोक्ताओं को एक लाख रुपये तक के वेतन वाले कर्मचारियों के लिए प्रोत्साहन राशि मिलेगी। सरकार कम से कम छह महीने तक निरंतर रोजगार वाले प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी के लिए दो वर्षों तक नियोक्ताओं को 3000 रुपये प्रति माह तक का प्रोत्साहन देगी। विनिर्माण सेक्टर के लिए प्रोत्साहन राशि को तीसरे और चौथे वर्ष तक भी बढ़ाया जाएगा।

# मोदी भारत को फिर बनाएंगे विश्व गुरु: सीएम धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भारत के इतिहास में प्रधानमंत्री के रूप में दूसरा सबसे लम्बा कार्यकाल पूर्ण करने पर प्रदेशवासियों की ओर से शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। विश्व में भारत की अलग पहचान स्थापित हो रही है। उनके नेतृत्व में अंत्योदय के सिद्धांत पर समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक विकास की धारा पहुंचाने का काम हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री मोदी भारत को पुनः विश्व गुरु के रुप में स्थापित करने के लिए निरंतर परिश्रम कर रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को नए भारत का निर्माता बताते हुए कहा कि भारत हर क्षेत्र में नवाचार के माध्यम से आगे बढ़ रहा है। साइंस एवं टेक्नोलॉजी, इनोवेशन के क्षेत्र में अनेक कार्य हो रहे हैं और कई नये ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को देश और दुनिया के सामने रखा है। प्रत्येक भारतवासी के लिए सौभाग्य की बात है कि उनका नेतृत्व हम सभी को प्रदान हो रहा है। मुख्यमंत्री ने भगवान बद्री विशाल और बाबा केदार से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वस्थ जीवन और दीर्घायु की कामना की है।

# मुख्य सचिव ने बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के अंतर्गत डिजिटल नवाचारों का किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी (बीपीएसएएस) के तत्वावधान में शुक्रवार को राज्य सरकार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने नागरिक सेवा वितरण को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और डिजिटल बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण योजनाओं, पोर्टल एवं मोबाइल ऐप्स का शुभारंभ किया। कार्यक्रम सचिवालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित किया गया। मुख्य सचिव अमृत लाल मीना ने इस अवसर पर कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग और बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी द्वारा तकनीकी उन्नयन और समय की मांग को ध्यान में रखते हुए किए गए इन नवाचारों के माध्यम से ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल हुई हैं। उन्होंने इन पहलों को सुशासन की दिशा में मील का पत्थर बताया। मौके पर विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत ने कहा कि यह योजना संविदा कर्मियों के लिए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक अत्यंत लाभकारी कदम है। साथ ही, तकनीक आधारित यह प्लेटफॉर्म पारदर्शिता और सुशासन को मजबूत करेगा। इन सभी पहलों का उद्देश्य बिहार में सुशासन, सेवा पारदर्शिता और कर्मचारी कल्याण को नई दिशा देना है। डिजिटल नवाचारों के माध्यम से न केवल नागरिकों को सरकारी सेवाओं की निर्बाध पहुंच मिल सकेगी, बल्कि राज्य सरकार के संविदा कर्मियों को भी सामाजिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधा का भरोसा प्राप्त होगा। यह कार्यक्रम बिहार में प्रशासनिक सुधारों की दिशा में एक सशक्त कदम सिद्ध होगा। इसका द्देश्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाना, नागरिकों की सेवा तक पहुंच को सुगम करना और संविदा कर्मियों के लिए सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित करना भी है। कार्यक्रम के दौरान बिहार मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (एचआरएमएस) का एंड्रॉइड मोबाइल ऐप भी लॉन्च किया गया, जो अब गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त एचआरएमएस प्रणाली के दूसरे चरण के मॉड्यूल का भी जीयो-लाइव किया गया, जिसमें कर्मचारी स्वयं सेवा, अनुशासनात्मक कार्रवाई, वेतन प्रबंधन, पेंशन और बीमा, प्रशिक्षण, स्थानांतरण, पदोन्नति, प्रदर्शन मूल्यांकन और सेवा समाप्ति जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को डिजिटाइज़ किया गया है। इस दौरान संविदा कर्मियों के लिए समूह स्वास्थ्य बीमा योजना की शुरुआत भी की गयी है। इसके लिए बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी और एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के बीच एक त्रैवार्षिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

## तीन हथियार तस्कर गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली को गैंगवॉर और अवैध हथियारों से मुक्त करने के लिए द्वारका पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'नो गन, नो गैंग' अभियान के तहत द्वारका जिला पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। द्वारका जिले के जाफरपुर कालां पुलिस टीम ने एक पिकेट के दौरान 3 शातिर हथियार तस्करों को दबोच लिया है। द्वारका जिले के डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार पकड़े गए आरोपितों की पहचान बवाना निवासी दिनेश कुमार मान (42), पानीपत हरियाणा निवासी देवेंद्र उर्फ शूटर (40) और गांव मित्राऊ नजफगढ़ निवासी नवीन खाती (50) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से एक पिस्टल, तीन देशी कट्टे और 25 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपितों में से एक देवेंद्र उर्फ शूटर पर हत्या और आर्म्स एक्ट के तहत पहले से 13 मुकदमे दर्ज हैं। जबकि दूसरा आरोपित दिनेश मान पर भी हत्या का मामला चल रहा है। डीसीपी के मुताबिक 17 जुलाई रात करीब 10:25 बजे सुरहेड़ा मोड़ मुख्य ढांसा रोड पर जांच के दौरान एक आई-20 कार को रोकने की कोशिश की गई।

## लघु उद्योग भारती उद्यमिता सम्मान से सम्मानित हुए युवा उद्यमी राहुल कुमार झा

सहरसा। लघु उद्योग भारती बिहार द्वारा उद्यमिता सम्मान समारोह सह उद्यमी सम्मेलन पटना स्थित बाबू जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीती शोध पटना मे आयोजित किया गया।इस समारोह में पुरे बिहार के विभिन्न जिले से एक एक उद्यमी का चयन किया गया। जिसमे सहरसा जिला मे फोक्सी इंडस्ट्रिज जो मसाला के कार्य मे काम कर रहे है का चयन किया गया था। इस कार्यक्रम में फोक्सी के राहुल झा को सम्मान हेतु आमंत्रित किया गया था, जिसे उद्योग मंत्री बिहार सरकार नीतीश मिश्रा द्वारा सम्मानित किया गया।साथ ही युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सफल उद्यमी बनाने को लेकर प्रोत्साहित किया गया। उन्होने बिहार सरकार के द्वारा बेरोजगारी दूर करने के लिए किये जा रहे अनेक कल्याणकारी योजना की जानकारी देते हुए कहा कि आज का युवा खेलकुद, कृषि, कौशल विकास, मवेशी पालन, डेयरी फार्म, वृक्षारोपण एवं स्वरोजगार ऋण लेकर आत्मनिर्भर बन सकते है।

# पानी के लिए हाहाकार के बीच नगर परिषद कर रहा पानी की बर्बादी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूर्वी चंपारण। बिहार में पूर्वी चंपारण में आषाढ के बाद सावन महीने में भी बारिश नहीं होने से जिले में लगातार भूजल स्तर गिरता जा रहा है। नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र रक्सौल अनुमंडल में तो स्थिति काफी भयावह है,भू-जल स्तर गिरने से लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं। इसी बीच रक्सौल नगर परिषद की लापरवाही की तस्वीर सामने आई है। जहां वार्ड संख्या-10 में हजारों लीटर पीने प्रतिदिन बर्बाद हो रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि नप द्वारा लगाए गए समरसेवल को नियमित रूप से चलाकर छोड़ दिया जाता है, जिससे लगातार पानी नालियो में बह रहा है। आश्रम रोड के निवासियों का कहना है कि अगर इस समरसेवल से पाइपलाइन के जरिए गली-मोहल्लों तक पानी पहुंचाया जाता, तो क्षेत्रवासियों को पानी की इतनी किल्लत नहीं झेलनी पड़ती। नागरिकों का आरोप है कि समरसेवल के कारण भू-जल स्तर नीचे चला गया है, जिससे अब रात में मोटर से पानी आना भी बंद हो गया है। वार्ड संख्या-10 के निवासी राहुल ने बताया कि समरसेवल से दिनभर पानी निकालने से अन्य लोगों के नलकूप व मोटर प्रभावित हो गए हैं। उन्होंने कहा कि नगर परिषद की यह लापरवाही आश्रम रोड व आसपास के लोगों को और अधिक परेशान कर रही है। एक ओर जहां नगर परिषद जल संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान चला रही है, वहीं खुद उसके कर्मचारी पानी की बर्बादी कर लोगों को जल संकट से जुझने को विवश कर रहे है।लोगो ने बताया कि अगर समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो स्थिति और भयावह हो सकती है।

# पंजाब पुलिस ने 15 किलो हेरोइन के साथ ड्रग तस्कर को पकड़ा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब की फिरोजपुर पुलिस ने सीमा पार से हो रही ड्रग तस्करी के माड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए एक व्यक्ति को 15 किलो हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है।


पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि फिरोजपुर जिला पुलिस ने थाना घल खुर्द के एरिया से ड्रग तस्कर रमेश कुमार उर्फ मेछी को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 15 किलो हेरोइन बरामद की है। डीजीपी ने बताया कि आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज करके उसके पुराने लिंक को खंगाल जा रहा है, क्योंकि उसके सीमा पार तस्करों के साथ संबंध होने की आंशका है। गिरफ्तार किया गया आरोपित पंजाब व अन्य स्थानों पर ड्रग्स सप्लाई के नेटवर्क का अहम किरदार हो सकता है।

# ग्रामीण सड़कों पर सरकार का बड़ा दांव 24,480 किमी सड़कों को मिली मंजूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार में ग्रामीण संपर्क और आधारभूत संरचना को मजबूती देने के लिए नीतीश सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाया है। ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में जानकारी दी कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 14,036 पथों की स्वीकृति दी गई है, जिनकी कुल लंबाई 24,480 किलोमीटर है। साथ ही 2025-26 में अब तक 4,079 पथों (6,484 किमी) की स्वीकृति भी मिल चुकी है।

मंत्री चौधरी ने कहा कि विभाग की ओर से एक नई कार्य कुशल और पारदर्शी व्यवस्था लागू की गई है। इससे न केवल काम की गुणवत्ता बढ़ी है, बल्कि सरकारी खजाने को भी लाभ हुआ है। अब तक करीब 800 करोड़ रुपये की बचत सरकार ने की है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से कोई ग्लोबल टेंडर आमंत्रित नहीं किया गया है, बल्कि नेशनल विडिंग के तहत टेंडर निकाले गए हैं। ताकि इससे राज्य और देश के छोटे ठेकेदारों को मौका मिले। उन्होंने कहा, 'कुछ लोग भ्रम फैला रहे हैं कि बड़े-बड़े पैकेज बनाए गए हैं और छोटे ठेकेदारों को मौका नहीं मिलेगा, जबकि हकीकत ये है कि छोटे-छोटे पैकेज बनाए गए हैं। ताकि प्रखंड और अनुमंडल स्तर तक के ठेकेदारों को लाभ मिले। अशोक चौधरी ने कहा कि ग्रामीण सड़कों की गुणवत्ता और स्थायित्व बनाए रखने के लिए सरकार ने मेंटेनेंस पॉलिसी को प्रभावी रूप से लागू किया है। अब तक 18,000 सड़कों को इस पॉलिसी से जोड़ा है। पिछले दो महीनों में 464 पैकेज का कार्य आवंटन किया गया है। इस पैकेज के तहत सात साल तक इन सड़कों का नियमित रख-रखाव सुनिश्चित किया जाएगा। इससे लंबी अवधि तक इन



ठेकेदारों की उपयोगिता बनी रहेगी साथ ही सड़कों का सही रख रखाव भी संभव हो सकेगा। एक और अहम घोषणा करते हुए मंत्री ने बताया कि 9 साल बाद मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना की दोबारा शुरुआत की गई है। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे-बड़े पुलों और पुलियों का निर्माण तेजी से किया जाएगा। इससे आवागमन में सहूलियत होगी और सड़कों की गुणवत्ता भी ठीक रहेगी। मंत्री चौधरी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता यह रही है कि 100 से अधिक आबादी वाले हर टोले को पक्की सड़क से जोड़ा जाए। मंत्री ने बताया कि, अब तक 5003 टोलों को जोड़ते हुए 6,538 किलोमीटर लंबी सड़कों को स्वीकृति दी जा चुकी है। सरकार 1,200 किलोमीटर अतिरिक्त पथ की स्वीकृति की दिशा में तेजी से कार्रवाई चल रही है। मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि ठेकेदार गलत कागजात या ब्लैकलिस्टेड कंपनियों के नाम पर टेंडर लेने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे मामलों को चिन्हित कर विभागीय कार्रवाई की जा रही है। इस तरह के ठेकेदारों पर सरकार सख्त है। ऐसा करने वालों पर जल्द ही एफआईआर की जाएगी। अब तक केवल 2-3 झारखंड के ठेकेदार और 2 उत्तर प्रदेश से आए हैं। इससे स्पष्ट है कि स्थानीय और क्षेत्रीय ठेकेदारों को पर्याप्त अवसर मिल रहे हैं।

## ड्रग्स तस्करी के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की उत्तर रेंज-II की टीम ने ड्रग्स तस्करी के मामले में वांछित अपराधी विजय उर्फ फौजी उर्फ सोनू को रोहतक (हरियाणा) से गिरफ्तार किया है। यह अपराधी वर्ष 2021 में दिल्ली-एनसीआर में गांजा तस्करी के एक संगठित गैंग का हिस्सा था और लगातार गिरफ्तारी से बच रहा था। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा के अनुसार विजय को वर्ष 2023 में अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित किया गया था। डीसीपी के अनुसार दो सप्ताह पूर्व क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर अशोक कुमार को गुप्त सूचना मिली कि विजय उर्फ फौजी वर्तमान में गांव भलौत, रोहतक (हरियाणा) के पन्ना नवादा इलाके में छिपकर रह रहा है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपित की तलाश के लिए तकनीकी निगरानी शुरू की गई। लगातार प्रयासों और निगरानी के बाद आरोपित की मौजूदगी की पुष्टि हुई और टीम ने उसे गांव भलौत, रोहतक से गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने कबूला कि वह 16-17 सितंबर 2021 की रात आंध्र प्रदेश से दिल्ली गांजा तस्करी के लिए आया था। वे दो वाहनों में कुल 5-6 लोग थे। एक स्कॉर्पियो में गांजा था और दूसरी आई-20 कार स्कॉर्पियो को सुरक्षित मार्ग दिखा रही थी। द्वारका के पास पुलिस ने उन्हें रोका।







चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063